सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-186 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 15 दिसम्बर 2023
29 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# संसद में हंगामाः 14 सांसद सस्पेंड

## आठ सुरक्षाकर्मियों पर गिरी गाज, निलंबन के बावजूद सदन पहुंचे डेरेक

- हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित
- पीयूष गोयल ने पेश किया था प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा में फिर सेंध लगने के अगले दिन संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने खूब हंगामा काटा। विपक्ष के 14 सांसदों को सत्र के बाकी बचे दिनों तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।

लोकसभा सचिवालय ने सुरक्षा में चूक को लेकर 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इस बीच गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर आतंकवादरोधी कानून यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। छठे आरोपी और संसद कांड का मास्टरमाइंड बताया जा रहा ललित झा अभी फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में से एक नीलम के पक्ष में हरियाणा के जींद में गुरुवार को महापंचायत भी कई गई। राज्यसभा से डेरेक ओ ब्रायन को निलंबित करने का प्रस्ताव भाजपा की तरफ से सासंद पीयूष गोयल ने पेश किया।

बताया गया है कि संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर ब्रायन प्रदर्शन करते हुए सभापति के पास वेल तक पहुंच गए थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और सदन की कार्यवाही को स्थगित करने की कोशिश की। इसी के बाद टीएमसी सांसद को निलंबित करने का प्रस्ताव सदन में लाया गया। इसके बाद धनखड़ ने घोषणा की, ''डेरेक ओब्रायन इस सत्र की शेष अवधि के लिए निर्लंबित किए जाते हैं। डेरेक ओ ब्रायन तुरंत सदन से बाहर चले जाएं।'' इस घोषणा के बाद विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'डेरेक का निलंबन नहीं सहेंगे' जैसे नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति ने प्रश्नकाल आरंभ करने की कोशिश की। हालांकि विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी जारी रही। लिहाजा, सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 05 मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### पीएम ने की मंत्रियों के साथ बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए गुरुवार सुबह शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक में भाग लिया। इस बीच, सरकार ने संभावित खामियों की जांच के लिए एक पैनल का गठन किया। आपको बता दें कि बुधवार को दो लोगों ने लोकसभा में घुसपैठ कर दिया था। इसे संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक मानी गई। सरकार ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन की घटना की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है और विपक्ष से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने को कहा।

# महिला आयोग कहां हैः हाईकोर्ट

- पीड़िता की नग्न परेड पर हाईकोर्ट हुआ सख्त



**बंगलूरू।** महिला को नग्न घुमाए जाने के मामले पर कर्नाटक हाई कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की। अदालत ने पूछा, क्या हम 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं? इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना बेलगावी जिले की है।

एक गांव में महिला को नग्न घुमाए जाने की घटना को असाधारण बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, कानून इस मामले में कोई नरमी नहीं दिखाएगा। गौरतलब है कि बीते 12 दिसंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने समाचार के आधार पर घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, एक खतरनाक मिसाल कायम की जा रही है कि कानून का कोई डर नहीं है। कोर्ट ने कहा, ऐसी घटनाओं से खतरनाक संदेश भेजा जा रहा है कि कानून का कोई डर बाकी नहीं है। अगर प्रगतिशील राज्य कर्नाटक में आजादी के बाद ऐसी घटनाएं होती हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं होना बहुत परेशान करने वाला है। घटना पर गंभीर आपत्ति जताते हुए हाई कोर्ट ने कहा, यह हम सभी को शर्मसार करने वाला है। हम आजादी के 75 साल बाद ऐसी घटनाओं की उम्मीद नहीं कर सकते।

> हाईकोर्ट की खंडपीठ घटना से कितनी नाराज है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बेलगावी के पुलिस आयुक्त को पेश होने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने अपने फरमान में कहा, कमिश्नर के साथ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) 18 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहें। हाईकोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले पर अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

# सात दिन की रिमाण्ड पर भेजे गये आरोपी



**नई दिल्ली।** अदालत ने गुरुवार को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चारों आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। स्पेशल सेल ने आरोपियों की 15 दिन की रिमांड मांगी थी। पटियाला हाउस कोर्ट के एनआईए मामलों के विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष चारों आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे और नीलम देवी को पेश किया गया। दिल्ली पुलिस की और से पेश अतुल श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि सभी पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अलावा आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने सभी की 15 दिनों की हिरासत मांगते हुए कहा कि अगर जांच पहले पूरी हो गई तो उन्हें पहले ही अदालत में पेश कर दिया जाएगा। अदालत ने सभी को देर शाम पेश करने पर सवाल उठाया तो उन्होंने कहा पूछताछ व अन्य कारणों से देरी हुई है और इसके लिए उन्होंने अदालत से माफी मांगी।

# पीएम ने बदल दी देश की तस्वीरः योगी

- जनता की खुशहाली से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र
- लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाभी व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये




**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता की खुशहाली से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और वहां हो रहे ऑन दि स्पॉट रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी ली। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, मिलता था तो केवल चूरन। योजनाओं में भ्रष्टाचार और बंदरबांट होता था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म कर दिया। यही मोदी की गारंटी है और इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश की हर ग्राम सभा में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीवासियों का सौभाग्य है कि उन्होंने 2014 में एक ऐसी विभूति को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर देश की संसद में भेजा जो आज देश के प्रधानमंत्री भी हैं और वैश्विक दुनिया को मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। ये काशी मोदी जी के संकल्पों की काशी है, जहां नये कलेवर में घाट और मंदिरों के सुंदरीकरण का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य यही है कि जो सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं वो अपने अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अभिव्यक्त करें। साथ ही जो लोग योजनाओं से अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं, उनके लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गये हैं, जहां वह योजनाओं के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकें। यहां हाथों हाथ रजिस्ट्रेशन हो रहा है। योजनाओं का लाभ जब जनता को बिना भेदभाव के देने का कार्य होता है, तो उसके पीछे सरकार के संकल्प दिखाई देते हैं।

> पिछले साढ़े 9 साल में पीएम मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। विकास की बड़ी बड़ी परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। आजादी के 75 वर्षों में गरीब कल्याण की योजनाएं पहली बार बिना भेदभाव के मिल रही हैं। देश में सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के माध्यम से विकसित भारत के सपने को साकार करने का जज्बा दिखने लगा है। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि जब जनता लाभान्वित और खुशहाल होती है तो इस खुशहाली से देश भी खुशहाल होता है।

**मोहन सरकार बनते ही मप्र में ताबड़तोड़ एक्शन**

# भाजपा नेता की हथेली काटने वालों के घर पर चला बुलडोजर

### लाउडस्पीकर बैन

नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक बुलाई। सीएम ने बैठक में पहला निर्णय धार्मिक स्थलों पर डेसिबल सीमा से ज्यादा आवाज वाले लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगाने का लिया। नियंत्रित आवाज में इस्तेमाल पर पाबंदी नहीं रहेगी। इतना ही नहीं, सीएम ने खुले स्थानों पर मांस और मछली की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया।



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में नजर में आ रहे हैं। पद संभालते ही मोहन यादव ने भाजपा कार्यकर्ता देवेन्द्र ठाकुर पर हमला करने के आरोपी व्यक्ति के घर पर बुलडोजर कार्रवाई का आदेश दिया। आरोपों के मुताबिक, आरोपी की पहचान फारुख राईन के रूप में हुई है, जिसने बीजेपी कार्यकर्ता पर हमला किया, जिसमें देवेंद्र ठाकुर का हाथ कट गया था। बताया जा रहा है कि यह हमला चुनावी रंजिश के चलते किया गया है। विधान सभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद 3 दिसंबर को ठाकुर पर धारदार हथियारों और वस्तुओं से हमला किया गया था। पुलिस ने इस मामले में अन्य आरोपियों असलम, शाहरुख, बिलाल और समीर को गिरफ्तार कर लिया है।

## सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत आठ जनवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। सत्येंद्र कुमार जैन फिलहाल चिकित्सकीय आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को छह सप्ताह के लिए उन्हें जमानत दी थी। बाद में इसे समय-समय पर बढ़ा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। सत्येंद्र जैन ने 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 तक कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदी थीं। जिसका वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। उनके साथ पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था।

# शिवराज को मिल सकता है बड़ा मंत्रालय

- केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार की सुगबुगाहट तेज
- अब केंद्र में आ सकते हैं शिवराज सिंह चौहान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुनर्वास के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल का छोटा-सा विस्तार हो सकता है। मोदी कैबिनेट में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, ऐसे में माना जा रहा है कि शिवराज को कृषि मंत्रालय का प्रभार दिया जा सकता है।

चौहान के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी केंद्रीय मंत्री बनाए जा सकते हैं। विधानसभा चुनाव में शर्मा के कुशल प्रबंधन से भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व गदगद है। उल्लेखनीय है कि मोदी कैबिनेट से जिन मंत्रियों को अलग-अलग राज्यों में चुनाव लड़ाया गया था, उनमें से मध्य प्रदेश से संबंधित नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल त्याग-पत्र दे चुके हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि कर्नाटक में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को हटाए जाने के कारण भाजपा को पराजय मिली, यदि वह ही मुख्यमंत्री बने रहते तो परिणाम कुछ और होते। इसी वजह से भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद चौहान की कुर्सी पर डा. मोहन यादव को बिठाया। अब पार्टी चौहान को केंद्रीय राजनीति में ले जाना चाहती है। इसके दो उद्देश्य हैं, पहला केंद्र में बेहतर प्रदर्शन वाले मंत्रियों की संख्या कम हो गई है। ऐसे में बड़े मंत्रालयों को अतिरिक्त प्रभार में रखने से मोदी सरकार के प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ सकता है।

दूसरी वजह, केंद्र की राजनीति में चौहान को ले जाने से प्रदेश का नया नेतृत्व बिना किसी नैतिक दबाव के काम कर पाएगा। उधर, खजुराहो के सांसद और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा द्वारा विधानसभा चुनाव में जिस कुशलता से केंद्रीय नेतृत्व के हर निर्णय को मैदान में उतारा गया, उससे हाईकमान खुश है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी शर्मा की पीठ थपथपाई थी।

### पार्टी को मामा पर भरोसा

भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में साढ़े अठारह वर्ष तक मुख्यमंत्री का सफर तय करने वाले नेता शिवराज सिंह चौहान के पुनर्वास को लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व गंभीर है। कई वर्षों से यह कयास लगाए जा रहे थे कि चौहान को मोदी कैबिनेट में लिया जा सकता है, लेकिन जब कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा को पराजय मिली तो पार्टी ने यू-टर्न ले लिया था।

# खरगे ने लिखा धनखड़ को पत्र

## सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर अमित शाह के बयान की मांग

- विपक्षी नेताओं ने की बैठक

**नई दिल्ली।** आज का दिन संसद में हंगामे के नाम रहा। गुरुवार को सुबह 11 बजे जब संसद की कार्रवाई शुरू हुई तभी से विपक्षी सांसदों ने बुधवार को संसद में सुरक्षा में चूक को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए लगातार इस मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान और इस्तीफे की मांग की। इस बीच, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने बुधवार को संसद में हुए सुरक्षा उल्लंघन के मुद्दे को उठाया है। इससे पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) ब्लाक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे के कक्ष में एक बैठक की। इसमें समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, जेडीयू, डीएमके, आरजेडी, एनसीपी, सीपीआईएम, शिवसेना यूटी, द्रमुक, टीएमसी, बीआरएस समेत विपक्षी दलों के नेता थे। इस बैठक में तय किया गया कि विपक्षी नेता संसद सुरक्षा के उल्लंघन मामले को प्रमुखता से उठाएंगे। इसके अलावा दोनों सदनों में इस पर सरकार की जवाबदेही तय कराई जाएगी। सांसदों ने कहा इस घटना से सांसदों की सुरक्षा में कितना घालमेल है, इसकी पोल खोल हो गई है। इसलिए गंभीरत को देखते हुए विपक्ष और इंडिया ब्लाक के सदस्यों ने कहा कि वह इस मुद्दे पर गृहमंत्री के बयान से कम पर मानने वाले नहीं है। वहीं, कांग्रेस महासचिव और पार्टी के प्रभारी जयराम रमेश ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त विपक्ष चाहता है कि गृहमंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें, कि इस तरह से सुरक्षा में सेध लगाने के मामले में क्या जांच चल रही है।



> राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को लिखे गए पत्र में खरगे ने गृहमंत्री अमित शाह के सदन में बयान की मांग की है। उन्होंने लिखा, संसद की सुरक्षा का उल्लंघन हाल के दिनों में बहुत गंभीर मामला है। इसकी गंभीरता को देखते हुए संसद में इंडिया दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद इस विचार पर पहुंचा हूं कि यह मामला इतना महत्वपूर्ण है कि इसे राज्यसभा के नियमों और प्रक्रिया के नियम 267 के तहत उठाया जाना चाहिए।

# कब सुधरेगी दिल्ली की हवा

- एनसीआर में राजधानी की हवा सर्वाधिक प्रदूषित
- रविवार को खराब श्रेणी में पहुंचेगी वायु



**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से प्रदूषण में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अब भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। 29 इलाकों में हवा बेहद खराब व व सात इलाकों में खराब श्रेणी में रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार दर्ज किया गया।

एनसीआर में दिल्ली की हवा एक बार फिर सर्वाधिक प्रदूषित रही। गुरुवार को एक्यूआई 326 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। यह बुधवार के मुकाबले 52 सूचकांक कम है। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश रविवार को हवा बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में पहुंचेगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक गुरुवार को हवा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे रही।

शुक्रवार को हवा पश्चिम से उत्तर दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार है। वहीं, सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शनिवार को हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। रविवार को हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा से चलने की आशंका है। इस दौरान हवा की गति चार से 10 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की उम्मीद है। ऐसे में हवा बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में पहुंचने के आसार है।

**हाईकोर्ट** | **श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण**

# हिंदू पक्ष की याचिका को किया स्वीकार

- कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर 18 को होगी सुनवाई



**प्रयागराज।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि पहले कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर होगी सुनवाई होगी। इसके बाद याचिका की पोषणीयता पर विचार किया जाएगा।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष की दलीलें खारिज कर दी हैं। अदालत का यह फैसला ऐतिहासिक है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद मामले में गुरुवार को आदेश देते हुए कहा कि पहले कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की अर्जी पर होगी सुनवाई होगी। इसके बाद याचिका की पोषणीयता पर विचार किया जाएगा। कोर्ट अब 18 दिसंबर को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के मामले में सुनवाई करेगी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हमारे आवेदन को स्वीकार कर लिया है, जिसमें हमने एडवोकेट कमिश्नर द्वारा (शाही ईदगाह मस्जिद) के सर्वेक्षण की मांग की थी। 18 दिसंबर को इसकी रूपरेखा तय होगी। कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की दलीलें खारिज कर दी हैं। हमारी मांग थी कि शाही ईदगाह मस्जिद में हिंदू मंदिर के बहुत सारे निशान और प्रतीक चिह्न हैं। वास्तविक स्थिति जानने के लिए एक सर्वे की जरूरी है। उन्होंने अदालत के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। इससे पहले जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को हुई सुनवाई के बाद सभी 18 केसों से संबंधित वादकारी और प्रतिवादियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया था कि सेशन कोर्ट में दाखिल 18 वादों की फाइलों को हाईकोर्ट ने अपने अधीन सुनवाई के लिए ले रखा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि ईदगाह पक्ष जन्मभूमि की स्थापत्य कला के साथ खिलवाड़ कर सबूतों को नष्ट कर रहा है। इससे पहले ही साक्ष्य नष्ट कर दिए जाएं, हाईकोर्ट से मांग की जाएगी कि ज्ञानवापी की तर्ज पर जन्मभूमि का भी सर्वे कराने का आदेश देने की कोर्ट से अपील की जाएगी।

## अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदला

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदलकर अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में शासनादेश जारी कर दिया गया है। संस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या शोध संस्थान का संचालन 18 अगस्त, 1986 से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पूरे विश्व में प्रभु श्रीराम से जुड़े रामकथा साहित्य पर गंभीर अध्ययन एवं शोध कार्य करना है। संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में पिरोने का एकमात्र तरीका सांस्कृतिक एकता है। संस्थान के माध्यम से रामकथा एवं रामायण परंपरा से जुड़े विद्वानों एवं महापुरूषों के व्याख्यान व प्रवचन आदि से इस परंपरा को स्थाई बनाया जाएगा। विश्व की विभिन्न भाषाओं में रचित रामचरित पर आधारित ग्रंथों, पुरातन परंपरा के वैदिक मंत्रों पर और अधिक अनुसंधान किए जाने की जरूरत है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में जिले से 10 छात्रों को विशेष अतिथि के रूप में किया गया आमंत्रित

**लखीमपुर खीरी।** गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में जिले से जनजाति वर्ग के 10 छात्रों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। निदेशक जनजाति विकास के निर्देश पर छात्रों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास चंदन चौकी यूके सिंह ने बताया कि निदेशक जनजाति विकास लखनऊ ने 10 जनजाति छात्र जो मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ ले रहे हैं उनका कर्तव्य पथ नई दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह में जनजाति छात्रों के विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया इसके लिए गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर से छह छात्र और बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज लखीमपुर से छह छात्रों का चयन किया गया है। इसमें दो छात्र आरक्षित के रूप में चिह्नित करके प्रतीक्षारत रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की सूची निदेशक जनजाति विकास को भेजी जा रही है। यूके सिंह ने बताया कि यह सभी छात्र 24 जनवरी को चिन्हित शिक्षकों के साथ नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# विकसित भारत का संकल्प लेकर गांव-गांव पहुंच रही यात्रा
# योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को दिलायेगी लाभ : प्रभारी मंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक बेहजम के ग्राम सरैया और ब्लॉक नकहा के ग्राम अंबरसोत में शिरकत की। जहा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।ब्लॉक बेहजम के ग्राम सरैया में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख रमाशंकर राज, बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, अशोक अवस्थी, अपना दल जिलाध्यक्ष राजीव पटेल, प्रदेश सचिव अमित पटेल संग छायादार, फलदार, एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। इसके बाद उन्होंने दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि इस जिले के कर्मठ डीएम के नेतृत्व में जिले में जो विकास कार्य हो रहे, उसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र है। पीएम का मकसद है कि जहां, जिस गांव में ये यात्रा पहुंचे, हर व्यक्ति उस गाड़ी तक पहुंचे और सभी पात्र योजनाओं से संतृप्त हो सके। तभी हम विकसित भारत के संकल्प तक पहुंच पाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पीएम ने माताओ-बहनों को उज्ज्वला योजना के जरिए न केवल मुफ्त गैस-चूल्हा, सिलेंडर उपलब्ध कराया बल्कि सीएम ने भी होली और



दीवाली पर निशुल्क गैस रिफिलिंग की सौगात दी। मंत्री ने ग्राम सचिव को बुलाकर निर्देशित किया कि कोई भी पात्र योजनाओं से वंचित न रहने पाए। आपके योगदान से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। आए योजनाओं को जाने, समझे और पात्रता के हिसाब से योजनाओं से जुड़कर जीवन स्तर को ऊपर उठाएं। वर्ष 2014 में सरकार गठन से लेकर आज तक गरीबों के लिए संकल्पित होकर कार्य किए गए हैं।

आज उन कार्यों को जनता तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का दायित्व हम सबके कंधों पर है। सरकार बोलती नहीं बल्कि करके दिखाती है। अधिकारी वही जो छूटी हुई चीजों को भी छूटने ना दे।कार्यक्रम के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं का घर-घर तक पहुंचाना है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ आमजन की सहभागिता जरूरी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## प्रभारी मंत्री ने किया स्टालों का अवलोकन, लाभार्थियों को बाटे हित पत्र, खिले चेहरे

प्रभारी मंत्री ने बच्चों को दुलारा, कराया अन्नप्राशन

प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम, एसपी, सीडीओ के साथ क्रमशः बेहजम के ग्राम सरैया और ब्लॉक नकहा के ग्राम अंबरसोत में आयोजित कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। स्टॉलो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने श्रम विभाग की मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 10 लाभार्थी श्रमिकों को 25-25 हजार की एफडी प्रदान की। तीन टीवी रोगियों को पोषण पोटली, चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 10 लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की चाबी और प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मन निधि के पांच लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, सैम श्रेणी के दो बच्चों को सुपोषण किट, दो छह माह के शिशुओं का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती धात्री महिलाओं की गोद भराई की।

## प्रभारी मंत्री ने लिया लाभार्थियों से फीडबैक

प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम, एसपी की मौजूदगी में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत आवास योजना, समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला के लाभार्थी, मुफ्त राशन के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। संवाद के दौरान प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों से पूछा यह लाभ आपको किसने दिया है। जवाब में लाभार्थियों ने कहा यह लाभ हमें मोदी और योगी जी ने दिया है। इस दौरान उन्होंने मौजूद जनसमूह को विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

## इनकी रही मौजूदगी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रमाशंकर राज, बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, अशोक अवस्थी, अपना दल जिलाध्यक्ष राजीव पटेल, प्रदेश सचिव अमित पटेल, बीडीओ राकेश कुमार सिंह सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 2 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 5,640 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 602/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में कार्यरत केयर-टेकर को किया गया सम्मानित



**धौरहरा खीरी।** दिनांक 14.12.2023 को स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ टॉयलेट कैम्पेन के अन्तर्गत नगर पंचायत धौरहरा के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में कार्यरत केयर-टेकर को नफीस खां अध्यक्ष, नगर पंचायत धौरहरा द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें विक्रांत वर्मा ,डी.पी.एम. खीरी, वार्ड सदस्यों एवं कर्मचारियों व नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 224/23 धारा 354/452 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामप्रताप पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बोझिया थाना पढुआ जनपद खीरी को तेलियार चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## डीसीएम और कार की हुई टक्कर, कार चालक और नेपाल की पांच महिला यात्री घायल

**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र में गोला मार्ग पर धौरहरा खुर्द के पास डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक और नेपाल की पांच महिला यात्री घायल हो गए। ये सभी नैनीताल से वापस रुपईडीहा बॉर्डर जा रहे थे सुबह करीब सात बजे लखीमपुर-गोला हाईवे पर धौरहरा खुर्द गांव के सामने इनोवा और डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बिंजू सिस्टा पत्नी मोहन निवासी नेपालगंज, पार्वती राज भंडारी पुत्री गैमा प्रसाद निवासी भरतपुर-नेपाल, रंजू सिस्टा पत्नी निरंजन राज भंडारी, कमला राज भंडारी पत्नी कुलराश भंडारी व कामिनी दास निवासी नेपालगंज और रुपईडीहा (बहराइच) निवासी चालक प्रवीण तिवारी घायल हो गए घायलों को आननफानन फरधान सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। डीसीएम और कार को कब्जे में लिया गया है। घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है।खिड़की तोड़कर बाहर निकाले गए यात्री हादसे के बाद महिलाएं कार में फंस गईं थीं। राहगीर और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कार में फंसे यात्रियों को कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लाइन लग गई। पुलिस के आने पर यातायात बहाल हुआ। कार और डीसीएम को सड़क किनारे कराया गया।

## विनम्र अंदाज से लिया भगवान राममंदिर का न्योता

**सहारनपुर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों ने आज बेरी बाग स्थित मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान पहुंचकर योगगुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण को 22 जनवरी के एक कार्यक्रम का निमंत्रण दिया, लेकिन जब गुरुदेव को यह पता चला कि ये निमंत्रण अयोध्या में भगवान राम जन्मभूमि गर्भगृह पर नवनिर्मित राममंदिर के 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का है, उन्होंने कहा कि ये साधारण निमंत्रण पत्र नहीं, भगवान राम के अपने घर से बुलावा है और भगवान राम जन्मस्थल से संदेश लाने वाले आम पत्रवाहक नहीं रामदूत हनुमान जी के रूप हैं। योग गुरु ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपतराय और गोविंददेव गिरी का निमंत्रण संदेश लेकर पहुंचे रामदूत प्रांतीय पदाधिकारी प्रमेंद्र बंसल और जयपाल सिंह का तिलक अक्षत और रुद्राक्ष माल से स्वागत किया और स्वयं नीचे घुटने के बल वीरासन में बैठकर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र स्वीकार किया।

# एक साथ 482 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, खाईं साथ जीने मरने की कसमें



### प्रभारी मंत्री से विधायक तक मौजूद आनंद का अद्भुत क्षण

प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है, लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है, जहां मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और जिले के आला अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहका कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 482 जोड़ों ने एक दूसरे जीवन भर के लिए हाथ थाम लिया। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, विनोद अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, अपना दल जिलाध्यक्ष राजीव पटेल ने अन्य जनप्रतिनिधियों संग नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने किया।सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार जिले में खुशियों की शहनाई गूंजी। लखीमपुर में जीआईसी मैदान में आयोजित हुए कार्यक्रम में 482 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें 467 हिंदू तथा 15 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ व मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न कराया गया। प्रभारी मंत्री की अगुवाई में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अफसरो ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र के अलावा सरकार की और से दिये जाने वाला जरूरी सामान भी दिया।

### दस नवयुगलों को प्रमाणपत्र और उपहार

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 482 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाणपत्र और उपहार- शगुन किट भेंट किए। प्रमाणपत्र देने के दौरान प्रभारी मंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

लखीमपुर के जीआईसी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। एक ही प्रांगण में हिंदू और मुस्लिम धर्म के 482 जोड़े एक साथ विवाह के बंधन में बंध गए। एक ओर जहां ब्राह्मण मंत्रोच्चार कर हिंदू जोड़ों का विवाह करा रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर मौलाना निकाह पढ़ मुस्लिम जोड़ों का निकाह करा रहे थे।

### परिणय सूत्र बंधन में बंधने वाले शादी के जोड़े एक नजर..

कुल जोड़ेः 482 नगरीय क्षेत्रः 08, ग्रामीण क्षेत्रः 474, सामान्यः 09, अल्पसंख्यकः 15 ओबीसीः 97, एससीः 360, एसटीः 01

## मासूम भूदेव को आज अमरीका से आया 16 करोड़ का इन्जेक्शन लगा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एमएसए 1 नामक बीमारी से पीड़ित मासूम भूदेव शर्मा को लगभग 16 करोड़ की कीमत वाला इन्जेक्शन अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान दिल्ली में लगाया गया। पूर्व सांसद राघव लान पाल शर्मा के सार्थक प्रयास एवं जनसहयोग के बल पर भूदेव शर्मा को आज नया जीवन मिल गया।

एसएमए 1 से पीड़ित मासूम भूदेव शर्मा को उपचार हेतु 16 करोड़ रूपये का इन्जेक्शन लगाये जाने की सूचना मिलते ही परिजन हक्के बक्के रह गए। उन्होंने सरकार के साथ-साथ जनसहयोग व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी थी, जिस पर पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने अपने सार्थक प्रयास के बल पर भूदेव शर्मा की मदद को हाथ बढ़ाया, तो अन्य बुद्धिजीवी लोग भी उनकी मदद को आ गए। आखिरकार मासूम भूदेव शर्मा की मदद को एक के बाद एक हाथ मिलता गया और आज यह सहयोग पूरी तरह सार्थक साबित हुआ, जिसके चलते ग्राम खजूरवाला निवासी नन्हे मासूम भूदेव शर्मा को अमेरिका से आये इन्जेक्शन को आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में लगाया गया, जहां उसे नया जीवन प्राप्त हुआ। पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने भगवान महादेव से उक्त बच्चे भूदेव की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि सर्व समाज उस नन्हे भूदेव के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना करें।

# अधिकारी श्रमिकों को योजनाओं का दिलाएं शत-प्रतिशत लाभः मंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि वर्तमान केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों, मजदूरों, निराश्रितों, असहायों, महिलाओं, किसानों, युवाओं के हितों के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता गरीब, मजदूर, किसान एवं युवाओं को सम्पन्न बनाना है। प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास से प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ ही उसका आर्थिक एवं सामाजिक विकास कर उसे समाज की मुख्य धारा से जोडा जा रहा है। आमजन का सरकार पर भरोसा निरंतर बढ रहा है।

प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर आज यहां जनमंच सभागार में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के



अन्तर्गत लाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत एफ्डी का वितरण किया। उन्होने मण्डल के 2100 लाभार्थियों को 11 करोड़ 33 लाख 90 हजार 220 रूपये धनराशि के प्रतीकात्मक चौक वितरित किये गये। लाभार्थियों में जनपद सहारनपुर के 1188 लाभार्थियों को 7,16,95,000 मुजफ्फरनगर के 490 लाभार्थियों को 2,28,95,220 एवं शामली के 422 लाभार्थियों को 1,88,00,000 धनराशि के चौक दिये। श्रम मंत्री ने कहा कि सरकार श्रमेव जयते के नारे को साकार करते हुए श्रमिकों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता से धरातल पर उतार रही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रत्येक वर्ग, जाति, धर्म, समुदाय सभी को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही है। श्रमिकों की देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। सरकार की योजनाओं से देश एवं प्रदेश में बदलाव आ रहा है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम छौर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होने आम जनमानस का आवाहन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता निभाएं। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि वर्तमान सरकार में पात्रों को सीधे लाभ पंहुच रहा है। गरीब और मजदूर के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए सरकार ने 05 लाख रूपये का सुरक्षा कवच दिया है। विधायक गंगोह किरत सिंह ने कहा कि अधिकारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराते हुए सभी पात्रों को योजनाओं से जोडें।

## ऑटो और पिकअप की भीषण भिड़न्त में ड्राइवर समेत दो की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दिन चढ़ते ही नागल टपरी मार्ग पर पिकअप व ऑटो रिक्शा की जबरदस्त भिड़न्त में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि अन्य आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयी। सभी घायलों को प्राथमिक चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना नागल पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

आज नागल टपरी मार्ग पर ऑटों रिक्शा व पिकअप की जोरदार टक्कर से पूरे रोड पर अफ्रा तफरी मच गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटों रिक्शा के परखच्चे उड़ गये। हादसे में एक चालक समेत दो युवकों की मौत हो गयी। पिकअप व ऑटो रिक्शा में सवारियां भी गंभीर रूप से घायल हो गयी। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर राहगीर भी मौके पर रूक गये और घायलों की मदद में जुट गये। तत्काल ही घटना की जानकारी थाना नागल पुलिस को दी गयी।

सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव राहत कार्य में लग गयी। सभी घायलों को प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र भेजा गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान 22 वर्षीय प्रदीप और 32 वर्षीय नीटू के रूप में हुई है। नीटू ऑटो चालक था। वहीं, थ्री-व्हीलर में सवार संजय, अरुण, पुनीत, अरविंद, गोविंद, मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अरुण और अरविंद दोनों भाई है। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची थाना नागल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# जनपद के प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जनपद के प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विगत दिवस विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जनपद के प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा प्राप्त/दावे आपत्तियों के सापेक्ष ईआरओ नेट से प्राप्त फार्म के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्याओं का अनुश्रवण करते हुये जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबन्धित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थान पर दर्ज है, को फॉरमेट-ए जनरेट होने के उपरान्त डाक के माध्यम से मतदाताओं को प्रेषित करते हुये एवं मतदाताओं द्वारा सहमति व्यक्त करने के उपरान्त ही कि मेरा नाम अमुक स्थान पर रखा जाये फॉरमेट ए वापस प्राप्त होने के पश्चात ही बीएलओ के माध्यम से सत्यापन कराने के उपरान्त ही मतदाता सूची से नाम हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह बताया कि जिन मतदाताओं के नाम उसी विधानसभा में एक समान डाटा से प्रतित हो रहे है, उनको भी डीएससी द्वारा नोटिस भेजकर एक जगह नाम रखने के लिए बीएलओ के माध्यम से ही जॉच करायी जाये एवं जिनके फोटो सिमलर है, उनकी पीएससी के माध्यम से फोटो सिमलरटी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त जिला रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि 61-नोएडा एवं 62-दादरी विधान सभा क्षेत्र के बहुमंजिलीय भवनों में नये मतदेय स्थल बनाये गये है, सम्बन्धित क्षेत्र के मतदाताओं को अपने स्तर से भी जागरूक करें कि आपका मतदान अमुक मतदेय स्थल पर होना है। इसमें यदि किसी प्रकार की कठिनाई परलक्षित होती है तो मतदाताओं द्वारा फार्म भरवाकर मतदाताओं को एक बूथ से दूसरे बूथ पर शिफ्ट किया जा सकता है।

## 45 टेट्रा पैक कैटरीना देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**गौतमबुद्धनगर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी विभाग की टीम एवं थाना बादलपुर की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध स्थलों पर दबिश की गई। दबिश के दौरान थाना बादलपुर स्थित दुरयाई गिरधरपुर लिंक मार्ग के पास से एक व्यक्ति विपिन पुत्र राजू बाल्मीकि निवासी ग्राम कचैड़ा को 45 टेट्रा पैक कैटरीना देशी शराब उत्तर प्रदेश में विक्रय हेतु अनुमन्य के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना बादलपुर में कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## स्टार एडवोकेट एकादश ने फाइनल में बना ली जगह

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** शानदार खेल की बदौलत स्टार एडवोकेट एकादश ने बैसवारा क्लब सिविल कोर्ट रायबरेली द्वारा आयोजित एडवोकेट कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली। पुलिस लाइन्स मैदान में खेले गये पहले सेमीफाइनल में स्टार एकादश ने आई.एम.ए. रायबरेली को 8 विकेट से करारी मात दी। टास जीत का आई.एम.ए. को बल्लेबाजी का निमंत्रण देते हुए स्टार एडवोकेट ने गेंदबाजी का फैसला लिया, निर्धारित 20 ओवरों में आई.एम.ए. की टीम 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 118 रन बना पायी, स्टार एडवोकेट की ओर से अतुल एडवोकेट ने प्रतियोगिता का पहला पंजा (पांच विकेट) लिया। विवेक सिंह राठौर एडवोकेट एवं उत्कर्ष सिंह एडवोकेट ने दो-दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार एडवोकेट एकादश ने मात्र 2 विकेट के नुकसान पर 118 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया, स्टार एडवोकेट एकादश की ओर से प्रभा शंकर ने 34 विवेक सिंह राठौर ने 33 तथा अनुराग ने 21 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्टार एडवोकेट एकादश एडवोकेट कप 2023 के फाइनल में पहुँचने वाली पहली टीम बन गयी। इससे पूर्व राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के संरक्षक हरिहर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टास सम्पन्न कराया। मुख्य अतिथि हरिहर सिंह का स्वागत बैसवारा क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता एडवोकेट ने पुष्पभेंट कर किया, सचिव सुनील सिंह भदौरिया ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल रविवार को बेंच एकादश एवं यंग एडवोकेट के मध्य खेला जायेगा। मयंक श्रीवास्तव एडवोकेट व दिनेश श्रीवासतव एडवोकेट ने आँखों देखा हाल सुनाया। देवेन्द्र सिंह चौहान व सुनील प्रताप सिंह ने अम्पायरिंग की। इस अवसर पर योगेन्द्र दीक्षित, संजय सिंह कछवाह, सर्वेन्द्र सिंह बन्ना, गोविन्द चौहान, अमित जायसवाल, विशाल कुशवाहा, अंकित यादव, शुभम श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, आनन्द दीक्षित, राजेश यादव, हसन हैदर रिज़वी, डा. मुकुल दीक्षित, डा.प्रसून तिवारी, डा. हरजीत सिंह मोंगा, डा. संजीव तिवारी, डा. आदित्य, टोनी, डा. आशीष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# विवाह घर का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को नगर पंचायत बढ़नीचाफा अंतर्गत साहूकोठी में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा द्वारा 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनने वाले विवाह घर का भूमि पूजनकर शिलान्यास किया गया। इस दौरान राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष के नगर के विकास के लिए समर्पित इच्छा शक्ति की प्रशंसा किया और बताया कि बढ़नीचाफा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है।

लोगों को परिवार में आयोजित होने वाले शादी-विवाह, जन्मदिवस समारोह व अन्य आयोजनों के लिए लाखों, हजारों रूपए खर्च कर विवाह घर किराए पर नहीं लेना पड़ेगा। अपने क्षेत्र में ही नगर पंचायत द्वारा निर्मित विवाह घर बहुत ही कम शुल्क में आयोजन के लिए मिल जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने बताया कि नगर मे चारो तरफ साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था व सभी पक्की सड़कें सहित अन्य निर्माण कार्य जिसके प्रस्ताव शासन में भेजा जा चुका हैं, धीरे- धीरे जैसे ही शासन से धन आवंटित होगा कार्य आरंभ करा दिया जाएगा। अपनी नगर पंचायत को और अच्छा बनाने के लिए हमे स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा व अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। कस्बे के सभी नागरिकों का समय-समय पर सहयोग प्राप्त हुआ है। कस्बे को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे, आगे इससे ज्यादा मेहनत कर नगर पंचायत को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान मंटू पाण्डेय, जुग्गीलाल पासवान, रामपाल वर्मा, प्रमोद गौतम, बद्रीविशाल, केशव यादव, सुरेंद्र अग्रहरि, विनीत चौहान, विकास चौहान, राजू वर्मा, पेशकार गौतम, माता प्रसाद यादव, डॉ सफीक यादव, नूरे यादव, गुलाब यादव, अशोक तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, शिवपूजन वर्मा आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**न. पं. बढ़नीचाफा में 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बन रहा विवाह घर**

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कायाकल्प के उपरांत प्रसव केंद्र का शुभारंभ किया गया

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी चाफा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प एवं प्रसव केंद्र का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा व डॉ. सफीक अहमद ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कायाकल्प के बाद प्रसव केंद्र का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगर पंचायत बढ़नी चाफा में अध्यक्ष धर्मराज वर्मा का हिन्दुत्व एवं विकास की परिकल्पना को सिद्ध करने की तरफ बढ़ता कदम काफी सराहनीय हैं। धर्मराज वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये मैं पूरी तरह से संकल्पित हूं। क्षेत्र के जनता के हित में जो भी कार्य होगा उनके लिए हमेशा तत्पर हूं। इस दौरान अस्पताल के समस्त स्टाफ एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# वैश्य समाज अधिकारों के लिए भरेगा हुंकारः सुधीर हलवासिया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अब वैश्य समाज मीन रहने वाला नहीं, अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने के लिए तैयार है। देश की आर्थिक संरचना की रीढ़, धर्म, संस्कृति, साहित्य और समाज के सजग प्रहरि के रूप में काम करने वाला हमारा समाज राजनैतिक पिछड़ेपन का दो दशकों से शिकार है।

वश्य समाज के सभी उपवर्गो को एकत्रित करके हम अपने राजनैतिक अधिकारों के लिए वैश्य संकल्प रैली आगामी रविवार 17 दिसम्बर को चारबाग रेलवे स्टेडियम में करने जा रहे हैं। यह बातें आज हलवासिया कोर्ट स्थित अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने कही। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने कानून व्यवस्था सुदृढ़ की है, जिसका लाभ वैश्य व्यापारी समाज को मिल रहा है लेकिन राजनीति व सरकार में वैश्य समाज को उचित प्रतिनिधित्व जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। सुधीर हलवासिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हम 54 उपवर्गो में विद्यमान हैं जिनमें हमारे दर्जनों उपवर्ग पिछड़े वर्ग की श्रेणी में भी शामिल है पर हमारा हक हिरसा हड़पने की साजिश के तहत हमें तोड़-मरोडकर प्रस्तुत किया जाता है। अब ऐसे पणयंत्रों के खिलाफ वैश्य समाज अपनी पैनी निगाहें रखेगा जिसकी शुरूआत वैश्य संकल्प रैली के माध्यम से जिले 2 सदेश भेज कर की जायेगी। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ की आबादी में हमारा हिस्सा 25 फीसदी का है, लेकिन कोई भी राजनैतिक दल वैश्य समाज को उसकी आवादी के आधार पर हिस्सेदारी नहीं दे रहा है, जिसे हम अब बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं।

हमारे अधिकारों का हनन और उस पर अतिकमण अब नहीं चलेगा। समृद्ध भारत अभियान वैश्य समाज का एक संकल्प रहा है जिसकर हमने वखूवी अपना दायित्व निर्वाहित किया है। लेकिन जवतक वैश्य समाज के हितों के लिए नीतियाँ नहीं बनायी जाती हैं, तब तक हमारा संघर्ष अब सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा।

**17 दिसम्बर को 50000 वैश्य चारबाग रेलवे स्टेडियम में करेंगे जमावड़ा**

## डीएम ने दिए तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण व महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर जल परियोजनान्तर्गत निर्माणाधीन कार्यो के अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष मैन पावर एव मशीनरी कंट्रेक्टिग एजेंसियों द्वारा नही लगाई जा रही जिस कारण कार्य की गति अत्यंत धीमी है। ग्रामो में पेयजलापूर्ति हेतु पाईप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़को के मरम्मत कार्य कंट्रेक्टिग एजेंसियों द्वारा बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है जिस पर संबंधित एजेंसियों को फटकार लगाते हुए तीव्र गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने दोनो कंट्रेक्टिग एजेंसियों के जीएम व डीजीएम को शख्त निर्देश दिया गया कि अगले दो दिवस में यदि सुधार नही आता है तो दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अब तक हुए सड़क मरम्मत कार्य की आख्या प्रस्तुत करने के लिए पीटीआई एवं अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया गया।

## एआर मांटेसरी के बच्चों ने चिड़ियाघर में किया मज़ा



**लखनऊ।** एआर मांटेसरी हाई स्कूल मिल्लत नगर ढाल फैजुल्लाहगंज लखनऊ के बच्चो ने आज चिड़िया घर का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर बच्चो ने जमकर मजे लिए चिड़ियाघर में चीता, शेर, बंदर, हुक्कू बंदर, हिरन, दरियाई घोड़ा को देख कर स्कूल के बच्चो ने खूब मज़े किए और भी पशु पक्षी जानवरो को देखा। चिड़ियाघर के जानवरों के बारे में स्कूल के प्रधानाचार्य दुर्गेश पाण्डे ने विस्तार से जानकारी दी और उनके बारे में बच्चो को अच्छी तरह से समझाया बच्चो के साथ साथ स्कूल के अध्यापकों तथा अध्यापिकाओं और स्कूल स्टाफ ने भी खूब मज़े लिए।

## विद्युत लाइन कटने से ग्रामीण परेशान

**अमृतसर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जोगराजपुर पूर्णतः बाढ़ प्रभावित होने से गंगा नदी मे बाढ़ शुरू होते ही गांव मे पानी भर जाता है। आस पास के गांवों की अपेक्षा सबसे बाद तक गांव मे पानी भरा रहता है। इस बार गंगा नदी मे आई भीषण बाढ़ का गांव मे पानी भर जाने से कोई बड़ा हादसा न हो एतिहात के तौर पर बिजली विभाग द्वारा गांव की लाइन काट दी गई थी। ग्रामीणों के अनुसार लगभग तीन माह तक पूरी तरह गांव की विद्युत आपूर्ति बिजली विभाग द्वारा ठप कर दी गई थी। बाढ़ घटने के बाद लोगों को घरों मे रोशनी होने की उम्मीद जागी और विभाग द्वारा लाइन जोड़ दी गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। परंतु कनेक्शन धारकों द्वारा बिजली बिल जमा न करने से विभाग द्वारा जोगराजपूर की लाइन काट कर विद्युत आपूर्ति पुनः ठप कर दी जिससे ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामीण मोहन सिंह, श्यामवीर सिंह, राकेश सिंह, गोविंद सिंह, अशोक सिंह, राजवीर सिंह का कहना है। बाढ़ के समय तीन माह तक पूरी तरह आपूर्ति ठप होने के बाद भी बिल बिल मे छूट नहीं दी गई जिससे हम लोगों ने बिल जमा नहीं कियाबिल सुधार कर भेजे जाने पर हम लोग बिल जमा करने के लिए तैयार हैं। विभाग द्वारा जबरदस्ती वसूली का दबाव बनाने के लिए गांव की बिजली काट दी गई है जिससे गांव के लोग अंधेरे मे जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बाढ़ के समय की छूट देकर बिल भेजने की मांग की है। जिससे बाढ़ मे बड़ा आर्थिक नुकसान उठा चुके ग्रामीणों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। ग्रामीणों ने तब तक के लिए अधिकारियों से गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से पुनः बहाल करवाने की मांग की है। विभागीय अधिकारियों का कहना है। बड़ी बकायेदारी पर ही आपूर्ति ठप की जाती है। इस समय सरकार द्वारा बिल जमा करने के लिए कनेक्शन धारकों की सुविधा के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। बकायेदारों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

## इमाम बारगाह सानिए ज़हरा स.अ में मजालिसे अज़ा

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी हज़रत फातिमा ज़हरा से.अ की दर्दनाक शहादत के मौक़े पर पुराना तोपखाना, बालागंज में 15, 16, 17 दिसंबर को मजालिस का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी पहली मजलिस 15 दिसंबर को आलीजनाब मौलाना सैयद मीसम अब्बास ज़ैदी साहब (मुज़फ्फरनगर) संबोधित करेंगे। दूसरी मजलिस 16 दिसंबर को आलीजनाब मौलाना सैयद अतहर अब्बास ज़ैदी साहब (मुज़फ्फरनगर) संबोधित करेंगे। तीसरी मजलिस 17 दिसंबर को आलीजनाब मौलाना सैयद सिब्ते हैदर ज़ैदी साहब (मुक़ीम हाल मशहद मुक़द्दस) संबोधित करेंगे।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शिया वर्ग के नेताओं की साहस वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले मीटिंग

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुस्लिम समाज के शिया वर्ग के नेताओं की साहस वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का आह्वान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नावेद नकवी के द्वारा किया गया। इस मीटिंग में लखनऊ मध्य से प्रत्याशी रही सदफ जाफर साहिबा, तनवीर फातिमा, शाजू नकवी, आसिफ रिजवी, रिंकू, शान हैदर , आफताब हैदर, तनवीर हुसैनी, नवाब अली अकबर, सलमान रिजवी, अली हसन, शबाब नकवी आदि कई लोग उपस्थित हुए और इसके अतिरिक्त कई लोगों ने जूम के द्वारा इस मीटिंग में हिस्सा लिया। इस मीटिंग में निम्न प्रस्ताव पारित किए गए मुस्लिम समाज के शिया वर्ग को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराना और पार्टी के साथ जोड़ना। शिया समाज को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय महिला कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस सभी संगठनों में उचित प्रतिनिधित्व की बात केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाना। शिया समाज की समस्याओं को कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाना और समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करना। समाज में राजनीतिक विचारधारा की चेतना पैदा करना और समाज की समस्याओं में समाज के साथ खड़ा रहना। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को शिया समुदाय तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# बच्चों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएः डीएम

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** बी.एच.एन.डी. सत्र आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय परिसर में ही आयोजित हों, किसी भी दशा में प्राइवेट स्थल पर सत्र आयोजित न किए जाएं, सत्र स्थल पर वजन मशीन के साथ सभी उपकरण उपलब्ध रहें, आशा, प्रधान, कोटेदार, रोजगार सेवक का सहयोग लेकर घरेलू प्रसव की सूचना संकलित की जाए, घर पर पैदा होने वाले बच्चों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ऐसे परिवारों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जाए, प्रसूता को उपलब्ध कराये जा रहे नाश्ते-खाने की गुणवत्ता की जांच प्र. चिकित्साधिकारी स्वयं खाना खाकर चेक करें, सभी प्रसुताओं को ड्रॉपबैक की सुविधा मुहैया कराई जाए, डिस्चार्ज होने पर ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए, चिन्हित क्षय रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ उन्हें संचालित योजना का लाभ प्रतिमाह उपलब्ध कराया जाए, परिवार नियोजन के महिला-पुरुष नसबंदी, छाया टैबलेट, अंतरा इंजेक्शन के लक्ष्यों की प्रगति सुधारी जाए, परिवार नियोजन के कार्यक्रम में मलिन बस्तियों पर फोकस किया जाए, प्र. चिकित्साधिकारी अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें, कोटेदारों से समन्वय स्थापित कर पात्र गृहस्थ, अंत्योदय राशन कार्ड धारकों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा के दौरान देते हुए बी.एच.एन.डी. सत्र पर वजन मशीन उपलब्ध न होने पर प्र. चिकित्साधिकारी जागीर को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने, आशाओं के मानदेय के भुगतान में विलंब करने पर बीसीपीएम बेवर को नोटिस जारी करने, सुधार न होने पर सेवा समाप्त करने के आदेश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान पाया कि 23837 वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह नवंबर तक 14650 संस्थागत प्रसव हुये, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घिरोर पर 2389 के सापेक्ष 1313, करहल पर 2381 के सापेक्ष 1324, बेवर पर 2999 के सापेक्ष 1080 एवं कुचेला स्वास्थ्य केंद्र पर 2802 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 266 की ही पूर्ति की हुयी है, जिस पर उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुचेला, बेवर, करहल, घिरोर के प्र. चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुधारने के निर्देश देते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी से कहा कि संस्थागत प्रसव के साथ-साथ निजी चिकित्सालय में होने वाले, घरेलू प्रसव की भी सूचना संकलित कर अगली बैठक में प्रस्तुत के साथ ही जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में विलंब करने पर प्र. चिकित्साधिकारी जागीर को कार्यशैली में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घिरोर, बेवर में आशाओं के मानदेय के भुगतान की प्रगति बेहद खराब पाये जाने पर प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो में लापरवाही बरतने वाले बीसीपीएम के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें, आशा, संगिनी के भुगतान में किसी भी स्तर पर विलंब न किया जाए। उन्होने परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करने पर पाया कि महिला नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 1000 के सापेक्ष अब तक मात्र 372, पुरुष नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 20 के सापेक्ष मात्र 05 की ही पूर्ति की गई है, अंतरा इंजेक्शन में 7150 वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 6873, कॉपर-टी के वार्षिक लक्ष्य 20000 के सापेक्ष 11107, छाया टेबलेट वितरण के लक्ष्य 22130 के सापेक्ष मात्र 2985 टैबलेट का ही वितरण किया गया है।

## 27 को 690 जोड़े विवाह के अटूट बंधन में बंधेंगे

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह कार्यक्रम 27 दिसंबर 2023 को क्रिश्चियन इण्टर कालेज मैदान फर्रुखाबाद का स्थान निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 351.90 लाख का धन आवंटन प्राप्त हुआ है। जिससे 690 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाना है। प्रमुख, सचिव समाज कल्याण द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का जनपद स्तर पर वृहद आयोजन कराये जाने के लिए 27 दिसंबर 2023 की तिथि एवं स्थान क्रिश्चियन इण्टर कालेज, मैदान फर्रुखाबाद, को निर्धारित किया गया है।

## शराब बन्दी की मांग को लेकर जन सम्पर्क

**कानपुर।** शराब बन्दी संयुक्त मोर्य के राष्ट्रीय राजमा सुवान सिंह, लायर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर प्रदेश संयोजक शाकिर अली उस्मानी प्रदेश महासचिव प्रदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में सायंकाल 3 बजे शराब बन्दी को लेकर 30 जनवरी 2024 को जंतर मंतर, कनाट पैलेस, नई दिल्ली में शराब बन्दी सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। इस संबंध में आज हजारों अधिवक्ताओं से जन सम्पर्क करके उनको साचापह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 47 में साफ लिखा है कि राज्य सरकार व केन्द्र सरकार ऐसे सभी मादक पदार्थो के चलन पर रोक लगायेगी जी यहां की जनता/नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता ही जगह-जगह शराब के ठेकों के बढ़ने पर चिंता व्यका किया और लोगों से अपील की है कि जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार में देश के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई जी ने पूरे देश में शराब पर प्रतिबंध लगाकर साहस पूर्ण कार्य किया था। जन जागरण अभियान शराब बन्दी की मांग को लेकर शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से माए सुल्तान सिंह, लायर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर, संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक शाकिर अली उरमानी, प्रदेश महासचिव प्रदीप त्रिपाठी, राम राज भारती, सुशील दुबे, अजीत खोटे नेहा निषाद, पूर्व पार्षद लक्ष्मी कनौजिया, उमा निषाद, अर्थना, श्रीमती शबाना उस्मानी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सपा महिला सभा ने भरी हुंकारः सुलेखा

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में संपन्न हुई बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा यादव ने किया मासिक बैठक के दौरान पांचो विधानसभाओं की विधानसभा अध्यक्षों ने महिला सभा सुलेखा यादव नगर अध्यक्ष के सामने रखी! सपा महिला सभा की बैठक के दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने महिलाओं से कहा कि अखिलेश यादव के किए गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचाएं अपनी अपनी विधानसभाओं में महिलाओं को जोड़कर संगठन मजबूती दें सपा महिला सभा की नगर अध्यक्ष सुलेखा यादव ने कहा कि आगामी 2024 के चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है रणभूमि पर सारे सैनिक तैयार हैं लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोकसभा प्रत्याशी को जीत दिलाकर दम लेना है।

# ओला मात्र 89,999 रुपये में अपने बिल्कुल नए एस1 एक्स+ के साथ एंडआइसएज मिशन में तेज़ी लाएगा

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने #एंडआइसएज मिशन में तेजी लाने के लिए अपने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की। इस अभियान में एकदम नया एस1 एक्स+ अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ मिल सकेगा, जिसका मतलब एस1 एक्स+ की कीमत अब घटकर केवल 89,999 रुपये हो गई है।

इस वजह से एस1 एक्स+ सबसे सस्ते 2व्हीलर ईवी स्कूटरों में से एक बन गया है, जिसे अपनाना सबके लिए आसान हो गया है। देश भर में एस1 एक्स+ की डिलीवरी शुरू हो चुकी है और यह स्कूटर काफ़ी ज़्यादा माँग में है। ओला के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा, ओला इलेक्ट्रिक ने नवम्बर महीने में लगभग 30,000 इकाइयों की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री के साथ एक नया इंडस्ट्री बेंच मार्क स्थापित किया है। लोग ईवी बड़ी आसानी से अपना सके इस बात में तेजी लाने और ईवी को सभी के लिए ज़रूरी बनाने के लिए, हाजिर हैं हम अपने नए एस1 एक्स+ के साथ, जो सारी बाधाओं को पार करने में सक्षम है। जानीमानी आईसीई स्कूटर के बराबर कीमत के साथ, हमें विश्वास है कि एस1 एक्स+ #एंडआइसएज के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारे स्कूटरों की लम्बी चौड़ी रेंज और उनकी आकर्षक कीमत के साथ, मेरा यह मानना है कि ग्राहकों के पास अब आईसीई उत्पाद खरीदने का कोई बहाना नहीं होगा।फाइनेंस ऑफ़र खरीदार अब चुनिंदा क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपये तक की छूट पा सकते हैं। जबकि फाइनेंस ऑफर्स से सजे गुलदस्ते में जीरो डाउन पेमेंट, जीरो प्रोसेसिंग फीस साथ ही 6.99% तक कम ब्याज दरें जैसे अन्य फ़ायदे शामिल हैं।

# राज्यपाल से मिलकर नैक में विवि की नैक टीम ने साझा किए अनुभव और उपलब्धि की खुशियां

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल से राजभवन में नैक मूल्यांकन में उच्चतम 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त सीएसजेएमयू की नैक टीम के सदस्यों ने मिलकर उपलब्धि की खुशियों को साझा किया। राज्यपाल ने टीम के प्रत्येक सदस्य से नैक हेतु उत्तरदायित्व, योगदान, तैयारियों के दौरान बढ़े हुए कार्यभार से पारिवारिक दायित्वों में आयी समस्याओं के साथ-साथ इस उपलब्धि से विवि एवं पारिवारिक दृष्टिकोणों में आए परिवर्तनों की जानकारी ली। उत्साह और उपलब्धि गौरव से अभिभूत टीम के सदस्यों ने घरेलू कर्मचारियों से लेकर दूर-दराज गाँवों के रिश्तेदारों तक नैक की जानकारी का प्रसार हो जाने के अनुभव तक राज्यपाल से साझा किए। उन्होंने बताया कि पूरी टीम ने विवि के छोटे से छोटे कर्मचारी ने इसमें योगदान दिया, तब जाकर इस अभूतपूर्व सफलता को वे प्राप्त कर सके। कमेटी के सदस्यों ने इस उपलब्धि के लिए राजभवन से प्राप्त दिशा-निर्देशों तथा कुलपति द्वारा सभी क्राइटेरिया पर मानकों को पूर्ण करने की प्रेरणा को श्रेय दिया। नैक ग्रेडिंग में सभी सातों क्राइटेरिया हेतु निर्धारित सीजीपीए-4 में 3.57 हासिल करके उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त किया है। विवि को क्राइटेरिया-01, 04 एवं 07 में पूर्णांक हासिल हुए हैं। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें अपने कार्य और दायित्व यथावत, जारी रखने, सुदृढ़ टीम के साथ कार्य करने से सफलता प्राप्त होती है। विवि का विकास विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर ही होता है। उन्होंने विवि को अपने स्तर और गुणवत्ता बनाए रखने के साथ अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित एवं प्रगति के लिए विद्यार्थियों की मानसिकता में बदलाव जरूरी है। इससे ही आगे समाज में परिवर्तन आता है। नैक टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि उपलब्धि के लिए किए गए कार्यो का व्यापक प्रभाव आगामी सालों में दिखाई पड़ता है।

**विवि का विकास विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर ही होता हैः पटेल**

## लगने वाली 15 दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न प्रदेशों की देखने को मिलेंगी कलाकृतियां



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्र0 सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अत्यधिक प्रचार प्रसार हेतु उत्तर प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोड, कानपुर नगर द्वारा राष्ट्रीय श्रम हितकारी केन्द्र (सेन्ट्रल पार्क) शास्त्रीनगर में 15 दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी 15 से 29 दिसंबर तक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में वित्तपोषित इकाईयों द्वारा अपने-अपने उत्पादों सहित प्रतिभाग करेंगी। जिसमें मुख्य रूप से खादी वस्त्रों के साथ साथ ग्रामोद्योगी स्टाल एवं माटीकला उद्योग के स्टाल भी लगाये जायेंगे। प्रदर्शनी में 120 स्टाल लगाये जायेंगे। प्रतिभाग करने वाली इकाईयों को स्टाल उ0प्र0 सरकार द्वारा निःशुल्क दिया जायेगा। वर्तमान समय से खादी वस्त्रों पर अधिकतम 25 से 30 तक छूट उपलब्ध है। प्रदर्शनी का उद्घाटन अध्यक्षता में सत्यदेव पचौरी सांसद पूर्व मंत्री, राकेश सचान कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन. खादी ग्रामोद्योग द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया जायेगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुरेन्द्र मैथानी उपस्थित रहेंगे। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के उत्पाद जैसे अचार मुरब्बा पापड़, धूप बत्ती / अगरबत्ती ओ0डी0ओ0पी0 आदि की बिकी की जायेगी। प्रदर्शनी में तमिलनाड़ु, राजस्थान, मध्य प्रदेश व उत्तराखण्ड आदि प्रदेशों की कलाकृतियाँ देखने को मिलेंगी। माटीकला उद्योग ने काफी तरक्की की है जिसमें सुराही, डिनर सेट जैसें मिट्टी के डोंगा, धर्मश आदि व साथ ही साथ आयुर्वेद जड़ी-बूटी औषधि के स्टॉल नामचीन उद्यमियों के लगेंगे।


## सूचना

मैं जुनैद अहमद अदनान पुत्र फिरोज कमला निवासी मोहल्ला बांघा, थाना मौदहा, तहसील-मौदरहा, जिला-हमीरपुर यूपी का निवासी हूं। जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम गलत अंकित हो गया है। वास्तविक नाम शेख अब्दुल्ला अदनान है जो कि सही है। अतः मेरे पुत्र को शेख अब्दुल्ला अदनान के नाम से जाना व पहनाए जाए।

**मैं जुनैद अहमद अदनान पुत्र फिरोज कमला निवासी मोहल्ला बांघा, थाना मौदहा, तहसील- मौदरहा, जिला- हमीरपुर**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मंडल अयोध्या

### मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है।

द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 29.12.2023 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 30.12.2023 को 12.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. **0166002100017035**, IFSC Code-PUNB**0016600** of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्युडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/ विभिन्न फर्मो के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है :-

1. ई-निविदा संख्या 26 एच (एफ) (एस)/2023-24 : विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले बिलिंग काउण्टरों पर उपभोक्ताओं के बिलिंग हेतु ए-5 एवं ए-4 साइज के पेपरों की आपूर्ति। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 1180.00 जी0एस0टी0 सहित तथा धरोहर राशि रू0 2000.00

संख्या : 14361 एच(एफ)/टी-15
दिनांक : 14-12-2023

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या**

**"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें"**

# हैरिंग्टनगंज में दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता ग्राम पलिया लोहानी के शहीद रामसूरत बालिका इंटर कॉलेज के समीप स्थित खेल मैदान पर बृहस्पतिवार को प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के अयोध्या जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने जिला उपाध्यक्ष सरजू दूबे के साथ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के बाद ध्वजारोहण कर किया। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में हुई खेल प्रतियोगिता में कबड्डी से शुरुआत हुई। जिसमें बालिका वर्ग में रूरूखास एवं एसएस जूनियर हाईस्कूल की टीम फाइनल में पहुंची। वहीं कब्बड्डी बालक वर्ग में रेवना एवं अहरनसुवंश की टीम सेमी फाइनल में विजेता रही। इनका फाइनल कल खेला जाएगा। बालिका की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में सागर पट्टी की रेनू चौरसिया प्रथम, रूरूखास की नैन्सी द्वितीय रही। दो सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में सराय मजरा के विकास प्रथम, हरदोइया के सोनू यादव द्वितीय रहे। दो सौ मीटर बालिका दौड़ में पाराताजपुर की शिवानी प्रथम एवं सागरपट्टी की रेनू चौरसिया द्वितीय रही। 400 मीटर बालक वर्ग में चमैला के फूलचंद यादव के प्रथम, पलिया लोहानी के राजकुमार द्वितीय पुरस्कार के हकदार बने। 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अक्षरा सिंह पाराताजपुर प्रथम, पलिया लोहानी की सीमा पाल द्वितीय रही। 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पलिया लोहानी के राजकुमार पाल प्रथम एवं पुलिया प्रतापशाह के शुभम यादव द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर बालिका वर्ग लंबी दौड़ में देवकली माफी की नेहा प्रथम एवं पाराताजपुर की सना द्वितीय स्थान पर रही। 1500 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पाराताजपुर के विश्वम्भर प्रथम, रामपुर जोहन के शत्रुघ्न द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम मैच रूरूखास एवं पाराताजपुर टीम के बीच हुआ। जिसमें रूरूखास विजेता रहा। द्वितीय मैच सोहवल सलोनी एवं आजाद हिन्द पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। जिसमें सोहवल सलोनी को विजय श्री मिली। वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को होगी।आयोजक मंडल में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, सचिव पलिया लोहानी ग्राम प्रधान अभिषेक भद्र सिंह एवं ब्लॉक व्यायाम अजय सिंह रहे।खेल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सरवरे आलम, अजय सिंह, राकेश मौर्य, अवनीश सिंह, वैभव सिंह, तौफीक अहमद, सुरेश कुमार, नीलम, अनित दास, अनीस अहमद रहे।खेल प्रतियोगिता में मुख्य रूप से भाजपा नेता संतोष सिंह, अवधेश पाठक, संतोष सिंह घाटमपुर, बृजेश पांडे, शरद तिवारी, जितेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार, महेंद्र चौरसिया, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, पंकज सिंह, संजय सिंह, राम मूरत सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुराने जर्जर मकान के तीसरी मंजिल का छत तोड़ते समय छत ढहा, एक की मौत दूसरा घायल

**जाना बाजार- अयोध्या।** पुराने जर्जर मकान के तीसरी मंजिल का छत तोड़ते समय छत ढह गया। इसके मालवे की चपेट में चार मजदूर आ गए। जिसमें दो मजदूरों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई तो वही दो मजदूर वही बुरी तरह मलवे में दब गए। जिन्हें आधे घंटे से ज्यादा देर बाद कड़ी मेहनत करके ग्रामीण और पुलिस वालों ने खोज निकाला। जिसमें एक की घटना स्थल पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजवाकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया । एक ही परिवार के चारों मजदूर होने के चलते घर में कोहराम मच गया। महिलाएं बच्चे दहाड़े मार मार कर रोने लगी ।घटना के बाद जर्जर मकान की दिवाले में फटी दरारो को देखकर मोहल्लेवासी पूरी तरह भयभीत हैं। मकान मालिक घर छोड़कर फरार होना बताया गया। घटना थाना क्षेत्र हैदरगंज के मुख्य कस्बा बाजार स्थित अखिलेश कसौधन पुत्र शिव शंकर का है ।जो अपने पुराने जर्जर मकान की दीवाल छत को मजदूर लगाकर 2 दिनों से तोडवा रहा था। बृहस्पतिवार को मजदूर सूर्य बली यादव पुत्र जगन्नाथ 30 वर्ष ,मोहित यादव पुत्र शिवनारायण 19 वर्ष अविवाहित,राम जगत यादव पुत्र रामदीन 55 वर्ष ,शिवनारायण पुत्र रामदीन 35 वर्ष सभी मजदूर एक ही परिवार के ग्राम दहेमा जंगलवा थाना भीटी जनपद अंबेडकर नगर के निवासी हैं। घटना के दिन सुबह मकान मालिक अखिलेश ने दो लोगों को छत तोड़ने के लिए कहा और दो लोगों को ईंट का चट्ठा लगाने के लिए। मोहित और राम जगत तीसरी मंजिल की छत तोड़ रहे थे। ।इसी बीच लगभग 12ः00 बजे के आसपास छत ढह गया और उसकी चपेट में चारों मजदूर आ गये। किसी तरह से भाग कर ईंट इकट्ठा कर रहे दो मजदूर अपनी जान बचाने में सफल हुए। और दोनों दबे हुए मजदूरों को आधे घंटे से ज्यादा देर तक कड़ी मेहनत करने के बाद ग्राम वासियों और पुलिस ने खोज निकाला। मलवे से निकाले गए मजदूर राम जगत की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमवा कला ले जाया गया और चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# प्रेम निवास का हुआ विधिवत पूजन अर्चन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कुछ ही दिनों में होनेवाली वाला है। जैसे जैसे दिन नजदीक आ रहा वैसे वैसे श्रद्धालुओं की आमद रामनगरी में निरंतर बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्वाणी अनी अखाड़ा हनुमानगढ़ी ने प्रेम निवास का आज मां सरयू के पावन तट के समीप महेशपुर में विधिवत भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। यह पूजन संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास व गद्दीनशीन के कृपापात्र शिष्य हनुमत संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा महेश दास ने संयुक्त रुप से किया।

भूमि पूजन करते हुए प्राचार्य डा महेश दास ने बताया कि प्रेम निवास पूर्ण रुप से सेवा भाव के लिए बनाया जायेगा जिसमें तीर्थ यात्रियों को कोई समस्या नही होगा। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव की आज्ञानुसार उनके सानिध्य में आज वैदिक आचार्यों द्वारा प्रेम निवास का भूमि पूजन किया गया। अयोध्या में भगवान राम का दिव्य भव्य मंदिर बन रहा है पूरे देश से श्रद्धालु रामनगरी आ रहे है। उनके रहने व खाने पीने की सारी



सुविधाएं इस भवन में रहेगी। तो वही पूजन करते हुए संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि करोड़ों की लागत से बनने वाला यह प्रेम निवास आधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रेम निवास में देश व विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए अंदर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें सैकड़ों एसी व नॉन-एसी कमरे बनाए जाएंगे और वीआईपी लोगों के लिए अलग से विशेष कक्ष बनाए जाएंगे। भोजनालय का निर्माण भी होगा जिसमें श्रद्धालुओं के लिए हमेशा भंडारा चलेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डा महेश दास के शिष्य समाजसेवी संत मामा दास आये हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।इस मौके पर निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महंत इन्द्रदेव दास, महंत रामशंकर दास, राजेश पहलवान, वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, मनीराम पहलवान,लवकुश दास, मनोज दास, मुख्तार अजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर अयोध्या।** विकासखंड बीकापुर में सांसद खेल प्रतियोगिता 2023 24 का बृहस्पतिवार को भारतीय इंटर कॉलेज खेल मैदान में जाएगा। दो दिन तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बृहस्पतिवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल तथा ब्लॉक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।



शुभारंभ होगा। सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत विभिन्न परिषदीय विद्यालयों तथा अन्य स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा अपने खेल के हुनर का प्रदर्शन किया जाएगा। सांसद खेल प्रतियोगिता में इस बार 100 मीटर दौड़ 200 400 800 मी रिले वॉलीबॉल कबड्डी रास्सा कशी खो खो सहित अनेक खेलों का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारी ने तैयारी के बाबत अंतिम रणनीति पर अमली जामा पहना दिया है। आयोजन समिति के मुकुल आनंद ने जानकारी दी है कि समापन के अवसर पर जनपद के बड़े नेताओं की उपस्थिति संभव है इस दौरान विजई टीम के खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

# 30 दिसंबर को भगवान श्री राम एयरपोर्ट पर उतरेगा उद्घाटन फ्लाइटः नीतीश कुमार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। भी काम तेज गति से चल रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या जनपद में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी।सीएम योगी व उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीके सिंह ने अभी कुछ दिन पहले ही एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। अधिकारियों को 15 दिसबंर तक काम पूरा करने के आदेश दिए गए थे। अधिकारियों ने भी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों को आश्वस्त किया था कि काम युद्ध स्तर पर जारी है और तय सीमा पर काम पूरा कर दिया जाएगा। आठ एयरक्राफ्ट पार्किंग की है सुविधा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का काम आखिरी स्टेज में है। रनवे बनकर तैयार हो गया है। एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2200 मीटर है। दूसरे चरण में रनवे 3700 मीटर का हो जाएगा। टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य 98 फीसदी पूरा हो गया है। जब कि रनवे का कर पूरा कर लिया। अब श्रीराम एयरपोर्ट 50 हजार स्क्वायर फीट का हो जाएगा। रनवे पर नाइट लैंडिंग के लिए सभी इक्वीपमेंट लगा दिये गये हैं।

कोहरे और धुंध में लैंडिंग के लिए कैट वन और रेसा सुविधाओं का काम भी पूरा हो गया है। लैंडिंग लाइट्स भी लगा दी गई हैं। एटीसी टावर बनाया जा चुका है। फायर स्टेशन बनाया जा चुका है। यहां पर एक साथ आठ एयरक्राफ्ट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। परियोजना में शामिल कुल 821.34 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी पूरा हो चुका है। टर्मिनल बिल्डिंग की कुल 500 यात्रियों के आवागमन की क्षमता है। 200 वाहन पार्किंग 150 कार एव 50 बड़े वाहन की सुविधा। 1 एप्रेन का निमार्ण कार्य पूरा हो चुका है।परियोजनाओं की कुल स्वीकृति लागत 328 करोड़ रुपए हैं। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जनवरी में राम भक्तों को मिलेगी अयोध्या से दिल्ली अयोध्या से अहमदाबाद की हवाई यात्रा की सुविधा, 30 दिसंबर को भगवान श्री राम एयरपोर्ट पर उतरेगा उद्घाटन फ्लाइट, दिल्ली से अयोध्या पहुंचेंगी उद्घाटन फ्लाइट, 6 जनवरी से कमर्शियल बुकिंग शुरू होगी, अयोध्या से दिल्ली, दिल्ली से अयोध्या, अहमदाबाद से अयोध्या, अयोध्या से अहमदाबाद, हफ्ते में सातों दिन फ्लाइट होगी दिल्ली के लिए, अहमदाबाद के लिए हफ्ते में मंगलवार बृहस्पतिवार और शनिवार को होगी फ्लाइट।

## अवध विवि की एनईपी स्नातक की परीक्षाएं 18 दिसम्बर से

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 दिसम्बर से तीन पालियों में शुरू होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों में 464 परीक्षा केन्द्र बनाये




गए। इस परीक्षा में लगभग 5 लाख 55 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विवि के परीक्षा नियत्रंक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेशानुसार एनईपी के अन्तर्गत संचालित स्नातक बीए, बीएससी व बीकॉम की परीक्षा 18 दिसम्बर से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा की शुचिता के लिए 464 केन्द्र बनाये गए है। वहीं अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बहराइच, सुल्तानपुर में कुल 18 नोडल केन्द्र बनाये गए है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक परीक्षा को पारदर्शितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों को यथा निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

# रोडवेज बस में आग की घटना को लेकर सख्त हुआ शासन, अकबरपुर डिपो के दो कर्मी निलंबित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अयोध्या बाराबंकी हाइवे पर अकबरपुर डिपो की बस में आग लगने की घटना पर शासन ने गम्भीर रूख अपनाया है। इस घटना को लेकर अकबरपुर डिपो के दो कर्मी निलंबित कर दिए गए वहीं इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही। शासन ने तकनीकी परीक्षण के बाद ही बसों के संचालन के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि दो दिन पूर्व अकबरपुर डिपो की बस अयोध्या से 60 यात्रियों को लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी। बस जैदपुर थाना क्षेत्र में स्थित अहमदपुर टोल प्लॉजा पर पहुंचकर लेन संख्या एक पर रुकी तो उसके इंजन से धुंआ निकलने लगा। टोलकमियों ने इसकी जानकारी बस के चालक ब्रजलाल यादव को दी तो चालक ने तेजी से बस बैक की। अभी वह 100 मीटर पीछे ही गया था कि इंजन से उठ रही आग की लपटें बस को आगोश में लेने लगी। यह देख यात्री चीख पड़े। चालक परिचालक ने सबको तत्काल भागने को कहा। ऐसे में टोलकर्मियों ने हिम्मत दिखाई और वह बस के अंदर पहुंचकर बाहर लाने लगे। बस के अंदर धुंए का गुबार भर गया था। चीख व पुकार के बीच दर्जनों यात्री खिड़कियों से कूद पड़े। सभी यात्री बाहर आ चुके थे क्योंकि पांच मिनट के अंदर बस आग का गोला बन गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बस पर करीब दो घंटे तक पानी की बौछार की मगर बस जल गई तभी आग शांत हुई। परिचालक ने बताया कि बस का फिटनेस प्रमाण पत्र भी है। हाईवे से गुजर रही अन्य बसों को रोकवाकर यात्रियों को गंतव्य की ओर भेजा। घटनाओं में दो महिलाओं के 15 हजार रुपये व सामान जल गया। उधर शासन ने इस मामले में सख्ती



बरतते हुए अकबरपुर डिपो में तैनात जूनियर फोरमैन देवेंद्र प्रताप सिंह निलंबित, विद्युतकार सुनील कुमार तिवारी को निलंबित कर दिया गया है।

## मनचाही बाइक न मिली तो फांसी लगा किशोर ने दी जान

**देवा बाराबंकी।** नई बाइक की मांग पूरी न हुई तो एक नाबालिग किशोर ने घर से दूर एक बाग में फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार की सुबह उसका शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार यह घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिन्दोला में हुई। आज सुबह ग्रामीण महादेव बाग से होकर गुजर रहे थे तभी उनकी नजर पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। इसकी खबर पूरे गांव में फैली तो भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर किशोर की तलाश कर रहे मंशाराम भी अन्य के साथ पहुंचे, यहां शव की पहचान रात भर गायब रहे

## एक्सप्रेस वे पर युवक युवती में वाहनों के आगे कूदकर दी जान, वजह पर अब तक रहस्य कायम

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक हैरत में डालने वाला हादसा हुआ है। गुरुवार सुबह एक युवक व युवती का शव पड़ा मिला। पुलिस ने जब सीसीटीवी का सहारा लिया तब पता चला कि कुछ समय के अंदर दोनों ने अलग अलग वाहनो के सामने छलांग लगाकर जान दी है। मृतकों में युवक की पहचान तो हो गई पर युवती अब तक अज्ञात है।घटना के पीछे वजह की छानबीन पुलिस कर रही है। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों ही हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बलिया से लखनऊ जाने वाली लेन पर युवक और युवती के क्षत विक्षत शव पड़े होने की सूचना पर हैदरगढ़ कोतवाली मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने दोनों के शव को शिनाख्त करने का प्रयास किया पर सफलता नही मिली।

# हर घर दस्तक देकर बतानी है जुमलेबाजी भाजपा सरकार की हकीकतः पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा ने इस देश की आवाम को गुमराह किया है इनके झूठ और जुमले की हकीकत हर घर पर दस्तक देकर बतानी है कि भाजपा ने किस तरह झूठे सपने दिखाकर किसान, नौजवान, आवाम के सपनों से खेला है यह काम सिर्फ हमारा बूथ अध्यक्ष और कमेटी का सदस्य ही कर सकता है और 2024 के चुनाव में आपके बूथ पर भाजपा की हार सुनिश्चित हो इसके लिए ऊर्जावान कांग्रेस जनों की बूथ कमेटी बनाकर हर मतदाता को उनके झूठे वादे 15 लाख रुपऐ आपके खाते में आएंगे, हर साल 2 करोड़ बेरोजगारों को नौकरी देंगे की याद दिलाइये। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉक्टर पी एल पुनिया ने आज विधानसभा जैदपुर के बूथ सम्मेलन में जो जैदपुर सफदरगंज मार्ग पर अयान मैरिज लॉन में आयोजित था उसमें बूथ अध्यक्षों एवं कांग्रेस जनों के बीच व्यक्त किया। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और 53 लोकसभा के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशील पासी तथा नगर पंचायत जैदपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि दाउद अंसारी विशेष रूप से मौजूद थे। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन




को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री तनुज पुनिया ने कहा कि बूथ अध्यक्ष और उसकी कमेटी की मेहनत ही बूथ पर कांग्रेस पार्टी की जीत की गारंटी है 2024 के अप्रैल में प्रस्तावित लोकसभा के चुनाव में अब समय नहीं है आपको अपने बूथ के मतदाता के पास जाकर बताना है कि अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की भाजपा सरकार ने महंगाई बेरोजगारी झूठे सपने के सिवाय कुछ नहीं दिया है। भाजपा की अहंकारी सरकार ने इस देश के गरीब, मजदूर, दलित, किसान, नौजवान, महिलाओं के सपनों को चकनाचूर करने का काम किया है। वक्त आ गया है भाजपा सरकार को उनकी वादा खिलाफी निरंकुशता का जवाब देने का और यह काम आपकी बूथ कमेटी कर सकती है। फैजाबाद मंडल के प्रदेश के प्रभारी उपाध्यक्ष सुशील पासी ने कहा कि भाजपा सरकार की महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है हर घर के रसोई का बजट बिगड़ गया है आप और आपके परिवार का भविष्य सुरक्षित रहे इसके लिए आपको अहंकारी भाजपा सरकार को हटाकर कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाना होगा।

# मार्ग दुर्घटना में एक छात्र की दर्दनाक मौत, दो की हालत गंभीर



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के फरेंदा बृजमनगंज मार्ग पर इशरीबर गांव के सामने मार्ग दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गयी वही दो की हालत गंभीर है। बृजमनगंज के आलमाइटी स्कूल में पढ़ने वाले तीन छात्र स्कूल की छुट्टी होने के बाद बृजमनगंज से लेहड़ा बाजार की तरफ जा रहे थे कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही सवारी बस ने ठोकर मार दिया। जिसमे स्कूटी चला रहे हाई स्कूल के छात्र अहमद पुत्र अमजद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वही पीछे बैठे कक्षा 7 के दो छात्र मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद सफी (14) निवासी कलवारगढ़ बृजमनगंज व अरशद पुत्र याकूब (15) निवासी दुबौलिया गुलराजपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंचे स्कूल के प्रबंधक महमूद आलम खान दो घायल छात्रों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देखते डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। इस मामले में बृजमनगंज एसो श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि मृतक छात्र के शव की पहचान अहमद पुत्र अमजद निवासी बृजमनगंज कलवारगढ़ के रूप में हुई है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अग्रिम करवाई में लगी हुई है।

## जिला जेल का निरीक्षण कर कैदियों का जाना हाल



*अवधनामा संवाददाता*

महराजगंज। जिला जज जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डॉ सोमेंद्र मीणा ने जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने पुरुष बैरक, महिला बैरक, अल्पवयस्क बंदी बैरक और पाकशाला आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। तीनो अधिकारियों ने जेल व्यवस्था और साफ-सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जिला जज महोदय ने विदेशी बंदियों सहित अन्य बंदियों से मुलाकात की और उनका हालचाल लिया। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को भी सुना। बंदियों से जेल प्रशासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और जेल प्रशासन को अक्षम और गरीब बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय करते हुए निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। जिला जज महोदय ने जिन मामलों में गवाही में हो रही है, उनकी सूची न्यायालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि गवाही की प्रक्रिया को तेज करने के संदर्भ में उचित कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा उन्होंने उन बंदियों की सूची भी उपलब्ध कराने के लिए कहा जिनके पास वकील या जमानतदार नही है। जिलाधिकारी ने वार्डो व बंदियों की नियमित जाँच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जेल प्रशासन जेल मैन्युअल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराये। इस दौरान महिला बंदियों व बच्चों में जिला न्यायालय व प्रशासन की ओर से खाद्य सामग्रियों व उपहारों का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे कमलेश्वर पांडेय, सीजेएम सौरभ श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, प्रभारी जेलर आदित्य सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के एक युवक के विरुद्ध छेड़ छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दे कर कार्यवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार शाम छह बजे किसी कार्य से बाहर गई थी। वापस लौटते समय गांव के युवक ने रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर गाली गलौज देते हुए मारने लगा। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि चंद्रभान निवासी महुलानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम करवाई की जा रही है।

# शहर कोतवाल की वर्दी पर लगाया अति उत्कृष्ट सेवा पदक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त वर्ष 2022 का पदक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय कुमार त्रिपाठी को प्रदान किया गया था। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक



अति उत्कृष्ट सेवा पदक को पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर की वर्दी पर लगाकर सम्मानित किया। सेवा अभिलेख के आधार पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 का अतिउत्कृष्ट सेवा कोतवाली नगर की वर्दी पर उक्त पदक चिन्ह लगाकर सम्मानित किया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉश अखिलेश नारायण सिंह मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

## भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व मा. वि. पेरडियाजीत में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेरडियाजीत (बढ़या) में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मोदी योगी सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर बताया कि मोदी योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की संतृप्तीकरण व सेवाओं के विस्तार में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक गांव में इसका बेहतर क्रियान्वयन हो इसके लिए सभी लोगों को जागरूक होकर एक दूसरे से सभी योजनाओं पर चर्चा करना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशन योजनायें, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना स्टाल, समेत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया, इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस दौरान सभी भारत को विकसित व समृद्ध बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान लालजी शुक्ला, भीम चौधरी आदि सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कुदरहा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 388 लोगों का हुआ परीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा (बनहरा) पर गुरूवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय मेगा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 388 मरीजों का कोविड जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जिसमें मानसिक रोग के 103 मरीज शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत गायघाट प्रतिनिधि बालकृष्ण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कैंप लगने से क्षेत्र के लोगों को सीधी लाभ पुहंचेगा। एक ही मंच पर एक साथ जनपद के विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध है। भाजपा सरकार आम जनमानस की समस्याओं को देखते हुए इस तरह का स्वास्थ्य परीक्ष कैम्प लगा कर हो रहा है। साथ ही साथ भाजपा की उपलब्धियों को गिनाया। विशिष्ट अतिथि व नगर पंचायत गायघाट के अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बरदान सावित होगा। सभी लोग परीक्षण करा कर निःशुल्क दवा प्राप्त करें। मनोरोग बिशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार दूबे ने बताया कि याददाश्त की कमी, नींद न आना, तनाव, उलझन, घबराहट, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, निराशा व आत्महत्या का विचार जैसे लक्षणों के प्रतीत होने से मानसिक समस्या हो सकती है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकिसक से परामर्श अवश्य लें। कार्यक्रम के अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरहा प्रभारी डॉ फैज वारिस, पवन सिंह व कार्यक्रम का संचालन हरगोविंद द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम मे सास बहू बेटा सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी बीसीपीएम राघवेन्द्र त्रिपाठी ने दी। शिविर में मुख्य रूप से डॉ निधि राव, डॉ रजनी, बदरे आलम, फार्मासिष्ट दीनानाथ वर्मा, लैब टेक्नीशियन बिजय कुमार, ओम प्रकाश, लाडविन, नीलम शुक्ला, राघवेन्द्र त्रिपाठी, पवन सिंह, इब्राहीम खान, रंजना, अनुपम, नीरज कुमार, शुभम गौतम, जय राम पटेल, कुसुम सिंह, अनुपम, राजेंद्र प्रसाद, राहुल, राघवेंद्र प्रसाद, हरीश श्रीवास्तव, अभय चंद मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

## अवैध कब्जा करने वाले शीघ्र जगह करें खाली



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील क्षेत्र के महरीखावा व नेबुलवा ताल पर वृहस्पतिवार को अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर एसडीएम सदर टीम ने राजस्व टीम के साथ अस्थलीय निरीक्षण किए। जिसमें अवैध कब्जा किए लोगों को खाली करने की हिदायत दी। एसडीएम सदर गुलाबचंद्र राजस्व टीम के साथ महरीखावा (पांडेय पोखरा) व नेबुलवा ताल पर अबैध कब्जे की शिकायत मिली थी। शिकायत पत्र के आधार पर स्थलीय जांच की। राजस्व टीम के पैमाइश पर अवैध कब्जा किए लोगों को हिदायत देते हुए शीघ्र खाली करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। इन लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत जनवल के पंचायत भवन पर विकसित भारत यात्रा का वाहन पहुंचा तो ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी और ग्रामीणों ने स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। मौजूद लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। लोगों को संबोधित करते हुए अनिल दुबे ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार समाज के अंतिम पत्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। अगर किसी पात्र को संबंधित योजना का लाभ न मिला हो तो वह आकर अपने पंचायत सचिव के पास उसे नोट कराए, उसे लाभ अवश्य मिलेगा। विकसित भारत यात्रा में लगातार गायक चल रहे विभागों की भी क्लास ब्लॉक प्रमुख ने लगाई एक-एक लोगों को खड़ा होकर उनकी उपस्थिति का जायजा लिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहन पाल, पंचायत सचिव रवि प्रकाश पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग की प्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में गांव की महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजना से किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत देवपुर मस्जिदिया व बरडाड़बरगदही मे ग्राम प्रधान सुनैना त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द मणि त्रिपाठी ने ग्राम वासियों से योजनाओं का लाभ लेने को कहा और मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

देवपुर मस्जिदिया मे रचना श्रीवास्तव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अध्यक्षता करते हुए सरकार की संचालित योजनाएं के बारे मे बताया। विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा सदर विधायक द्वारा आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड योजना के लाभार्थियों के संबंध में बताया अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा 2017 मे जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तभी से माता को फ्री गैसे सिलेंडर देकर नारी का सम्मान बढ़ाया है तो प्रधानमंत्री जी ने किया है किसान सम्मान निधि देकर मान सम्मान बढ़ाया है सौचालय देकर नारी का सम्मान बढ़ाया है। पूर्व की सरकार मे महिला घर से बाहर निकलने से डरती थी लेकिन आज अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है हर जगह भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा जनवरी में लोकार्पण किया जायेगा। विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा की सरकार द्वारा फ्री में राशन, गैस सिलेंडर, सौचालय, आवास योजना के तहत रहने के लिए गरीब परिवार को मकान तक दे रही है। सचिव प्रियंका गोस्वामी द्वारा सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने बरडाड़बरगदही में भारत देश को विकसित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान कुलदीप यादव, सचिव प्रियंका गोस्वामी, एडीओ कापरेटिव यूनूस अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, विश्वव हिन्दू महासंघ जिला अध्यक्ष सुनील कुमार त्रिपाठी, मुसे सिंह, कमलेश चौरसिया, मो. आरीफ, बाल मुकुंद मिश्र, राजन मिश्रा, प्रीती भुषण, रमा सिंह पटेल, डा. दीपक जयसवाल डा.सुप्रिया मद्धेशिया, डा. जनार्दन मणि त्रिपाठी राहुल सिंह, नीतू, निजाम जिलानी, इसरार अहमद, उपेन्द्र श्रीवास्तव, पंकज बाबा संतोष कुमार गिरि आंगनबाड़ी प्रीती रानी, सफाई कर्मी दिनेश सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्टाल लगाकर दी तमाम योजनाओं का जानकारी

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत ग्राम पिकौरा में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभार्थियों को लाभ दिलाया जा रहा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अनिल अग्रहरि द्वारा बताया गया की जो भी पात्र लाभार्थियों हो योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।और सरकार के योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जा रहा है। देश के सभी प्रदेशों में निवास करने वाले लोग है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते थे इस लिए यह संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। एवं स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया प्रधान द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संकल्प यात्रा के तहत तमाम योजनाओं का स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सचिव शकील अहमद ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रधान राधेश्याम यादव, ग्राम पंचायत सचिव शकील अहमद, रोजगार सेवक राजनारायन, सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पहलवान, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष गोपाल तिवारी, राधेश्याम तिवारी, प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी आदि लोग मौजूद रहे।

## शोहरतगढ़ विधायक ने की बस स्टेशन के निर्माण की मांग

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधानसभा



क्षेत्र में बस स्टेशन के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी व शोहरतगढ़ में बहुत पहले से ही बस स्टेशन के निर्माण की मांग क्षेत्रीय लोगों के द्वारा की जाती रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन को इस संबंध में पत्र भी लिखा गया लेकिन क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी नहीं हो सकी। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा से भी दोनों जगहों पर बस स्टेशन निर्माण के लिए लोगों ने मांग किया। इसके बाद उन्होंने कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री से मिलकर व पत्राचार करके बस स्टेशन के निर्माण का निवेदन किया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## खेल प्रतियोगिता कूड़ी में जूनियर स्तर दौड़ में आबिद व कविता रहे अव्वल



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के ग्राम कूडी में युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। ग्राम कूड़ी में युवा कल्याण विभाग के द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जूनियर बालक 100 मीटर दौड़ में हल्लौर के आबिद हुसैन व बालिका वर्ग में कूड़ी की कविता ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमे जूनियर 200 मीटर दौड़ में हल्लौर के आबिद हुसैन प्रथम व कूड़ी की सीमा द्वितीय रहे। जूनियर लम्बी कूद लोहरौली की सविता प्रथम व रीमा कूड़ी द्वितीय रहे। भाला जूनियर मे कूड़ी की सविता प्रथम व सीनियर मे रागिनी द्वितीय रहे। इसके अलावा वॉलीबॉल में बभनी प्रथम व कबड्डी में कूड़ी की टीम प्रथम रही। समस्त खेल का आयोजन बीओ राघवेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है समय-समय पर ऐसे खेलों का आयोजन होते रहना चाहिए। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभान यादव, गुलाम हुसैन रिजवी, संतोष सिंघानिया, अशोक, जामिन अब्बास, अशरफ आदि मौजूद रहे।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए नोडल अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मिठवल बीआरसी पर शारदा कार्यक्रम के तहत स्कूलों में चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों को संघठित पाठक्रम पर आधारित विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों को परिभाषित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने बताया कि ऐसे बच्चे जिनका कभी विद्यालय में नामांकन नहीं हुआ था एवं जिनका नामांकन तो हुआ था, लेकिन शिक्षा पूर्ण करने से पहले विद्यालय से ड्राप आउट हो गए, को इस श्रेणी में रखा गया है। यदि कोई बच्चा 45 दिन से बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित है तो उसे ड्राप आउट की श्रेणी में रखा जाएगा। इन ड्राप आउट बच्चों का शारदा पोर्टल पर रेजिस्ट्रेशन करना है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के बारे में बताया गया कि यह अधिनियम बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, पढ़ने लिखने पर जोर, भयमुक्त वातावरण, गतिविधि आधारित शिक्षण एवं बच्चों में मूलभूत दक्षताएं विकसित करने का अधिकार प्रदान करता है। प्रशिक्षण में कुल 115 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन एडी बेसिक संजय कुमार शुक्ला के द्वारा औचक निरीक्षण कंपोजिट विद्यालय कटिबंध का किया गयाद्य इसमें सब कुछ सही पाया गया, कंपोजिट विद्यालय मनिकौरा नॉनकर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी शिक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया, प्राथमिक विद्यालय बेलगड़ी का भी निरीक्षण किया गया जहां सब कुछ सही पाया गया। उनके बीआरसी पर चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया द्य जहां पर सकुशल प्रशिक्षण संपन्न कराया जा रहा है साथ ही साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजरडीह का भी निरीक्षण किया गया जिसमें सभी शिक्षक मौजूद मिले एमडीएम की भी जांच की गई जहां सब कुछ सही पाया गया द्य एडी बेसिक संजय कुमार शुक्ला को खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल और शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा बुके और फूल देकर स्वागत किया गया।

## खलीलाबाद-बहराइच रेलवे पटरी के प्रथम चरण का हुआ शिलान्यास

**सिद्धार्थनगर।** खलीलाबाद- बहराइच रेलवे पटरी के प्रथम चरण का गुरुवार को भाजपा नेता व सांसद जगदम्बिका पाल के पुत्र अभिषेक पाल ने पिपरा में भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करते हुए अभिषेक पाल ने कहा कि रेल लाओ संघर्ष सीमित 2004 से संघर्ष किया, जिसका सांसद जगदम्बिका पाल के प्रयास स्वीकृति हुआ। आज क्षेत्रवासियो के चेहरे पर मुश्कान आयी।

रेल लाइन से क्षेत्र का चतुर्दिक विकास होगा खलीलाबाद से बहराइच 254 किमी के कार्ययोजना मे प्रथम फेज मे 54 किमीः पर कार्य होना है बहुप्रतीक्षित रेलवे लाइन के शिलान्यास मे सांसद पुत्र अभिषेक पाल, रेलवे के अधिकारी रवीन्द्र मेहरा द्वारा खेसरहा रेलवे स्टेशन से बाँसी रेलवेस्टेशन 11 किमी का शिलान्यास पिपरा मे हुआ इस मौके पर राजेन्द्र पान्डेय, शिवेन्द्र द्धिवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेन्द्र पान्डेय, राकेश पान्डेय, रामशंकर मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, नित्यानंद पान्डेय, चन्दन पांडेय, राकेश मिश्र, दिलीप चतुर्वेदी, दिग्विजय राय, संजय धर द्विवेदी अमरेंद्र प्रताप सिंह प्रिन्स शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** झारखंड प्रांत के खूंटी से आरंभ हुई



विकसित भारत संकल्प यात्रा का जलालपुर की सरजमीं पर जोरदार स्वागत हुआ तो आयोजको के चेहरे खुशी से खिल उठे। जलालपुर तहसील के ग्राम शाहपुर फिरोजपुर की धरती पर जैसे ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ लेकर संयोजक प्रभात जायसवाल पहुंचे तो भाजपा अयोध्या प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी तादाद में मौजूद विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने जोरदार स्वागत किया। डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के मुखिया नरेंद्र मोदी और सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश नित नई ऊंचाई छू रहा है। जमीन से लेकर चांद सूरज तक देश ने अतुलनीय प्रगति की है। उपायुक्त मनरेगा आर पी मिश्र ने अपने संबोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा विषय पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद सिरसा मुंडा की पावन धरती पर देश के प्रधानमंत्री ने इस यात्रा की शुरुआत की। जिसका मकसद देश को सन 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़ा करना है।शाहपुर फिरोजपुर के प्रधान शैलेंद्र यादव ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# कार्य प्रणाली में सुधार न होने पर दर्ज कराई जाएगी प्राथमिकी: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक हाजलपट्टी की स्थापना के निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देखकर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम की कार्यपद्धति एवं कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की गयी।

परियोजना प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि यह कार्य मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत अति प्राथमिकता कार्यक्रम में शामिल है। शासन स्तर से धनराशि अवमुक्त हो गई है परंतु जिलाधिकारी के निवर्तन पर यह धनराशि अवमुक्त कराए जाने हेतु कार्यदाई संस्था द्वारा नियमानुसार कार्यवाही नहीं की गई। कार्य की प्राथमिकताओं को देखते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए परियोजना प्रबंधक, स्थानीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता समस्त को निर्देश दिए गए कि अब तक की गई कार्यवाही से लिखित रूप से अवगत कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिए गए की समस्त पूर्व में की गई कार्रवाई और पत्राचार को सम्मिलित करते हुए कार्य संस्था की लचर प्रणाली के विरुद्ध जिलाधिकारी के स्तर से पत्राचार कराए।

कार्यदाई संस्था के कार्य प्रणाली में दो दिन के अंदर यदि सुधार नहीं होता है तो जिम्मेदार अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। अवगत कराना है कि कल दिनांक 13 दिसंबर 2023 को 50 लाख से अधिक निर्माणाधीन कार्यदाई संस्थाओं की बैठक ली गई थी। जिन कार्यों में अपेक्षित प्रगति बहुत धीमी गति से हो रहा है उनका जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिपरा में बृहस्पतिवार को आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल अग्रहरि ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी हैं जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं वहां उपस्थित लोगों को विकसित राष्ट्र व पीएम के संकल्प को साकार करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गयी और स्कूली बच्चियों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रधान प्रतिनिधि गौतम वरुण ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

# लड़कियों व महिलाओं को भी अपनी आजीविका कमाने की मिली जरिया: जमीरुन्निशा

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सिलाई मशीन व किट जो प्लान इंडिया द्वारा मुझे प्राप्त हुई है, वह न सिर्फ़ मुझे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगी,

**महिलाओं का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना बेहद ज़रूरी: विनोद**

बल्कि मेरी जैसी अन्य लड़कियों व महिलाओं को भी अपनी आजीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। उक्त बातें 20 वर्षीया जमीरुन्निशा ने प्लान इंडिया द्वारा आयोजित सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। ग़ौरतलब है कि प्लान इंडिया द्वारा भारत नेपाल सीमा स्थित बढ़नी एवं शोहरतगढ़ प्रखण्ड की 11 पंचायतों के 35 अतिवंचित परिवारों का चिन्हीकरण कर उन्हें सिलाई प्रशिक्षण दिलवाया गया था। 25 दिन का गहन प्रशिक्षण बाद आज सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वितरण कार्यक्रम में ज़िला प्रोफ़ेशन अधिकारी विनोद कुमार राय, युवा कल्याण आधिकारी राम प्रताप, एस एस बी के इंस्पेक्टर के पी एम वंजीनाथन, लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद




कुमार त्रिपाठी, प्रधान संघ के ज़िला अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र एवं प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश गुप्ता उपस्थित थे। सिलाई मशीन प्राप्त की 22 वर्षीय बबीता ने बताया कि समाज में लड़के और लड़कियों, पुरुषों और महिलाओं में भेदभाव आज भी देखने को मिलता है। ऐसे में जब महिलाएँ सशक्त होंगी तो अपने निर्णय लेने में भी सक्षम होंगी, परिवार में उनकी आवाज को भी तवज्जो मिलेगी। वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िला प्रोफ़ेशन अधिकारी श्री विनोद राय ने प्लान इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमावर्ती जनपद में पहली बार किसी संस्था ने सरकार के सहयोग से लड़कियों व महिलाओं को केंद्र में रखकर अभुतपूर्व कार्य किया है। प्लान इंडिया ने जनपद में 800 से अधिक परिवारों से राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का बेहतरीन कार्य किया है।

## चुनाव आयोग की स्वतन्त्रता

चुनाव आयोग के फैसलो को लेकर विपक्ष अक्सर विरोध करता रहता है और पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। संविधान के अर्टिकल 50 में प्रदत्त अधिकारो के बारे में है। 1991 के संशोधन में जो कमी रह गयी थी उसे ठीक किया गया है। इसमें कोई नया कानून नही जोड़ा गया। केन्द्रीय विधि एवम् न्यायमंत्री ने राज्य सभा में बताया मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त के नियुक्त सम्बन्धी विघेयक सुप्रीकोर्ट के निर्देशो के अनुसार ही है। संविधान में प्रदत्त अधिकारो के तहत ही नियुक्ति और सेवा शर्तो में संशोधन किया गया है। यह भी बताया अब विपक्ष का संशोधन और विधेयक को प्रवर समिति को भेजने सम्बन्धित प्रस्ताव निरस्त हो गया है। लोक सभा ने यह विघेयक पहले ही पारित कर दिया था। अब राज्य सभा में भी पारित हो गया है। अब चुनाव आयुक्त को सुप्रीमकोर्ट के न्यायधीश के बराबर दर्जा दिया गया है, और उनके वेतन भी न्यायधीश के बराबर होगे। चुनाव कमीशन के सदस्यों पर उनके फैसले और वक्तव्य को लेकर किसी प्रकार का भी मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा न तो कोर्ट में पेश होने का आदेश दे सकता है। इस तरह चुनाव कमीशन अपने में पूरी तरह सशक्त हो कर उभरा है और उसे निष्पक्ष बने रहने के लिये अलग से ताकत मिल गयी है। हर चुनाव आयुक्त शेषन नही हो सकता। पर नये संशोधन ने चुनाव आयुक्तो के मानोबल में भारी इजाफा कर दिया। आम आबादी चुनाव आयुक्त के दिये गये अधिकारों और वेतनमानो को लेकर काफी सन्तुष्ट है उनका चुनाव आयोग पर विश्वास पक्का हो गया है।

आयुक्तों के चुनाव के सम्बन्ध में कुछ और स्वतन्त्रता की जरूरत महसूस की जा रही है। अभी की व्यवस्था में चयन समिति का प्रावधान किया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होगे। सदस्य के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केन्द्रीय मंत्री और प्रतिपक्ष का नेता सदस्य होगे। अगर प्रतिपक्ष में संख्या में कमी की वजह से कोई दल प्रतिपक्ष का नेता नहीं दे पया है तो मौजूदा सदस्यों में प्रतिपक्ष की पार्टी के सबसे बड़े दल का सदस्य आयोग के चयन समिति का सदस्य होगा। नियुक्ति प्रक्रिया कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र के अन्तरगत आता है। यह विघेयक निर्वाचन आयोग के आयुक्तो और उपआयुक्तों की सेवाशर्ते और कार्य संचालन कानून 1991 का स्थान लेगा।

पहले चुनाव आयोग के सदस्यों वेतन कैवीनेट सेक्रेट्री के बराबर होता था। इस संशोधन ने उनका वेतन सुप्रीम कोर्ट के जजो के बराबर कर दिया है। क्योकि चुनाव आयोग उसके सामने आये प्रतिवादों का निपटरा कोर्ट की तरह कार्यवाई करके करता है। संविधान आर्टीकल 324 आयोग को कार्य करने की स्वतन्त्रता देता है। चुनाव कमिशन को पद से हटाना उतना ही मुशकिल है जितना सुप्रीम कोर्ट के जजो के हटाने की प्रक्रिया होती है। इस तरह चुनाव आयोग का महत्व और बढ़ गया है। पहले उसे केबीनेट स्तर से नीचे के स्थान मिलता था। उसके सदस्यों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और त्वरित गति से कार्यो का निष्पादन करने में सक्षम हो जायेगे। क्योकि चुनाव कमीशन क्वासी जूडिशियल का कार्य तो करता ही है और करता रहा है। आयोग के सदस्यों के चुनाव में सर्च कमेटी में कुछ बदलाव किया गया है। सर्च कमेटी ने पोलिटिकल इक्जीक्यूटिव को सम्भावित आयोग की सदस्यों के लिये चुनाव करने का जिम्मा दिया है। अब कैविनेट सेक्रट्री को हटाकर यह कार्य कानून मंत्री को इसका हेड बनाया गया है। इससे चुनाव कमीशन का महत्व और बढ़ गया है। पहले के बिल में कुछ कमियां थी जिन्हें इस संशोधन द्वारा पूरी तरह दूर कर दिया गया है। चुनाव आयोग के सदस्यों पर कानूनी मुकदमें सीविल या क्रिमिनल उनके वक्ततव्यों और कर्तव्यों को लेकर नहीं चलाया जा सकेगा। यह संशोधन चुनाव आयोग के महत्व को बहुत अच्छी तरह मुल्क की निगाहें में बढ़ा दिया है। अब लोग छोटी-छोटी बातो के लेकर आयोग के ऊपर आक्षेंप लगाने से बाज आयेगे। राजनैतिक दल हारने पर पक्षपात इवीएम की हेरीफेरी करने जैसे आरोप लगाने से बचेगे। इवीएम को लेकर लोगो द्वारा आक्षेपो को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्यों के एक बार बुलाकर इवीएम उनके सामने रखकर पूछा बताईये इसमें कैसे हेराफेरी की जा सकती है। कुछ पार्टी के सदस्य तो आप ही नहीं जो आये भी वे बगले झांकने लगे।

विधानसभा चुनाव में हारा विपक्ष इवीएम की खराबी और पक्षपात का आरोप लगा रहा है। कुछ कह रहे है बैलेट पेपर व्यवस्था फिर चालू किया गया। समाजवादी अखिलेश कह रहे है इवीएम को लेकर लोकमत इकट्ठा किया जाये। जब बैलेट पेपर बक्सों के अन्दर पड़ते थे तब तो और भी धांधली होती थी। बैलेट पेपर छीनकर खुद ही मोहर लगाकर बाक्सो में डाल देते थे। वर्तमान चुनाव कमीशन के सभावित सदस्यों के लिये चुनाव एकमत से बनाया जाय तो और उत्तम व्यवस्था होगी।

## संसद की सदस्यता के सम्बन्ध में अपनाये जा रहे दोहरे मापदण्ड


मुहम्मद कमर खाँ

तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित कर दिया गया। पश्न पूछे जाने के बदले रिश्वत मामले की जांच के पष्चात् उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गयी, जब कि महुआ मोइत्रा का दावा है कि इस मामले हेतु, गठित की गयी एथिक्स कमेटी द्वारा न उनकी बात सुनी और न ही हीरा नन्दानी को अपनी सफाई प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। महुआ मोइत्रा का कहना था कि जो आरोप उन पर लगाये गये, उनमें कोई सच्चाई नहीं थी क्योंकि रिष्वत की कोई धनराषि न तो कहीं से बरामद हुयी और न ही किसी प्रकार का कोई उपहार स्वीकार करने सम्बन्धी कोई साक्ष्य ही प्रस्तुत किया गया। सम्बन्धित कमेटी का यद्यपि यह कहना था कि महुआ मोइत्रा को अनुचित व्यवहार हेतु और षिष्टाचार के विरूद्ध आचरण अपनाये जाने पर संसद से निष्कासित किया गया। यहां इतना अवष्य स्पष्ट हो गया कि महुआ मोइत्रा के विरूद्ध राजनीतिक कारणों से कार्यवाही की गयी और उन्हें संसद से निष्कासित कर दिया गया। जो आरोप उन पर लगाये गये उनमें दिलचस्प यह कि भाजपा के सदस्य निषीकान्त दुबे ने यह आरोप लगाये थे। किसी जांच एजेन्सी के स्तर पर इसकी कोई विस्तृत जांच नहीं करायी गयी, और न ही कोई रिपोर्ट पेष की गयी। केवल गठित कमेटी की जांच और उसकी रिपोर्ट के आधार पर उन्हें संसद से निष्कासित कर दिया गया। यदि देखा जाय तो संसद में कई सदस्य ऐसे हैं जिनके विरूद्ध संगीन आरोप हैं, कुछ संसद सदस्यों के विरूद्ध तो हत्या के आरोप हैं तो कुछ बालात्कार के आरोपी हैं और कुछ तो महिलाओं के विरूद्ध उत्पीड़न एवं अत्याचार के आरोपों का भी सामना कर रहे हैं। इन सबके बावजूद ऐसे संसद सदस्यों के विरूद्ध केवल मुकदमा पंजीकृत करने में कई कई महीने लग जाते है, उनके विरूद्ध जांच तक प्रारम्भ नहीं हो पाती ऐसे में सदन की सदस्यता रद्द करने का तो प्रष्न ही नहीं उठता। जहां तक महुआ मोइत्रा का प्रष्न है उनके प्रकरण हेतु गठित एथिक्स कमेटी ने उनके विरूद्ध रिपोर्ट 7 दिसम्बर को लोकसभा में प्रस्तुतकी और कुछ ही घन्टों के अन्दर तीव्रता पूर्वक कार्यवाही करते हुए, उन्हें दिसम्बर में सदन से निष्कासित कर दिया गया। इससे संसद सदस्यों के प्रति अपनाये जाने वाले दोहरे मापदण्ड का अन्दाजा होता है। महुआ मोइत्रा के विरूद्ध जो आरोप लगाये गये उनकी जांच किसी एजेन्सी से नहीं करायी गयी। विषय संदर्भ में सच्चाई का पता लगाने के बजाये, आभास तो यह होता है कि शुरू में ही निर्णय ले लिया गया था कि एथिक्स कमेटी गठित कर, इच्छा के अनुरूप प्रतिकूल संस्तुति करवाते हुए तद्नुसार निर्णय लेकर, महुआ मोइत्रा को निष्कासित कर दिया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

लोकसभा की ताजा घटना में किसी तरह का नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन इसने हमारी सुरक्षा व्यवस्था में रही खामियों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूदने के बाद सदन को धुएं से भरना कोई छोटी घटना नहीं मानी जा सकती। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि संसद में प्रवेश करने वाले आगंतुकों की जांच-पड़ताल कई स्तरों पर होती है। फिर दोनों युवक जूते में स्प्रे छिपाकर लाने में कामयाब कैसे हो गए ? वे हथियार भी जूते में छिपाकर ला सकते थे। खास बात यह है कि अमरीका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंककारी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 13 दिसंबर या इससे पहले संसद पर हमले की खुली चेतावनी भी दी थी।

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला


रोहित माहेश्वरी

देश के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन में आज सुरक्षा में चूक की दो घटनाएं घटीं। पहली- संसद के बाहर दो लोगों के प्रदर्शन करने और दूसरी- लोकसभा में कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोग सदन के बीच में कूदने की। जब दो संदिग्ध सदन में कूदे तो सदन में कुछ धुआं सा उठा। हालांकि, दोनों ही घटनाओं के संदिग्धों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। यह चौंकाने वाला संयोग था कि नई संसद की लोकसभा में घटना उस दिन सामने आयी, जिस दिन देश संसद पर 22 साल पहले हुए हमले के शहीदों को याद कर रहा था।

दोपहर में जब शून्यकाल समाप्ति की ओर था, अचानक दो युवक लोकसभा की दर्शक दीर्घा से कूदे। वे कुछ नारे लगा रहे थे और उन्होंने जूते में छिपाकर लाए गए रंगीन गैस निकालने वाले पात्र को खोलकर सांसदों को सांसत में डाल दिया। जाहिर है सांसदों में अफरा-तफरी मचनी ही थी। आशंका थी कि उनके पास कोई घातक हथियार न हो। इसी बीच संसद के बाहर भी एक युवती व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया, जो नारेबाजी कर रही थी और एक पीले रंग का धुआं फैला रही थी। निस्संदेह, यह घटना संसद व सांसदों की सुरक्षा में एक चूक थी। इस घटना ने एक बार फिर से 22 साल पुराने आतंकी घटना की याद ताजा कर दी है, जब पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने 13 दिसंबर, 2001 को भारतीय संसद परिसर पर हमला किया था और गोलियों की तड़तड़ाहट से देश सहम उठा था। इस आतंकी हमले में दिल्ली पुलिस के कई जवान समेत नौ लोग शहीद हुए थे. हालांकि, सुरक्षा बलों ने पांचों आतंकवादियों को मार गिराया था। लोकसभा की ताजा घटना में किसी तरह का नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन इसने हमारी सुरक्षा व्यवस्था में रही खामियों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूदने के बाद सदन को धुएं से भरना कोई छोटी घटना नहीं मानी जा सकती। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि संसद में प्रवेश करने वाले आगंतुकों की जांच-पड़ताल कई स्तरों पर होती है। फिर दोनों युवक जूते में स्प्रे छिपाकर लाने में कामयाब कैसे हो गए? वे हथियार भी जूते में छिपाकर ला सकते थे। खास बात यह है कि अमरीका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंककारी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 13 दिसंबर या इससे पहले संसद पर हमले की खुली चेतावनी भी दी थी। तो क्या पन्नू की धमकी को सुरक्षा एजेंसियों ने हल्के में लिया। एक युवक और एक युवती ने संसद के बाहर भी पीले रंग का धुआं छोड़कर सनसनी मचाई। सुरक्षा चूक का मामला 22 साल पहले संसद पर हुए आतंकी हमले तक ही सीमित नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या भी सुरक्षा में चूक के चलते ही हुई थी। देश में दूसरे कई नेता भी आतंकी और नक्सली हमलों में अपनी जान



गंवा चुके हैं। यूं तो 2001 के आतंकी हमले के बाद संसद के सुरक्षा तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन किये गए हैं, लेकिन लगता है संसद का आंतरिक सुरक्षा तंत्र इस तरह की घटना के लिये तैयार नहीं था। इस घटना में कुल 6 लोग शामिल बताए जा रहे हैं। सागर और मनोरंजन सांसद विजिटर पास से लोकसभा में घुसे। वहीं, सदन के बाहर अमोल और नीलम ने पीले रंग का धुआं छोड़ा। इनके पास से कोई फोन या बैग बरामद नहीं हुआ। बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों लोगों का दावा है कि ये खुद संसद पहुंचे और उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है। पांचवां व्यक्ति गुरुग्राम का विक्की शर्मा है। जिसने हमले से पहले सभी को अपने घर रोका था। पुलिस ने उसे पत्नी समेत अरेस्ट कर लिया है। पुलिस को शक है कि इसी के घर हमले की प्लानिंग हुई थी। छठे व्यक्ति का नाम ललित झा बताया जा रहा है, जो गुरुग्राम में रहता था। यह फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने बताया कि सभी 6 लोग ऑनलाइन मिले थे। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे ये अंदाजा लगे कि इनका संबंध किसी आतंकी संगठन से है।

कूदने वाले युवकों के नाम सागर व मनोरंजन बताए गए। सागर शर्मा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का रहने वाला है। सागर शर्मा के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, सागर शर्मा लखनऊ के आलमबाग के रामनगर का रहने वाला है। सागर की मां ने दावा किया है कि सागर घर में यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली में किसी धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन परिसर में रंगीन धुआं उड़ाने वाली महिला नीलम व उसके साथी को गिरफ्तार किया। नीलम हरियाणा की रहने वाली है। निश्चित रूप से इस सुरक्षा चूक से सुरक्षा तंत्र में खलबली मचनी स्वाभाविक थी, क्योंकि मामला संसद व सांसदों की सुरक्षा से जुड़ा था।

पुलिस व खुफिया एजेंसियां पकड़े गए लोगों से गहन पूछताछ कर रही हैं। गिरफ्तार लोगों के घरों से भी पूछताछ की गई है। यहां तक कि मैसूर में मनोरंजन के पिता ने बेटे की हरकत की निंदा की है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, लेकिन नौकरी नहीं कर पाया। वह गांव में पुश्तैनी जमीन पर खेती करता था। हमें समझ में नहीं आया उसने ऐसा क्यों किया, हमने उसे अच्छी तालीम व संस्कार दिए हैं। निस्संदेह आप संसद के बाहर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इस तरह के कृत्य को किसी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह की अराजकता लोकतंत्र में अक्षम्य ही है। बहरहाल, मामले में चूक की जांच के लिये विशेष दल गठित किया गया है। बताया जा रहा है कि संसद के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाने वाली नीलम जींद जिले के उचाना के एक गांव की है। नीलम के परिजन भी कहते हैं कि उसने ऊंची शिक्षा की डिग्री के अलावा यूजीसी का नेट भी क्वॉलीफाई किया था और वह अपनी बेरोजगारी को लेकर हताशा में थी। संयोग की बात कि किसी के परिवार को नहीं पता था कि उनके बच्चे दिल्ली गए हैं और ऐसा कृत्य कर सकते हैं। सागर शर्मा मैसूरु से लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा की अनुशंसा के आधार पर मिले पास के जरिये दर्शक दीर्घा तक पहुंचा था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कुछ नेताओं ने सुरक्षा प्रोटोकॉल में कमियों की ओर इशारा किया।

निस्संदेह, संसद दीर्घा तक लोग सांसद द्वारा बनाये पास के जरिये ही पहुंचते हैं। वैसे संसद की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी लोकसभा के अधीन काम करने वाली पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की होती है। सत्र के दौरान बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों, आईटीबीपी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एसपीजी, एनएसजी आदि की उपस्थिति अलग से रहती है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा कि गृह मंत्री को संसद की सुरक्षा में इस गंभीर चूक की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने नयी संसद की डिजाइन पर भी सवाल उठाये और कहा कि दीर्घा सांसदों के सिर के ऊपर बनी है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। असल में सुरक्षा व्यवस्था में चूक कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। बेहतर तो यही होगा कि इस पर राजनीति करने की बजाय चूक के कारणों की समीक्षा तो हो ही, भविष्य में ऐसी घटना न हो इसका बंदोबस्त भी किया जाए।

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा थे सरदार पटेल

एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं।


ललित गर्ग

कर्मवीर व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान् लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान् इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के



समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपने निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्वी बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं की कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने 'साल' का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा 'शील' का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की। उन्हें भारतीय राजनीति का आदर्श बनाकर प्रस्तुत करने की।

सरदार पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व ही पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देसी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देसी राजाओं को बहुत समझाया कि उन्हे स्वायत्तता देना सम्भव नहीं होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन को छोड़कर शेष सभी रजवाडों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। केवल जम्मू एवं कश्मीर, जूनागढ तथा हैदराबाद के राजाओं ने ऐसा करना नहीं स्वीकारा। जूनागढ के नवाब के विरुद्ध जब बहुत विरोध हुआ तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और जूनागढ भी भारत में मिल गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहाँ सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। यह असंभव जैसा कार्य सरदार पटेल की निडरता, साहसिकता एवं जुझारूपन के कारण ही संभव हो पाया। वे अपनी विलक्षण सोच एवं अद्भुत कार्यक्षमता से असंख्य लोागों के प्रेरक बन गए। उनका जीवन एक यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई देने की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूह से बाहर निकलने की यात्रा, परतंत्रता से स्वतंत्रता की यात्रा, विखराव से जुड़ाव की यात्रा। उनका अभियान सफल हुआ और यह देश एकता के सूत्र में बंधा। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम।

सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं उपलब्धियों का समवाय है जिसमें सर्वत्र देश के लिए त्याग भावना एवं कुछ नया करने का जज्बा दिखाई देता है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध खेड़ा सत्याग्रह और बरडोली विद्रोह का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। 1922, 1924 और 1927 में अहमदाबाद नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए। 1931 में कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। भारत के राजनैतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल को 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया जिससे पुरे गुजरात में आन्दोलन और तीव्र हो गया और ब्रिटिश सरकार गाँधी और पटेल को रिहा करने पर मजबूर हो गयी। इसके बाद उन्हें मुंबई में एक बार फिर गिरफ्तार किया गया। महात्मा गाँधी के प्रति सरदार पटेल की अटूट श्रद्धा थी। गाँधीजी की हत्या से कुछ क्षण पहले निजी रूप से उनसे बात करने वाले पटेल अंतिम व्यक्ति थे। उन्होंने सुरक्षा में चूक को गृह मंत्री होने के नाते अपनी गलती माना। उनकी हत्या के सदमे से वे उबर नहीं पाये। गाँधीजी की मृत्यु के दो महीने के भीतर ही पटेल को दिल का दौरा पड़ा था। सरदार पटेल की पंडित जवाहरलाल नेहरू से अच्छी मित्रता एवं मधुर संबंध थे, लेकिन कई मसलों पर दोनों के मध्य मतभेद भी थे।

# लिव इन रिलेशन-क़ानून बनने के बाद भी विरोध जारी

सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में फ़ैसला देते हुए कहा था कि, वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आज़ाद है। परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई ख़बरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुईं। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज' कहा जाता है।


निर्मल रानी

लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश में क़ानूनी मान्यता हासिल हो चुकी है। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को 1978 में कानूनी मंज़ूरी मिली थी। उस समय बद्री प्रसाद बनाम डायरेक्टर ऑफ़ कंसॉलिडेशन नामक एक मुक़द्दमे में सर्वोच्च न्यायलय ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया था। इसके बाद 2010 में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को क़ानूनी मान्यता दी गई थी। परन्तु क़ानूनी मान्यता मिलने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में बनने वाले शारीरिक रिश्ते अर्थात बिना शादी किए एक ही घर में एक साथ रहने पर सामाजिक दृष्टिकोण से बार-बार सवाल उठते रहे हैं। लिव-इन रिलेशनशिप क़ानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीँ दूसरी तरफ़ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे ग़ैर पारंपरिक, अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की ज़रूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। फिर भी 1978 में क़ानूनी मंज़ूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस क़ानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ़ की श्रेणी में आता है। सर्वोच्च न्यायालय तो यहाँ तक कह चुकी है कि शादीशुदा होने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी कोई गुनाह नहीं है। और इससे भी कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि शादीशुदा व्यक्ति ने तलाक़ की कार्रवाई शुरू की है या नहीं।

निश्चित रूप से अदालत का यह फ़ैसला उन मानवाधिकारों की तर्जुमानी करता है जिसके तहत किसी भी व्यस्क व्यक्ति को अपने जीवन व भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार हासिल है। ज़ाहिर है जब किसी व्यस्क को अपनी मर्ज़ी का कपड़ा पहनने, खाने-पीने, अपने शैक्षिक विषय चुनने, अपना कैरियर चुनकर भविष्य निर्धारित करने जैसे सभी अधिकार हासिल हैं फिर उसे अपना जीवन साथी चुनने जैसा महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी हक़ होना चाहिये। क्योंकि यह निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में



फ़ैसला देते हुए कहा था कि, वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आज़ाद है। परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई ख़बरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुई। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज' कहा जाता है। परन्तु यह भी सच है कि सामाजिक व धार्मिक परम्परानुसार होने वाली शादियों में आने वाले किसी भी उतार चढ़ाव के समय परिवार व समाज बच्चों के साथ खड़ा होता दिखाई देता है। किसी भी पारिवारिक संकट के समय बच्चों के परिजन उनके साथ होते हैं। परन्तु लिव इन रिलेशन शिप में ऐसा नहीं हो पाता। क्योंकि चूँकि लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश की परम्पराओं व मान्यताओं के अनुसार अनैतिक माना गया है इसलिये प्रायः लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के इच्छुक लड़के या लड़की दोनों ही के परिजन इस रिश्ते में रहने के लिये शुरू से ही राज़ी नहीं होते। और यदि राज़ी होते भी हैं तो बच्चों के दबाव में आकर ही अपने अभिभावकों को इस रिश्ते में रहने के लिये किसी तरह अनमने तरीक़े से राज़ी कर लेते हैं। जबकि अदालत 'प्री-मैरिटल सेक्स' और लिव-इन रिलेशनशिप के संदर्भ अपने एक फ़ैसले में यहां तक कह चुकी है कि- इसमें कोई शक नहीं कि भारत के सामाजिक ढांचे में शादी अहम है, लेकिन कुछ लोग इससे इत्तेफ़ाक़ नहीं रखते और प्री-मैरिटल सेक्स को सही मानते हैं। आपराधिक क़ानून का मक़सद यह नहीं है कि लोगों को उनके अलोकप्रिय विचार व्यक्त करने पर सज़ा दें।

लिव-इन-रिलेशनशिप के ख़िलाफ़ सबसे अधिक धार्मिक व सामाजिक संगठन तथा खाप पंचायतें मुखरित रही हैं। गत वर्ष चरख़ी दादरी में आयोजित फोगाट खाप की सर्वजातीय महापंचायत में हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव करने और लिव इन रिलेशनशिप पर रोक लगाने के लिए सर्वसम्मति से फ़ैसला लिया गया था और सरकार से इन मामलों में संज्ञान लेने की मांग की गयी थी। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया था कि खाप द्वारा सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने व समाज में एकजुटता लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।इस पंचायत में सामाजिक कुरीतियों के ख़िलाफ़ जन जागरूकता अभियान शुरू करने को लेकर भी कई अहम फ़ैसले लिए गए थे । पंचायत में प्रतिनिधियों ने लिव इन रिलेशनशिप से सामाजिक ताना-बाना बचाने व लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों पर प्रतिबंध लगवाने की मांग की गयी थी । इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर जींद ज़िले की 23 खाप पंचायतें जाट स्कूल में इकठ्ठा हुई। यहाँ इन 23 खापों की महापंचायत में भी यही निर्णय लिया गया कि लिव इन रिलेशनशिप पर बना क़ानून सही नहीं है। इसको लेकर खापें बहुत नाराज़ हैं। इन खापों ने लिव इन रिलेशनशिप क़ानून को संसद के शीतकालीन सत्र में रद्द करने की मांग भी की है।

अदालत ने जिसतरह सामान्य शादी शुदा जोड़ों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों के मद्देनज़र क़ानूनों के माध्यम से संरक्षण प्रदान किया है ठीक उसी तरह लिव इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को तथा उनके बच्चों के अधिकारों को भी अपनी विस्तृत व्यवस्था देकर संरक्षित किया है। किसी व्यस्क के मानवाधिकार व निजी ज़िंदिगी के नाम पर मिले इस अदालती संरक्षण के बावजूद हमारा भारतीय पारम्परिक समाज चाहे वे खाप पंचायतें हों,साधू संत,धर्म गुरु या मौलवी -क़ाज़ी किसी भी धर्म के परम्परावादी लोग लिव-इन-रिलेशनशिप की इस व्यवस्था को पचा नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि लिव इन रिलेशन व्यवस्था के पक्ष में अदालती क़ानून बनने के बाद भी इसका विरोध अभी भी जारी है।

# खंड शिक्षाधिकारी कर रहा धनउगाही सीएम पोर्टल पर शिकायत

अवधनामा ब्यूरो

**धन उगाही का ऑडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल**

**कुशीनगर।** सेवरही विकास खण्ड में तैनात खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित सिंह इन दिनों काफी चर्चा मे है। चर्चा की वजह इनकी ईमानदारी या फिर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करना नही है बल्कि शिक्षको से अवैध धनउगाही करने को लेकर है। बीईओ अमित सिंह द्वारा शिक्षको से भारी पैमाने में धन उगाही करने का आडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है।

हालाकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अमित सिंह के कुकृत्यो को विभाग-ए-शहंशाह ने संज्ञान में लेते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने का दावा किया है। अब देखना यह होगा कि बीएसए का दावा क्या गुल खिलाता है। गौरतलब है विद्यालयों के निरीक्षण के दरम्यान अनुपस्थित पाये गये शिक्षको से छह हजार से लगायत दस हजार रुपये वसूली करने, बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराने के बाद मोटी रकम वसूलकर विद्यालय संचालित कराने व शिक्षको का शोषण कर अवैध तरीके से धन उगाही करने वाले बीईओ अमित सिंह के कुकृत्यो को लेकर एक शिक्षक ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया था।

अभी यह मामला शान्त भी नही हुआ कि सोशल मीडिया पर अमित सिंह द्वारा शिक्षको से किये जा रहे धनउगाही से संबंधित अलग-अलग चार आडियो एक के बाद एक वायरल हुए है जिसे लेकर अमित सिंह के खिलाफ चर्चाओ का बाजार गर्म है। वायरल एक आडियो मे नवंबर माह में तीन दिन अनुपस्थित रहे सेवरही विकास खंड क्षेत्र के बैजूपट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय के रामअवध नामक शिक्षक द्वारा अपना परिचय देते हुये कहा जा रहा है कि सर तीन दिन की छुट्टी को ठीक करने के लिए कितना देना होगा। इस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बोल रहे है कि सारी बातें फोन पर नहीं हो सकती हैं। बीआरसी पहुंचकर एक घण्टे में मिलो। दुसरे आडियो में शिक्षिक के अनुपस्थित होने बावजूद पूरे महीने का वेतन जारी करने के लिए शिक्षक द्वारा पाच हजार रुपये दिये जाने व बीईओ के खिलाफ शिक्षक से कुछ न करने की बात कही जा रही है। इसी तरह एक अन्य आडियो में एक मान्यता प्राप्त विद्यालय को अमित सिंह द्वारा सील करने के बाद दुसरे दिन विद्यालय प्रशासन से मोटी रकम लेकर विद्यालय को पुनर्संचालित कराने का दावा किया जा रहा है।

### पहले सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर की गई थी शिकायत

कहना न होगा कि वायरल आडियो से पूर्व सेवरही विकास खंड क्षेत्र के बैजूपट्टी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक रामअवध प्रसाद ने बीईओ अमित सिंह के खिलाफ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुये कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि बीएसए ने वायरल आडियो को संज्ञान में लेते हुये कमेटी गठित कर जांच रिपोर्ट मांगी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि बीएसए रामजियावन मौर्य अपने मातहत खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित सिंह के खिलाफ क्या कार्रवाई करते है जबकि सूत्रों का कहना है कि अमित सिंह के कुकृत्यो का पोल खोलने वाले शिक्षक के खिलाफ विभाग कार्रवाई करने में कोई कोर कसर नही छोड़ेगा।

## दोनो पक्षों पर दर्ज हुआ बलवा, लूट, घर में घुसकर मारपीट का केस

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा वार्ड 3 में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जिसमे पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कृष्णावती पत्नी बैजनाथ बुधवार को अपराह्न दो बजे दरवाजे पर बैठी थी। तो आधा दर्जन की संख्या में आरोपी एक दबंग महिला के साथ आए और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। जान बचा कर घर में भागी तो घर में घुसकर कर बेटी और पीड़िता को पीटकर घायल कर दिए। दबंग महिला शकुंतला दुष्कर्म में फंसा देने की धमकी दे रही थी। पुलिस ने शकुंतला, जय प्रकाश, अज्ञात, अज्ञात अजीत के खिलाफ बलवा,घर में घुसकर मारपीट जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष की लखपाती पत्नी योगेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया था की अपराह्न तीन बजे दरवाजे पर बैठी थी। करीब आधा दर्जन की संख्या में मनबढ दरवाजे पर चढ़ आए। और भूमि विवाद को लेकर घर में घुस कर मारपीट कर घायल कर दिए।

# सौर ऊर्जा के उपयोग से जीवाश्म ईंधन पर घटेगी निर्भरता: राजेश्वर

**प्रधानमंत्री मोदी का नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने का विजन भारत के हरित भविष्य के लिए है अत्यंत महत्वपूर्ण : डॉ. राजेश्वर**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुरुवार को भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को घटाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के विजन को भारत के हरित भविष्य में योगदान के लिए महत्वपूर्ण बताया। पीएम मोदी द्वारा भारत का 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सौर ऊर्जा से समृद्ध है। अपनी भौगोलिक स्थिति और जलवायु के कारण भारत में हर साल लगभग 300 धूप वाले दिन होते है और 5,000 ट्रिलियन किलोवाट के बराबर सौर ऊर्जा प्राप्त करता है। यह देश में लगभग 750 गीगावॉट सौर ऊर्जा की अनुमानित क्षमता प्रदर्शित करता है।

सौर ऊर्जा के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि भारत इस प्रचुर संसाधन का उपयोग करके जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को काफी हद तक कम कर अपने नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर सकता है। भारत की नेट-जीरो उत्सर्जन महत्वाकांक्षाएं न केवल जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि देश के सतत और समावेशी विकास के लिए भी वरदान हो सकती हैं। नेट-जीरो उत्सर्जन से होने वाली संभावित जीडीपी में वृद्धि एवं सृजित होने वाली नौकरियों की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि शोध के अनुसार 2050 का नेट-शून्य लक्ष्य भारत की जीडीपी को 7.3 प्रतिशत (470 बिलियन डॉलर या 39 लाख करोड़) बढ़ा सकता है और 2032 तक लगभग 2 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इससे 2060 तक परिवार ऊर्जा लागत में 9.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (80.5 हजार करोड़) बचा सकते हैं।

## तीन दोस्तों ने गैंग बनाकर कई लोगों से दर्जनों मोबाइल लूटे

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने मोबाइल लूट करने वाले तीन युवकों को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि तीनों पढ़ाई करते हैं। महंगे कपड़ों और नशे का शौक पूरा करने के लिए गैंग बनाकर मोबाइल लूट शुरू की थी। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस से लुटेरों तक पुलिस पहुंची। चकेरी थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि इलाके में लगातार मोबाइल लूट की वारदातें बढ़ रही थी। इसके देखते हुए पुलिस की गश्त को बढ़ाया गया था, लेकिन शातिर लुटेरे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे थे। पुलिस ने लूटे हुए मोबाइल को सर्विलांस पर लिया और सीसीटीवी फुटेज की मदद से चकेरी मोड़ के बाद बुधवार रात को बाइक सवार तीनों लुटेरों को दबोच लिया।पूछताछ में तीनों ने अपना नाम संजीव नगर निवासी अमन कुमार उर्फ अभिषेक कनौजिया, सफीपुर प्रथम निवासी गौरव निषाद उर्फ अनुराग और आलीमऊ फतेहपुर निवासी शिवपाल उर्फ मनीष बताया।

# निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में साइलेज अनिवार्य करने वाला पहला जिला बना देवरिया

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को पोषक तत्वों से युक्त संपूर्ण आहार उपलब्ध कराने के लिए नई शुरुआत की है। डीएम की पहल पर जनपद में संचालित समस्त गोशालाओं में साइलेज का प्रयोग बतौर चारा करना अनिवार्य कर दिया गया है। देवरिया ऐसा करने वाला प्रदेश का पहला जनपद बन गया है।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि नवाचार के तहत समस्त शासकीय सहायता प्राप्त निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को भोजन में भूसे की जगह साइलेज देना शुरू किया गया है। भूसे में किसी भी तरह की न्यूट्रिशियस वैल्यू नहीं होती है, जबकि साइलेज पोषक तत्वों से युक्त अत्यंत पौष्टिक आहार है। विगत एक माह से सभी गोवंशों को लगभग तीन किलो साइलेज दिया जा रहा है, जिसका आउटपुट बहुत अच्छा है। गाय की सेहत सुधर रही है और वे पहले से अधिक स्वस्थ दिख रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में सरकारी सहायता प्राप्त समस्त गोशालाओं में भूसे की खरीद पर रोक लगा दी गई है। भूसे के पुराने स्टॉक को खपाने का निर्देश दिया गया है। यदि किसी नगर निकाय अथवा जिला पंचायत ने भूसे का क्रय किया तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार साइलेज के प्रयोग को प्रोत्साहन दे रही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार वैश्य ने बताया कि जनपद के 24 निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में 1708 गोवंश संरक्षित हैं। साइलेज की आपूर्ति सीतापुर स्थित एक निजी फर्म द्वारा की जा रही है। साइलेज के प्रयोग का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके सेवन से विभिन्न रोगों के प्रति गोवंशों की प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ी है, जिससे उनके बीमार होने की दर घटी है। साइलेज एक नए जमाने का पशु आहार है जिसे दुधारू पशुओं के लिए वरदान सरीखा माना गया है। यह हरे चारे और दाने के बीच की कड़ी है अतः इसमें दोनों के गुण पाए जाते हैं। इसमें 20 प्रतिशत तक मक्के के दाने का प्रयोग होता है। इसमें प्रोटीन, क्रूड फाइबर, स्टार्च, जिंक, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस, पोटेशियम सहित विभिन्न तरह के पोषक तत्व होते हैं। इसे बनाने में आमतौर पर मक्का, बाजरा, ज्वार इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। इसके प्रयोग से दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ इसकी गुणवत्ता अच्छी होती है और फैट की मात्रा बढ़ती है। रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पशुओं को साल भर एक जैसे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित होती है और इसकी लागत भी कम आती है। जनपद में इसकी आपूर्ति 8.90 से रुपये प्रति किलो की दर से हो रही है। साइलेज बनाने के लिए पहले मक्का की फसल को दुधिया दाने की अवस्था में भुट्टे सहित काट कर कुट्टी कर लेते हैं। फिर इस कुट्टी किये हुए चारे को इनकुलेन्ट से शोधित करके, मशीनों की मदद से अच्छे से दबा कर एयर टाइट पैक कर दिया जाता है 7 एयर टाइट बैग में पैक रहने पर चारे में फर्मेंटेशन होता है और लगभग 21 से 30 दिन में साइलेज बनकर तैयार हो जाता है

## प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**अमेठी।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 15 दिसम्बर को होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री प्रातः 09:00 बजे लोक निर्माण विभाग गौरीगंज के निरीक्षण भवन में भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरान्त 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार पहुँचकर समस्त जनपदीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों से प्रेस वार्ता करेंगे।प्रभारी मंत्री 13 बजे विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम बेलखौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगे तथा 14 बजे से निराश्रित गोवंश प्रबन्धन एवं गो आश्रय स्थल सरकारी राशन की दुकान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला चिकित्सालय प्राथमिक विद्यालय एवं अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

## *यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लार के रामनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि जिला पंचायत



अध्यक्ष पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं से गांव के लोगों को भी शहरी सुविधाए मिल रही हैं। किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधवा, दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को समय से पेंशन मिलने के साथ सभी को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए हर घर जल योजना के तहत सभी परिवारों में पानी पहुंचाया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने के कार्य हो रहा। कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक बलबीर सिंह दादा ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, निशुल्क राशन, निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं की जानकारी दी। उक्त अवसर पर अजय दूबे वत्स,जसवंत सिंह गुड्डु ,कृष्ण कांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बारह प्रांतों के वैज्ञानिक-विशेषज्ञ करेंगे तीन दिन गहन मंथन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से शुक्रवार को शुरू होने जा रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बारह प्रांतों के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ प्रतिभागी गहन मंथन करेंगे। संगोष्ठी में सम्मिलित होने के लिए गुरुवार दोपहर बाद तक इन राज्यों से 157 प्रतिभागी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय पहुंच चुके थे।

17 दिसंबर तक चलने वाली एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स (बायोनेचर कॉन-2023) विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता शुक्रवार सुबह 10-30 बजे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी और विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी होंगे। इस संगोष्ठी में पहले दिन उद्घाटन के बाद दो तकनीकी सत्र होंगे। जबकि दूसरे दिन छह तकनीकी सत्र और तीसरे दिन 17 दिसंबर को दो तकनीकी सत्र के बाद समापन सत्र होगा। समापन सत्र की अध्यक्षता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति प्रो. उदय प्रताप सिंह करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जी.एन. सिंह व विशिष्ट अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह होंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी को लेकर गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में एक बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई। आयोजन से जुड़ी समितियों के समन्वयकों ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि तीन दिन की इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-दुनिया में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अपने कार्य अनुभवों से प्रतिभागी शोधार्थियों व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें प्राकृतिक संसाधनों से बन रही औषधियों पर विशेष रूप से चर्चा होगी।

## केंद्र की मोदी एवं यूपी की योगी सरकार आम जन की सच्ची हितैषी: राज कुमार शाही

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बनकटा विकासखंड के ग्राम पंचायत भुड़वार एवं दास नरहिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के



सदस्य राजकुमार शाही के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री शाही के द्वारा 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राजकुमार शाही ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आम जन की सच्ची हितैषी है। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी रोक-टोक के मिल रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं एक तरफ जहां आत्मनिर्भर हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ वह आर्थिक दृष्टि से भी मजबूत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में वर्षों से बंद पड़े गोरखपुर के खाद कारखाने को चालू करने का काम केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा किया गया। ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड देकर देश के गरीबों को 5 लाख रुपए के सलाना स्वास्थ्य की गारंटी देने का कार्य की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी बनकटा परशुराम राम,ए डी ओ पंचायत रविंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान कृष्णदेव पटेल, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, गुड्डू गोस्वामी, संतोष शाही, प्रेम चंद गुप्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## युवती के साथ छेड़छाड़ केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के तेनुआन में सामान खरीदने जा रही एक युवती को रास्ते में अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के तेनुआन बुधवार को अपराह्न 3 बजे एक युवती अडीलापार चौराहे पर सामान खरीदने जा रही थी। रास्ते में अकेला पाकर गांव का एक युवक उसे पकड़ कर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने डंडे से मारकर अपनी इज्जत बचाई।

# ऋषभ राज ने जीती 1500 मी की दौड़ प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** युवा कल्याण विभाग की ओर से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं बुधवार को शुरू हुई। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की उपस्थिति में पहले दिन एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने उत्साह से भाग लिया। विकास खंड संग्रामपुर में खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।सबजूनियर और जूनियर वर्ग की सौ मीटर दौड़ पवन? वर्मा और रितेश ने जीती। 400मी में आकाश कोरी और रितेश नम्बर एक रहे। 800मी दौड़ आदर्श पांडेय ने जीती। लम्बी कूद प्राची वर्मा और अर्पिता धुरिया ने जीती। प्रतियोगिता की निगरानी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रीना वर्मा ने की।बहादुरपुर विकास खंड में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यहां सौ मीटर दौड़ रागिनी और अनुज कुमार ने जीती 800मी दौड़ में रंजीत और शांति देवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। महिला कबड्डी में खालिस पुर की टीम ने पीढ़ी की टीम को हराया। भेटुआ में प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर बालक वर्ग 100 मी की दौड़ में प्रशांत प्रथम सूबेदार द्वितीय हर्षित तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बालिका वर्ग में साक्षी चौहान प्रथम शालू द्वितीय और ममता तृतीय स्थान हासिल किया है। सब जूनियर बालक वर्ग 100 मी दौड़ में चंदन यादव प्रथम अनुराग द्वितीय अभिनव तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में निशा पाल प्रथम पिंकी चौहान द्वितीय राधा तृतीय स्थान हासिल किया है। सीनियर बालक वर्ग में आवेश सोनी प्रथम अभिषेक द्वितीय मोहम्मद आदिल तृतीय स्थान हासिल किया है। 1500 मी बालक दौड़ प्रतियोगिता में ऋषभ राज प्रथम करण शर्मा द्वितीय शिवेंद्र पाल तृतीय स्थान हासिल किया है। गोला फेंक बालक वर्ग में वैभव सिंह प्रथम सत्येंद्र दुबे द्वितीय अभय राज सिंह तृतीय स्थान हासिल किया है। डिसकस बालक वर्ग में वैभव सिंह प्रथम सत्येंद्र दुबे द्वितीय शेखर सिंह तृतीय स्थान हासिल किया है।

## चिन्हित सैम-मैम बच्चों का क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जाए: जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला पोषण समिति की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर चिन्हित सैम-मैम बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर प्राथमिकता पर सुपोषण की श्रेणी में लाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारियों, सुपरवाइजर से कहा कि चिन्हित सैम-मैम बच्चों का पुनः वजन किया जाए, सैम बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाए ताकि जल्दी से जल्द उनके सेहत में सुधार लाया जा सके, जानकारी करने पर पाया कि जनपद में 2736 सैम एवं 5529 मैम बच्चे चिन्हित हैं, चिन्हित सैम बच्चों में से माह नवम्बर में 12 बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया गया। उन्होने विकास खंड किशनी, करहल से माह नवम्बर में किसी भी चिन्हित सैम बच्चे को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती न कराये जाने पर प्र. चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी को हिदायत देते हुये कहा कि इस माह प्रत्येक दशा में अपने क्षेत्र के सैम बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केद्रो के माध्यम से चिन्हित बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों को उपलब्ध कराए जाने वाले पोषाहार में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए यदि किसी के द्वारा पोषाहार वितरण में अनियमितता बरती गयी तो संबंधित के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने हॉट कुक्ड योजना के संचालन की जानकारी करने पर पाया कि जनपद के 1032 ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर प्राथमिक विद्यालय के मीनू के अनुसार बच्चों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है

## फंदे से लटकता मिला 32 वर्षीय महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिस्वा बाजार में एक 32 वर्षीय महिला की शव घर के अंदर पंखे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाटा कोतवाली क्षेत्र के? भिस्वा बाजार निवासी लक्ष्मण प्रसाद की 32 वर्षीय पत्नी बिंदु देवी का शव गुरुवार को भोर में उसी के घर के अंदर छत के पंखे से साड़ी के फंदे में लटकता हुआ मिला। इस घटना की जानकारी होते ही कोतवाल राजप्रकाश सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से उतरवा कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतका के पति लक्ष्मण प्रसाद रोजी-रोटी के चक्कर में बांबे रहता है और घर पर उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। बुधवार को बिंदु और उसके भसुर सुमिरन प्रसाद में घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें बिंदु के प्रार्थना पत्र पुलिस ने दोनों को शांति भंग के आरोप में जेल भेज था। आने पर बिंदू अपने घर में बच्चों के साथ सो गई। भोर में जब उसकी बड़ी बिटिया नंदनी की नींद खुली तो अपनी मां का शव पंखे में लटकता देख शोर मचाया। वहीं गांव के कुछ लोगों ने दबी जुबान से बताया कि हाटा से लौटने पर सुमिरन व उसकी पत्नी से बिंदु के बीच फिर विवाद हुआ था। उसके बाद उसका शव फंदे में लटकता हुआ पाया गया। उधर मृतका की मां कमलावती देवी पत्नी बंधू प्रसाद निवासिनी करमहा नगर, हाटा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बिंदू के पति लक्ष्मण का किसी दुसरे महिला से अवैध संबंध है। इसका विरोध करने पर परिवार के लोग आए दिन मारते पिटते तथा प्रताड़ित करते थे। इस संबंध में कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# गर्भवती, प्रसूता और नवजात के लिए करें 102 नंबर एम्बुलेंस का इस्तेमाल: डीएम

**जिले को 102 नंबर की 14 नयी एम्बुलेंस मिलीं, डीएम ने दिखाई हरी झंडी**



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप ने गर्भवती, प्रसूता, नवजात और दो साल तक के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य इकाई तक आने और वहां से वापस जाने के लिए 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा का इस्तेमाल करने की अपील की है । उन्होंने जिला जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से 102 नंबर की 14 नयी एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर गुरुवार को रवाना किया । यह एम्बुलेंस 14 पुरानी एम्बुलेंस के स्थान पर आई हैं। जिले में कुल 102 की 38 एम्बुलेंस और 108 की 35 एम्बुलेंस, एलएएस की चार सहित कुल 77 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि 102 नंबर एम्बुलेंस सभी सरकारी अस्पतालों पर खड़ी रहती हैं । इन पर किसी भी मोबाइल नंबर या लैंडलाइन के जरिये कॉल करके सरकारी प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे सेवा ले सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि इस समय औसतन एक दर्जन लाभार्थी प्रतिदिन इस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं । गर्भवती जब कभी भी प्रसव पूर्व जांच के लिए सरकारी अस्पताल आती हैं तो वह इस सेवा का उपयोग कर सकती हैं । उन्हें यह एम्बुलेंस न केवल घर से अस्पताल तक लाएगी बल्कि घर पर भी वापस छोड़ेगी । सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों को घर ले जाने के लिए भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है । दो साल तक के बच्चे को अगर स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत हो तो सरकारी अस्पताल तक लाने और घर ले जाने के लिए इस सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं । नसबंदी सेवा अपना चुकी महिला को घर छोड़ने के लिए भी यह एम्बुलेंस उपयोग में आती है। डॉ झा ने बताया कि 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा एक बेसिक लाइफ सपोर्ट सेवा है और इसमें प्राथमिक देखभाल की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। इसके पायलट और इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) प्रशिक्षित होते हैं और विशेष परिस्थिति में एम्बुलेंस में भी सुरक्षित प्रसव करवा सकते हैं । गर्भवती और दो साल तक के बीमार बच्चों को एक सरकारी अस्पताल से दूसरे उच्च सरकारी अस्पताल तक ले जाने में भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है। एम्बुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी डॉ संजय चंद की देखरेख में एम्बुलेंस हेल्प डेस्क भी कार्य करता है । वहां सेवाएं लेने वाली लाभार्थी हेल्प डेस्क की मदद से घर जाने के लिए भी सम्पर्क कर सकती हैं। इस अवसर पर एसीएमओ आरसीएच डॉ संजय चंद, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, डीपीएम पूनम , जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, रीजनल मैनेजर पीयूष कुमार सिंह, प्रोग्राम मैनेजर श्याम सुंदर यादव, और जिला प्रभारी राहुल पाण्डेय, प्रेम शरण यादव, संतोष कुमार भी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

**निजी अस्पताल ले जाने पर प्रतिबंध-** एम्बुलेंस सेवा का संचालन कर रही संस्था जीवीके ईएमआरआई के प्रोग्राम मैनेजर श्याम सुंदर यादव ने बताया कि 102 नंबर एम्बुलेंस लाभार्थी को सिर्फ निकटतम सरकारी अस्पताल ले जाती है। वहां से रेफर किये जाने पर उच्च चिकित्सा केंद्र ले जाती है। यह एम्बुलेंस किसी भी दशा में निजी अस्पताल तक मरीज को ले जाने के लिए अधिकृत नहीं है। हौसला साझेदारी के तहत सम्बद्ध निजी अस्पताल सूर्या क्लिनिक के लाभार्थियों को भी एम्बुलेंस की सेवा सरकारी प्रावधानों के अनुसार मिलती है। सदर ब्लॉक की आशा कार्यकर्ता निर्मला देवी का कहना है कि जरूरतमंद लोगों के घर की महिलाएं और बच्चे इस एम्बुलेंस का अधिक इस्तेमाल करते हैं । एम्बुलेंस की 102 नंबर सेवा को कॉल करने पर यह समय से मिल जाती है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर वही वर्ग करना चाहता है जिसके पास पैसे की दिक्कत है, हांलाकि सभी लोगों को सेवा का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# 25 दिसम्बर को होगा शक्ति रसोई कैन्टीन का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण, स्वावलम्बन एवं आर्थिक उत्थान हेतु डे-एनयूएलएम के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से शक्ति रसोई नाम से कैन्टीन संचालन हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि जनपद मे श्वेता ठाकुर एरिया लेवल फेडरेशन का चयन शक्ति रसोई के लिये किया गया है। चयनित स्थल पर शक्ति रसोई की स्थापना एवं संचालन हेतु आईसीआईसीआई फाउन्डेशन द्वारा किचंन यूटेन्सिल्स, फर्नीचर, ब्राण्डिंग, कुक वेयर, बिलिंग मशीन तथा क्यू आर कोड के द्वारा की गयी बिक्री के दैनिक लेखा-जोखा के लिए अनुश्रवण हेतु आनलाइन व्यवस्था एवं संचालन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। शक्ति रसोई का शुभारम्भ 25 दिसम्बर 2023 को गुड-गर्वेनेन्स-डे के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 के कर कमलो द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि फाउन्डेशन द्वारा शक्ति रसोई की स्थापना फाउन्डेशन के वेण्डर्स द्वारा तेजी से कार्य किया जाना है। उक्त कार्य ससमय पूर्ण किये जाने हेतु दिन के साथ-साथ रात्रि में भी कार्य किया जाना सम्भावित है, जिसके दृष्टिगत आवश्यक है कि उक्त स्थलों पर उन्हे कार्य करने की अनुमति एवं सुरक्षा प्रदान करा दी जाय तथा गुणात्मक कार्य सुचारू रूप से हो, इसकी देखरेख तथा अनुश्रवण भी कराया जाय ताकि ससमय कार्यपूर्ण हो सके। चयनित स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण से पूर्व भली भांति संवेदित कर दिया जाय एवं स्थानीय आवश्यकता के अनुसार समूह सदस्यों का कैन्टीन संचालन हेतु निर्धारण कर दिया जाय। साथ ही कैन्टीन में कार्य करने वाली समूह की महिलाओं का ड्यूटी चार्ट एवं समय का निर्धारण भी करा दिया जाय। कैन्टीन संचालन हेतु, व्यवहार कुशलता, संचार, लेखा जोखा एवं बिजनेस प्लान आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा, परन्तु स्थानीय आवश्यकतानुसार समय-समय पर अधिक मात्रा में खाना आदि बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के जलपान, भोज्य पदार्थ तैयार किये जाने का प्रशिक्षण पर्यटन विभाग के द्वारा अथवा अन्य प्रतिष्ठित होटल से भी करा लिया जाय, जिससें स्वास्थ्यवर्धक, गुणवत्ता आधारित जैविक (हाइजेनिक) एवं मिलेट्स (डससमजे) आधारित स्वादिष्ट जलपान एवं भोज्य पदार्थ को शक्ति रसोई के माध्यम से लोगों तक उपलब्ध कराया जा सके। स्थानीय मांग के अनुक्रम में मीनू का भी निर्धारण कराया जाय जिसमें प्रत्येक दिवस विशेष भोज्य पदार्थ (मिलेट्स आदि) की व्यवस्था भी करायी जाय एवं मीनू को कैन्टीन में रेट के साथ डिस्प्ले भी कराया जाय। उन्होंने बताया कि शक्ति रसोई का शुभारम्भ मुख्यमंत्री जी द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें मुख्यमंत्री जी द्वारा किसी भी जनपद के किसी भी शक्ति रसोई की चयनित स्वयं सहायता समूहो से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम वार्ता की जायेगी जिसके लिए उन्हे पूर्व से ही संवेदित कर दिया जाय तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करा दी जाय। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि शक्ति रसोई का शुभारम्भ 25 दिसम्बर 2023 को प्रस्तावित होने के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय करानें का कष्ट करें।

## चोरों ने एमटीएम काट लिया था पर ले जा नहीं सके

मथुरा। सर्दी बढ़ रहीं हैं, कोहरे की चादर भी रात के समय पसरने लगी है। ऐसे मौसम में चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। वहीं इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस भी सक्रियता बढ़ा देती है। रात के समय गस्त बढ़ जाती है। बावजूद इसके चोरी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। थाना जैंत से मात्र 500 मीटर की दूरी पर जैंत स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम को रात के समय करीब 1:45 बजे काटकर चोरों ने ले जाने का प्रयास किया। कटे हुए एटीएम को मौके पर ही छोड़कर भाग गए।

सूचना पाकर सीओ सदर प्रवीण कुमार मलिक के साथ जैंत पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# बाल बंदियों को रोस्टर के अनुसार गुणवत्ता परक नाश्ता व भोजन समय पर दें: जिला जज

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिला जज राजकुमार सिंह ने आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के साथ रद्देपुरवा स्थित राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह एवं जिला कारागार का सघन निरीक्षण किया।

राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण में जिला जज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल बंदियों के कमरों एवं रसोई में विशेष सफाई व्यवस्था रखे और बाल बंदियों को रोस्टर के अनुसार गुणवत्ता परक नाश्ता व भोजन समय पर दिया जायें तथा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बाल बंदियों के लिए मोटे रजाई एवं गद्दे की व्यवस्था कराये और कमरे में लगे पंखों की सफाई करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल बंदियों को पढ़ाई के साथ कढ़ाई, सिलाई, मैकेनिकल आदि का प्रशिक्षण दिया जाये और दिन में बालीबाल, टेबिल टेनिस, शतरंज, बैट मिंटन आदि खेल कराये ताकि वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से फीट रहें। इसके उपरान्त जिला कारागार के निरीक्षण में जिला जज, डीएम व एसपी ने सभी बैरकों में बंद कैदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में जिला जज ने बंदियों से कहा कि जिनके पास मुकदमें के लिए वकील नहीं है सरकार द्वारा उन्हें वकील की व्यवस्था कराई जायेगी। उन्होने जेल अधीक्षक से कहा कि बीमार कैदियों का नियमित परीक्षण कराने के साथ उचित दवायें उपलब्ध करायें और सर्दी को ध्यान में रखते हुए बंदियों के लिए उचित व्यवस्था करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को नियमित रोस्टर के अनुसार नाश्ता एवं भोजन आदि की व्यवस्था करायें तथा बंदियों को उनकी रूचि के अनुसार कार्य करायें। महिला बैरक के निरीक्षण में जिला जज ने जेल अधीक्षक से कहा कि जिन महिलाओं के साथ बच्चे है उनके बच्चों को फल एवं दूध की व्यवस्था नियमित करायें।



बंदियों को पढ़ाई के साथ कढ़ाई, सिलाई, मैकेनिकल प्रशिक्षण दिया जाये साथ ही बालीबाल, टेबिल टेनिस, शतरंज, बैट मिंटन आदि खेल कराये ताकि वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से फीट रहें: जिलाधिकारी

## 28 से 30 दिसम्बर तक ग्रामों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन मॉडल शॉप का निर्माण जल्द कराया जाए। अवशेष भूमि चिन्हीकरण का कार्य जल्द कराया जाए। राशन कार्डो के सत्यापन में तेजी लायी जाए। ग्राम चौपाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक ग्रामों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। जनपद स्तरीय मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। ग्राम-चौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की भांति ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाए। जनपद में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लायी जाए। 15वें वित्त व राज्य वित्त की धनराशि के नियमानुसार व्यय को सुनिश्चित कराया जाए। विकास कार्य किये जायें।

# सड़क सुरक्षा को लेकर गया किया जागरूक



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सड़क सुरक्षा विषयक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विकास खंड सैफई के प्राथमिक विद्यालय बौराइन के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर ग्राम वासियों को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। स्काउट मास्टर कमलेश कांत के नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापकों एवम विद्यार्थियों ने ग्राम में एक रैली निकाली तथा नारे लगाए। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखे पोस्टरों के नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण किया तथा ग्राम वासियों को समझाया की वे गाड़ी चलाते हुए मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। बिना हेलमेट के मोटर साइकिल न चलाएं तथा कार चलाते वक्त सीट बेल्ट बांधे। बच्चों ने सड़क पर चलने और वहां चलाने के नियमों को बताते हुए सभी से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रैली के बाद विद्यार्थियों ने एक नाटिका प्रस्तुत की जिसमे शराब पी कर वाहन ना चलाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात प्रमुखता से रखी। इस अवसर पर स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जन्म सिंह ने ग्रामीणों के साथ एक नुक्कड़ सभा की और सभी से ट्रैफिक नियमों को मानने की अपील की। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर कमलेश कांत, संकुल शिक्षक मंजू भदौरिया प्रधान अध्यापिका सुलेखा सक्सेना आरती ओमरे सुनील कुमार अर्पण गुप्ता उपस्थित रहे।

## 133 लाभार्थियों के खातों में धनराशि जमा कराई जा चुकी है: डीएम



इटावा, अवधनामा ब्यूरो। जिलाधिकारी अवनीश राय ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत तहसील इटावा के 29,भरथना के 32,चकरनगर के 19,जसवंतनगर के 28,सैफई के 15 तथा तहसील ताखा के 10 कुल 133 लाभार्थियों के खातों में रू0 65180000.00 धनराशि जमा कराई जा चुकी है। इसमे से 04 दावा में प्रियंका पत्नी राजीव कुमार पुत्र होरीलाल नि0मानपुरा सराय चौरी तह0भरथना दीपक सिंह पुत्र बृजराज सिंह नि0ग्राम उग्गरपुर ईकरी तह0चकरनगर शकुन्तला देवी पत्नी श्री भगवानदास नि0 ग्राम व तह0चकरनगर तथा रेखा यादव पत्नी स्व0अजीत सिंह पुत्र पुत्तूलाल नि0मड़ैया अजबपुर तह0 इटावा के बैंक खाते गलत होने से धनराशि जमा नहीं हो पाई है। इसके लिए सम्बन्धित तहसीलदारों से लाभार्थियों के नये खाते प्राप्त करने को पत्र भेजा गया है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर विवाद में ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर विवाद से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गुरुवार को मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दे दी है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने इससे पहले 16 नवंबर को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सर्वे की मांग वाली यह याचिका भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है। हाई कोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा कि मैं अदालत के आदेश का स्वागत करता हूं। विष्णु शंकर जैन के मुताबिक, इस याचिका में कहा गया कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है जोकि हिंदू मंदिरों की एक विशेषता है और शेषनाग की एक प्रतिकृति है जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी। याचिका में यह भी बताया गया है कि मस्जिद के स्तंभ के आधार पर हिंदू धार्मिक प्रतीक हैं और नक्काशी में ये साफ दिखते हैं।

### सर्वे के लिए आयोग गठन की मांग

याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपने के विशेष निर्देश के साथ एक आयोग का गठन किया जाए। इस पूरी कार्यवाही की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने का भी अनुरोध किया गया है। आपको बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस साल मई में मथुरा की अदालत में लंबित श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े सभी मुकदमे अपने पास सर्वे के लिए आयोग गठन की मांग याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपने के विशेष निर्देश के साथ एक आयोग का गठन किया जाए।। इस पूरी कार्यवाही की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने का भी अनुरोध किया गया है। आपको बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस साल मई में मथुरा की अदालत में लंबित श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े सभी मुकदमे अपने पास ट्रांसफर करवा लिए थे।

# रेप: द क्राइम बियॉन्ड कंटूर्स नामक पुस्तक का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जीएलए यूनिवर्सिटी के सीईओ नीरज अग्रवाल ने मैरिटल रेप: द क्राइम बियॉन्ड कंटूर्स नामक पुस्तक का लोकार्पण किया। पुस्तकों के संपादक प्रोफेसर (डॉ.) सोमेश धमीजा, डीन आईएलएसआर, जीएलए विश्वविद्यालय और डॉ. तरूण प्रताप यादव, प्रोफेसर, आईएलएसआर, जीएलए विश्वविद्यालय हैं। पुस्तक के छात्र संपादक रौनक उपमन्यु एवं शिवम राणा हैं। यह पुस्तक स्टॉकहोम, स्वीडन से प्रकाशित हुई है और इसमें आईएलएसआर, जीएलए विश्व विद्यालय, मथुरा के 21 छात्रों के साथ-साथ भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर हैं जिन्होंने पुस्तक में अपने अध्यायों का योगदान दिया है। प्रोफेसर (डॉ.) सोमेश धमीजा ने कहा कि वैवाहिक बलात्कार वैवाहिक बंधन की पवित्र प्रकृति को पूरी तरह से खंडित कर देता है। यह एक महिला को शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक रूप से अपमानित करता है। यह शारीरिक अखंडता के खिलाफ अपराध है क्योंकि इसमें शारीरिक शोषण, यौन हिंसा आदि शामिल है। बलात्कार को बलात्कार माना जाना चाहिए और शादी को महिला साथी के साथ बलात्कार करने के लाइसेंस के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। यह महिला की गरिमा और बुनियादी मानवाधिकारों के लिए भी खतरा है।

डॉ. तरूण प्रताप यादव आगे इस बात पर जोर देते हैं कि मैरिटल रेप: द क्राइम बियॉन्ड कंटूर्स पुस्तक वैवाहिक बलात्कार का गहन विश्लेषण प्रदान करती है, जिसमें इसके इतिहास, कानूनी पहलुओं और इसके कमीशन और उत्पीड़न के कई अलग-अलग पहलुओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा, यह विशेष रूप से वैवाहिक बलात्कार के सिद्धांतों और प्रकारों, मुद्दे की गंभीरता, जोखिम कारकों, प्रतिरोध रणनीति, वैवाहिक बलात्कार के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभावों और पीड़िता के मदद मांगने वाले व्यवहार और समाधान पर केंद्रित है।

# गड्ढामुक्त होंगे वार्ड, विकास कार्यों का बिछेगा जाल: महापौर

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महापौर विनोद अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को वार्ड 36 जयसिंहपुरा की माधव कुंज गली की सड़क का विधि विधान से पूजन कर नारियल फोड़कर उद्घघाटन किया। यहां पर महापौर व महापौर प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल जी का पार्षद और कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के नेतृत्व में भाजपाइयों और स्थानीय वाशिंदों ने जोरदार स्वागत किया। महापौर ने कहा विकास से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहेगा। हर तरफ पेयजल का संकट दूर होगा, वार्डो से अंधकार खत्म करके स्ट्रीट लाइटें लगेंगी और सड़क बनवाकर चंहुमुखी विकास कराया जाएगा। पांच सालों में नगर निगम मथुरा वृंदावन का क्षेत्र में विकास कार्यों से बदलाव भी दिखेगा। इसके अलावा महापौर ने खादर में बनने वाली सड़क का भी उद्घघाटन किया। पार्षद और कैबिनेट सदस्य ने कहा की महापौर के इच्छापूर्ति के चलते वार्ड 36 में करीब 20 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़कों से लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकेगी। जल्द पेयजल संकट से भी वार्ड को महापौर के नेतृत्व में मुक्ति दिलाई जाएगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनीष वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रवि शर्मा, भाजपा नेता सुधांशु खंडेलवाल, भाजपा नेता चंद्रभान शर्मा, श्रीप्रकाश वर्मा लाला, नंदलाल, मुरारी ठाकुर, माधुरी शर्मा, मन्नू ठाकुर, शहजाद खान, सुनील सैनी, महेश शर्मा, लूली(सुर्रा), भरत अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# धर्म नगरी में गहरा हो रहा मदिरा का दरिया

- नवम्बर में बिक गई 100 करोड़ की शराब
- 6 घंटे के लिए 11 हजार में शराब परोसने का लाइसेंस, ऑनलाइन करना होता है आवेदन

> नववर्ष का उत्सव मनाने के लिए लोग बड़े पैमाने पर मदिरा का उपयोग करते हैं। किसी भी क्लब होटल बारात घर रिसोर्ट में शराब परोसने के लिए ऑकेजनल बार लाइसेंस की व्यवस्था की गई है। यह लाइसेंस एक्साइज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद हासिल किया जा सकता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क 11 हजार रुपये प्रतिदिन है। यह संध्या छह बजे से रात के 12 बजे तक ही मान्य है।
>
> **कुमार प्रभात चंद्र,**
> **जिला आबकारी अधिकारी मथुरा**

अवधनामा संवाददाता

मथुरा।धर्म नगरी में धार्मिक पर्यटन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि आंकड़े बता रहे हैं कि धर्म नगरी में आस्था के साथ मौज मस्ती को भी लोग आ रहे हैं। नवम्बर महीने में ही करीब 100 करोड़ की शराब बिक गई। शराब परोसने के लिए ऑकेजनल यानी अनियमित लाइसेंस लेने का चलन भी बढ़ रहा है। इसके लिए छह घंटे के 11 हजार रुपये चुकाने होते हैं। नवम्बर माह के लिए आबकारी विभाग को राजस्व प्राप्ति के लिए 79.31 करोड़ का लक्ष्य मिला था। जबकि विभाग इसके सापेक्ष नवम्बर महीने में 60.76 करोड़ का राजस्व प्राप्ति कर सका। इसके लिए आबकारी के ठेकों से लगभग 100 करोड़ की शराब की बिक्री हुई। प्रदेश में राजस्व प्राप्ति में नवम्बर महीने में मथुरा जनपद को 26 वां और मंडल में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। यह लक्ष्य तब प्राप्त हुआ है जब मथुरा जनपद का 20 प्रतिशत क्षेत्र ड्राई एरिया घोषित है। पिछले साल नम्बर 2022 में 52 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई थी इस प्रकार वर्ष 2023 में इसी नवम्बर महीने की अवधि के लिए यह आठ करोड़ ज्यादा है। इस साल एक अप्रैल से अब तक ऑकेजनल लाइसेंस अब 268 बने हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। इतने लाइसेंस पहले कभी नहीं बने। शादी पार्टी आदि आयोजनों में शराब परेशानी हो तो इस तरह के लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। नवम्बर महीने में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी रोकने के क्रम में हुई कार्यवाही के तहत 53 मुकदमे दर्ज हुए हैं तथा 991 लीटर शराब पकडी है। चार लोगों को जेल भेजा गया है, इस महीने तस्करी में वाहन कोई नहीं पकडा गया है। बाहरी राज्यों से होने वाली तस्करी पर लगभग रोक लग गई है, आबकारी विभाग की मेहनत के चलते यह सफलता मिली है। इसकी वजह यह है कि राजस्थान में शराब की कीमत यूपी के लगभग ही हैं।

## संसद में जनता की आवाज बने युवाओं को जेल भेजना, सरकार की तानाशाही

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर 13 दिसंबर को नई संसद भवन सेंट्रल विस्टा में बैठी सत्ता के मद में चूर बहरी गूंगी भाजपा सरकार एवं तानाशाही मोदी, कट्टरपंथी गृहमंत्री अमित शाह को देश के हालातो से बेरोजगारी ,शिक्षा, महंगाई संवैधानिक खतरों से अवगत कराने के लिए गूंगी बहरी सरकार के यहां कान खोलने के लिए गैस बम छोड़कर छात्रों ने जनता की आवाज को बुलंद किया।

दोनों युवा छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए जाने के खिलाफ एवं उन्हें तत्काल रिहा की मांग को लेकर एवं सांसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक के कारण गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा की मांग की गई। इस मौके पर प्रदर्शन के दौरान मोदी अमित शाह क्रांतिकारियों को रिहा करो, रिहा करो अमित शाह इस्तीफा दो, जैसे नारे लगाकर हाथों में सरकार विरोधी स्लोगन लिखी पट्टिका लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति एवं लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि देश सुरक्षित हाथों में है और देश की सुरक्षा की कलई खुल गई है।

# प्रेमिका की हत्या में प्रेमी गिरफ्तार

- गोवर्धन में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत का मामला

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु के मामले में उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला को 10 दिसंबर को मृत अवस्था में एक व्यक्ति पहुंचा जिसकी सूचना अस्पताल कर्मियों ने थाना पुलिस को दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जिसमें उसकी मृत्यु का कारण गला दबाकर हत्या किया जाना पाया गया ।

पुलिस के द्वारा जांच की गई तो उसमें जानकारी हुई मृतका अपने प्रेमी के साथ रिलेशनशिप में उमेश चंद्र कौशिक पुत्र नंद किशोर कौशिक निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी सेवाकुंज वाली गली कस्बा व थाना गोवर्धन मथुरा के यहां शम्मी कुमार पुत्र जय नारायण निवासी टवरा थाना इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के साथ पति और मायके वालों की इच्छा के विपरीत रह रही थी घटना वाले दिन दोनों प्रेमी और प्रेमिका ने खुशनुमा माहौल में जन्मदिन की पार्टी मनाई इसी दौरान खाते पीते वक्त दोनों के मध्य कहां सुनी हो गई मामला यहां तक बढ़ गया शम्मी कुमार ने अपनी प्रेमिका का गला दबाकर हत्या कर दी हत्या करने के बाद मृतका को ई-रिक्शा में डालकर स्थानीय सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शम्मी कुमार को अपनी हिरासत में ले लिया साक्ष संकलन के बाद आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

# संक्षिप्त समाचार

## अनुदेशकों ने की नियमितीकरण की मांग



इटावा, अवधनामा ब्यूरो। परिषदीय अनुदेशक कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष विकास यादव के नेतृत्व में गुरुवार को अनुदेशकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कचहरी में किया जिसमें जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया ज्ञापन में मुख्य मांग अनुदेशकों के नियमितीकरण की थी। जिला अध्यक्ष विकास यादव का कहना है की सरकार हम अनुदेशकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जबकि हम लगभग 11 वर्षों से स्थाई शिक्षकों की भांति नियमित कार्य कर रहे हैं विकास यादव का कहना है कि जब तक सरकार हम लोगों को नियमित नहीं करती है तब तक समान कर समान वेतन लागू करें और महिला शिक्षकों को स्थाई महिला शिक्षकों की भांति सभी अवकाश मिलनी चाहिए। धरने में प्रमुख रूप से वेदप्रकाश अमित यादव हरिओम शाक्य रामनरेंद्र यादव राहुल शाक्य प्रियंका ज्योत्स्ना योगेंद्र जगमोहन प्रदीप आदि कई अनुदेशक शामिल रहे।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शहीद स्मारक की आधारशिला रखी गई



इटावा, अवधनामा ब्यूरो। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में एक नया इतिहास रचते हुए कमाण्डर हिदाय उल्ला साहब और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया तथा समस्त पूर्व सैनिकों ने नई शहीद स्मारक बनवाने की आधारशिला रखते हुए भूमि पूजन किया और विश्वास दिलाया कि 26 जनवरी को नवनिर्मित शहीद स्मारक पर बीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर कमाण्डर हिदाय उल्ला और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया के अलावा केप्टन सुरेश सिंह साहब,केप्टन शैलेन्द्र सिंह साहब,हरपाल सिंह, जगमोहन सिंह,उपेन्द्र सिंह,नारायण सिंह, उदय प्रताप सिंह,भगवान दास प्रशांत, विश्राम सिंह,सोहन लाल तथा बहुत से पूर्व सैनिक भाई और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए: डीएम



हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में भूतपूर्व सैनिकों के साथ नियमित बैठक की जाए। 16 दिसम्बर को विजय दिवस में कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं रखी जिनके निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी मिश्रा व भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## युवक से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की

मथुरा। थाना सदर बाजार पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल हीरो स्पलैंडर रंग काला बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल ने बताया कि गुरुवार को करीब 10.15 बजे अभियुक्त सचिन पुत्र शेर सिंह निवासी मथुरा पब्लिक स्कूल के पास इन्दुपुरम औरंगाबाद थाना सदर बाजार मथुरा को चोरी की मोटरसाइकिल संख्या यूपी 85 बीएल 8023 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## गायन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

मथुरा। किशोरी किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवोत्सव 2023के अंतर्गत गायन,रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और मनमोहक रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों ने देशप्रेम, भारतीय संस्कृति,शहीदों, नारी आदि विषयों पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और विद्यार्थियो की प्रशंसा की निर्णायको में प्रोफेसर शालिनी सक्सेना, प्रोफेसर संजीव श्रीवास्तव ,प्रोफेसर डी के सिंह एवं प्रोफेसर वी के खंडेलवाल की गरिमामई उपस्तिथि रही।गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम ,द्वितीय स्थान पर गुंजन तोमर तृतीय स्थान पर तुषार वर्मा रहे, सांत्वना पुरस्कारअमन को मिला।रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर काजल द्वितीय स्थान पर पलक तृतीय स्थान पर शिवम रहे।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर , भरत द्वितीय स्थान पर,मानवेंद्र तृतीय स्थान पर स्नेहा सैनी रहे। सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। संचालन डॉक्टर सुलेखा जादौन ने किया।सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।


## रात के समय हाईवे पर दौड़ते ट्रेलर में लगी आग

मथुरा। रात के समय आगरा दिल्ली हाईवे पर एक ट्रेलर में आग लग गई। ट्रेलर में आग लगने से यातायात भी बाधित हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाडी ने करीब डेढ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और ट्रेलर को हटा कर यातायात को सुचारू कराया। घटना रात के समय हाइवे पर राजीव एकेडमी के पास करीब दो बजे हुई ट्रक में एलुमिनियम भरा हुआ था। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## नगर पंचायत बाजना के सरकारी आरओ प्लांट से बैट्री इनवर्टर चोरी

मथुरा। थाना नौहझील के कस्बा बाजना में चोरी की घटना कम नही हो रही हैं जिसकी वजह से इस समय चोरों के हौसले बुलंद है अब तक चोरी की कई घटनाओं में से कुछ को छोड़ दें तो बाकियों का अभी तक खुलासा भी नही हुआ है कहने को तो कस्बे में रातभर पुलिस की गश्त रहती है लेकिन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नही लग रहा है। बुधवार रात बड़े बाजार स्थित नगर पंचायत बाजना के सरकारी आरओ प्लांट के जंगले को काटकर उसमें रखे इनवर्टर और बैटरी को चुरा ले गए सूचना मिलने पर बाजना चौकी पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

# आईपीएल 2024 : अय्यर संभालेंगे केकेआर की कप्तानी, नितीश राणा होंगे उपकप्तान

श्रेयस अय्यर केकेआर टीम के कप्तान बने रहेंगे जबकि नितीश राणा उपकप्तान होंगे। आईपीएल के पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण नितीश को कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाया गया था।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने घोषणा करते हुए कहा कि श्रेयस अय्यर टीम के कप्तान बने रहेंगे जबकि नितीश राणा उपकप्तान होंगे। आईपीएल के पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण नितीश को कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाया गया था।


वहीं केकेआर के सीईओ ने कहा है कि, ये वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण था कि श्रेयस अय्यर चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूक गए। हमें खुशी है कि वह वापस आ गए हैं और कप्तान के रूप में फिर से चुन रहे हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और जिस तरह का फॉर्म उन्होंने दिखाया है, वह उनके चरित्र का प्रमाण है।

हम इस बात के लिए आभारी हैं कि नीतीश पिछले सीजन में अय्यर की जगह लेने के लिए सहमत हुए थे और उन्होंने शानदार काम किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उपकप्तान के रूप में नीतीश केकेआर को हर संभव समर्थन देंगे।

वहीं इस पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि मेरा मानना है कि पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जिसमें चोट के कारण मेरी अनुपस्थिति भी शामिल थी। नीतिश ने न केवल मेरे लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से भी बहुत अच्छा काम किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उपकप्तान बनाया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनसे नेतृत्व और मजबूत होगा।

# फेमा उल्लघंन : उच्च न्यायालय ने राजस्थान रॉयल्स आईपीएल टीम मालिकों पर जुर्माने की कटौती बरकरार रखी





आईपीएल क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाये गये जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है।

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाये गये जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है।

न्यायाधिकरण ने जुर्माने की 98 करोड़ रुपये की राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये करने का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गयी अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 11 जुलाई 2019 को न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि न्यायाधिकरण सबूत और विश्लेषण के आधार पर ही इस राशि को घटाने के निष्कर्ष पर पहुंचा है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, ये निष्कर्ष भ्रष्ट होने से कोसों दूर हैं। इसलिये मामले में कानून का सवाल ही पैदा नहीं होता। हमने देखा कि विशेष निदेशक (ईडी) द्वारा अधिकतम जुर्माना लगाने की कोई वजह दर्ज नहीं की गयी है जबकि न्यायाधिकरण ने संबंधित दस्तावेज पर विचार करने के बाद हस्तक्षेप किया और यह जुर्माना कम किया है।

पीठ ने कहा कि वह न्यायाधिकरण के फैसले से सहमत है और उन्हें न्यायाधिकरण के तर्क और निष्कर्ष के विकृत होने जैसा कुछ नहीं मिला। ईडी ने 2013 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के अंतर्गत अपनी शुरूआती जांच में कथित अनियमितताओं का खुलासा होने के बाद राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों पर 98.35 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। टीम के मालिकों ने इसके खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील दायर की जिसने प्रवर्तन निदेशालय के आदेश को अनुचित ठहराया और जुर्माने की इस राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले सरफराज और फिर बाबर आजम ने की एक ही गलती, सोशल मीडिया पर फैंस ने लिए मजे



000

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी यही गलती देखने को मिली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। सीरीज का आगाज पर्थ टेस्ट के साथ हुआ है और मैच केपहले दिन ही पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने फील्डिंग के दौरान कुछ ऐसी गलतियां की हैं, जिनको लेकर मीम्स बन रहे हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम की फील्डिंग को लेकर कई बार उनका मजाक बनता रहता है। अभी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी यही गलती देखने को मिली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। सीरीज का आगाज पर्थ टेस्ट के साथ हुआ है और मैच केपहले दिन ही पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने फील्डिंग के दौरान कुछ ऐसी गलतियां की हैं, जिनको लेकर मीम्स बन रहे हैं।

बता दें कि, ऑस्ट्रेलिय ने वैसे ही पाकिस्ती गेंदबाजों को विकेट लेने के ज्यादा मौके दिए नहीं और जो मोके मिले, उन पर पाक टीम की ओर से कैच ड्रॉप हुए। खराब थ्रो करना हो या फिर मिसफील्डिंग, इसे लेकर पाकिस्तान की आलोचना हमेशा से होती रही है। पर्थ में खेल गए टेस्ट मैच के आखिरी दिन पाकिस्तान के दो पूर्व कप्तानों सरफराज अहमद और बाबर आजम ने कुछ ऐसी ही गलती की, जिसका वीडियो देखकर आपकी हंसी नहीं रुकेगी।

वहीं इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में है। 64वें ओवर की पहली गेंद थी और आगा सलमान गेंदबाजी कर रहे थे। पहले गेंद को पढ़ने में डेविड वॉर्नर चूके, फिर विकेटकीपर सरफराज भी इस गेंद को पकड़ नहीं सके, स्लिप में खड़े पूर्व कप्तान बाबर आजम ने उछलकर गेंद तो पकड़ी, लेकिन डेविड वॉर्नर को आउठ करने के चक्कर में उन्होंने ऐसा थ्रो मारा कि ऑस्ट्रेलिया के खाते में एक और रन जुड़ गया।

## फीफा पुरस्कारों की सूची में शामिल चैम्पियंस लीग विजेता कोच गार्डियोना और गिराल्डेज

फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं। गिराल्डेज महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ कोच के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग जीती और फिर सेमीफाइनल में चेल्सी को हराकर यूरोपीय खिताब जीता था।

चैम्पियंस लीग विजेता कोच पेप गार्डियोला और जोनाटन गिराल्डेज को फीफा के 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिए बुधवार को जारी अंतिम सूची में शामिल किया गया। गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सत्र में तीन ट्राफियां दिलायी थीं। वह पुरुष फुटबॉल में फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं। गिराल्डेज महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ कोच के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग जीती और फिर सेमीफाइनल में चेल्सी को हराकर यूरोपीय खिताब जीता था।

# ग्रुप एफ में बोरूसिया डोर्टमंड से 1-1 के ड्रा के बावजूद चैम्पिंयस लीग के नॉकआउट में जगह बनायी



पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ग्रुप एफ में बोरूसिया डोर्टमंड से 1-1 के ड्रा के बावजूद चैम्पिंयस लीग के नॉकआउट में जगह बनायी जिसमें न्यूकासल की हार का अहम योगदान रहा। पीएसजी ने ग्रुप एफ में शीर्ष पर रहे बोरूसिया डोर्टमंड से ड्रा के बावजूद दूसरा स्थान हासिल करने में सफलता हासिल की क्योंकि न्यूकासल की टीम घरेलू मैदान पर एसी मिलान से 1-2 से हार गयी।

पोर्टो ने भी सोमवार को शखतर दोनेतस्क पर 5-3 की जीत से राउंड 16 में प्रवेश किया क्योंकि उसे ऐसा करने के लिए जीत की दरकार थी। बोरूसिया डोर्टमंड ने करीम एडेयेमी के 51वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बनायी जिसके बाद 17 वर्षीय वारेन जायर एमेरी ने 56वें मिनट में पीएसजी के लिए बराबरी गोल दागा। न्यूकासल ने 33वें मिनट में जोलिंटन की मदद से बढ़त बना ली थी फिर एसी मिलान ने क्रिस्टियन पुलिसिच के 59वें मिनट में किये गोल से बराबरी हासिल कर सैमुअल चुकवुएजे (84वें मिनट) के गोल से जीत दर्ज की।

न्यूकासल इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाईटेड की तरह घरेलू मैदान में हारकर बाहर हो गया अंतिम 16 का ड्रा सोमवार को यूएफा मुख्यालय में होगा जिसमें आठ पूर्व चैम्पियन क्लब शामिल हैं। राउंड 16 में जगह बनाने वाले वरीय क्लब आर्सेनल, एटलेटिको मैड्रिड, बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख, बोरूसिया डोर्टमंड, गत चैम्पियन मैनचेस्टर यूनाईटेड, रिया मैड्रिड, रियाल सोसिडाड हैं जबकि गैर वरीय क्लबों में कोपेनहेगन, इंटर मिलान, लाजियो, आरबी लेपजिग, नापोली, पेरिस सेंट जर्मेन, पोर्टो और पीएसवी एंधोवेन शामिल हैं। चैम्पियंस लीग ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही टीमें दूसरे टीयर की यूरोपा लीग के लिए फरवरी में नॉकआउट प्लेऑफ में खेलती रहेंगी।

प्लेऑफ क्वालीफायर गलाटासारे, लेंस, ब्रागा, बेनफिका, फेयेनूर्ड, एसी मिलान, यंग ब्वाएज और शखतार दोनेतस्क हैं। चैम्पियंस लीग ने बुधवार को चार टीम के पारंपरिक राउंड-रॉबिन ग्रुप को विदाई दी जिसमें टीम अपने मैदान में और दूसरी टीम के मैदान में खेल रही थीं। पिछले साल यूईएफा ने क्लबों के दबाव में आकर नये और 36 टीम के प्रारूप को मंजूरी दी थी। इससे 2024-25 चैम्पियंस लीग में प्रत्येक टीम छह के बजाय आठ मैच खेलेगी जिसमें वह अलग अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उतरेगी। फिर शीर्ष आठ टीम जनवरी 2025 में वरीयता ड्रा के हिसाब से 16 टीम के नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी जैसा कि एक टेनिस टूर्नामेंट में होता है। वहीं तालिका में नौ से 24वें स्थान पर काबिज टीमों की जोड़ी बनाकर दो चरण का प्लेऑफ होगा जिसके बाद राउंड 16 की अन्य टीम तय होंगी।

# राणा दग्गुबाती की राक्षस राजा से क्यों नराज हो रहे हैं दर्शन, आखिर फिल्म के आने से पहले की क्यों हुए फैंस निराश




राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा के प्रशंसक खुश हैं क्योंकि अभिनेता ने अपने जन्मदिन (14 दिसंबर) पर अपने नवीनतम सहयोग की घोषणा की। राक्षस राजा शीर्षक से, आगामी परियोजना उनके पिछले उद्यम नेने राजू नेने मंत्री की सफलता के बाद एक मनोरंजक गैंगस्टर फिल्म होने का वादा करती है। राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा गैंगस्टर फिल्म राक्षस राजा के लिए फिर साथ आ गये हैं और फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा अपने प्रसिद्ध नेने राजू नेने मंत्री सहयोग के बाद एक फिल्म के साथ वापस आ गए हैं। फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ ही राणा के जन्मदिन पर फैंस को खुशखबरी मिल गई है। राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा के प्रशंसक खुश हैं क्योंकि अभिनेता ने अपने जन्मदिन (14 दिसंबर) पर अपने नवीनतम सहयोग की घोषणा की। राक्षस राजा शीर्षक से, आगामी परियोजना उनके पिछले उद्यम नेने राजू नेने मंत्री की सफलता के बाद एक मनोरंजक गैंगस्टर फिल्म होने का वादा करती है। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, राणा ने राक्षस राजा का फर्स्ट-लुक पोस्टर साझा किया, जिसमें एक रेट्रो-स्टाइल वाली छवि दिखाई गई, जिसने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अभिनेता को एक विशाल बंदूक लहराते हुए देखा जाता है, जिसके एक कंधे पर बंदूक लगी हुई हैं, उनके मुंह में एक सिगार है, और उनके माथे पर विशिष्ट विभूति और तिलक है। विशेष रूप से, स्पॉटलाइट उनकी उंगलियों पर सजी दो सोने की अंगूठियों पर पड़ती है, जिससे उत्साही लोग कहानी में उनकी भूमिका के बारे में अटकलें लगाने लगते हैं।

पोस्टर डिजाइन के लिए प्रारंभिक प्रतिक्रिया मिश्रित रही है। कुछ प्रशंसकों ने इसकी विशिष्टता की प्रशंसा की, जबकि अन्य ने निराशा व्यक्त की। डिज़ाइन के मोर्चे पर सुधार के साथ, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर रचनात्मक आलोचना की बाढ़ आ गई। राणा का इंस्टाग्राम पोस्ट भी प्रशंसकों की जन्मदिन की शुभकामनाओं से भर गया। राक्षस राजा के लिए उत्साह बढ़ने के कारण, निर्माताओं ने अभी तक कलाकारों और चालक दल का खुलासा नहीं किया है, जिससे प्रशंसक आगे की घोषणाओं के लिए उत्सुक हैं। फिल्म की शैली एक दृश्य तमाशा का वादा करती है, रचनाकारों का दावा है कि यह तेलुगु सिनेमा में नए मानक स्थापित करेगी।

दोनों का पिछला सहयोग, नेने राजू नेने मंत्री, 2017 में रिलीज़ हुआ था, जो एक महत्वपूर्ण और व्यावसायिक सफलता थी। राणा दग्गुबाती, काजल अग्रवाल और कैथरीन ट्रेसा अभिनीत इस फिल्म में एक जीवन-परिवर्तनकारी घटना के बाद एक कंटेंट जोड़े के जीवन को एक राजनीतिक नाटक में बदल दिया गया। राणा का किरदार, जोगेंद्र, काजल द्वारा अभिनीत अपनी पत्नी राधा के अपमान के बाद राजनीति में कदम रखता है, जिसके अप्रत्याशित परिणाम होते हैं। राणा के छोटे भाई अभिराम दग्गुबाती के साथ तेजा की फिल्म अहिंसा मार्च 2023 में रिलीज हुई थी।

# प्रभास की फिल्म में यश के कैमियो की अफवाहों पर सलार के निर्माता ने तोड़ी चुप्पी




प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की सालार पार्ट वन-सीजफायर 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, यह अफवाह थी कि केजीएफ अभिनेता यश सलार में एक कैमियो निभाएंगे।

पार्ट वन-सीजफायर 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, यह अफवाह थी कि केजीएफ अभिनेता यश सलार में एक कैमियो निभाएंगे। एक विशेष बातचीत में, निर्माता विजय किरागांदुर ने अफवाहों के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है। श्रुति हासन अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है और होम्बले प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

सलार में यश के कैमियो के बारे में पूछे जाने पर, विजय ने बताया, मुझे लगता है कि निर्देशक प्रशांत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि केजीएफ और सालार के बीच कोई संबंध नहीं है। फिल्म में कोई कैमियो नहीं है। तो यह सच नहीं है। फिल्म में शामिल एक्शन दृश्यों के कारण सेंसर बोर्ड ने सलार को ए सर्टिफिकेट दिया है। इसे एक एक्शन बोनस माना जा रहा है क्योंकि यूएई और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अग्रिम बुकिंग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

इस बीच, यश के कैमियो की अफवाहें तब शुरू हुई जब बाल गायिका तीर्था सुभाष ने गलती से सलार में केजीएफ अभिनेता की भागीदारी का उल्लेख किया। बाद में उन्होंने एक पोस्ट में इसे स्पष्ट किया, जिसमें लिखा था, मैंने केजीएफ फिल्म कई बार देखी है। जब अवसर आया, तो मेरे पिता ने कहा था कि सलार का संगीत और यह केजीएफ टीम के पास था। तो मेरे मन में था कि सलार में यश अंकल भी होंगे। इसी धारणा के तहत मैंने उसका नाम बताया था।

निर्देशक प्रशांत पहले ही उल्लेख कर चुके हैं कि फिल्म प्रभास और पृथ्वीराज द्वारा निभाए गए दो दोस्तों के आसपास केंद्रित है। सालार राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की डनकी से टकराएगी। सालार 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बड़ी शुरुआत की उम्मीद कर रही है।

# मुन्ना भैया बनने के बाद दिव्येंदु को एक जैसे रोल होने लगे थे ऑफर, बोले यह कुआं मैंने ही खोदा




जब कोई अभिनेता शानदार प्रदर्शन करता है, तो इंडस्ट्री में उसे समान भूमिकाएं मिलने की ज्यादा संभावनाएं रहती हैं। कलाकार भी एक जैसे किरदार निभकर थक जाता है। ऐसे में वे नई भूमिकाओं की तरफ ज्यादा आकर्षित होता है। यही कहना है मिर्जापुर के मुन्ना भइया यानी अभिनेता दिव्येंदु शर्मा का। दिव्येंदु ने मिर्जापुर के अलावा प्यार का पंचनामा में भी अहम किरदार निभाया था, लेकिन अभिनेता को लगता है कि इंडस्ट्री में एक छवि गढ़ दी जाती है तो अभिनेता का उससे बाहर निकलना काफी मुश्किल हो जाता है।

साल 2011 में दिव्येंदु लव रंजन की दोस्त कॉमेडी प्यार का पंचनामा में लिक्विड के रूप में सामने आए। सात साल बाद, उन्होंने खुद को अमेजन प्राइम वीडियो सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का एक प्रशंसक पसंदीदा किरदार निभाया था। दर्शक दिव्येंदु को मुन्ना भइया के नाम से ही पहचानते हैं और इसी किरदार में देखते हैं।

अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में अपने किरदार को लेकर दिव्येंदु का कहना है, सफलता के बाद एक पैटर्न का पालन करने का लालच हमेशा मौजूद था। मेरी पहली फिल्म प्यार का पंचनामा के बाद भी लोग कहते थे कि कृप्या कॉमेडी करते रहो, लेकिन मैं वह काम नहीं करना चाहता था जो मुझे पसंद नहीं है। दिव्येंदु एक छवि बनाने को एक नया कुआँ खोदने के समान मानते हैं और कहते हैं कि उनके दिमाग में हमेशा यह सवाल रहेगा कि क्या यह एक बुद्धिमान विकल्प है।

दिव्येंदु ने आगे कहा, मैं अपने आप से यह बातचीत करता हूं कि यह कुआं मैंने ही खोदा है, इसलिए मैं इससे पानी भी निकाल सकता हूं। फिर यह कहना बेवकूफी है कि मैंने यह कुआं खोदा है, इसलिए अब मैं आगे बढ़ूंगा। बता दें कि साल 2018 में आई मिर्जापुर ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। सीरीज में उनके द्वारा निभाए गए मुन्ना भैया के किरदार लोग आज तक नहीं भूल सके हैं। इस कैरेक्टर की वजह से वह ओटीटी के सुपरस्टार बन चुके हैं।

# सोनू निगम ने पाकिस्तानी सिंगर उमर नदीम के प्लेजरिज्म के आरोपों पर तोड़ी चुप्पी




सोनू निगम पर प्लेजरिज्म के गंभीर आरोप लगे हैं। पाकिस्तान के सिंगर उमर नदीम सोनू निगम पर अपना गाना चुराने का आरोप लगाया। वहीं, अब इस पर सिंगर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और उमर के इंस्टाग्राम पोस्ट पर रिएक्ट किया है। उमर नदीम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का वीडियो शेयर किया था और बिना नाम लिए लताड़ लगाई थी। उन्होंने कहा कि अगर गाना चुराना ही है, तो कम से कम आर्टिस्ट को क्रेडिट तो देना चाहिए।

***क्या है पूरा मामला ?***

प्लेजरिज्म का ये पूरा मामला तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर यूजर्स ने सोनू निगम के लेटेस्ट सॉन्ग सुन जरा और उमर नदीम के गाने में समानताएं पाईं। उमर नदीम के इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अब सोनू निगम ने रिएक्ट किया है। उन्होंने सबसे पहले उमर नदीम से माफी मांगी। इसके बाद सोनू निगम ने पूरी किस्सा शेयर किया और बताया कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया।

***सोनू निगम ने मानी गलती***

सोनू निगम ने कहा, आप सभी जानते हैं कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। मुझसे केआरके (कमाल आर खान) ने गाना करने का अनुरोध किया था, जो दुबई में मेरे पड़ोसी हैं और फिर मैं उन्हें मना नहीं कर सका, भले ही मैं सबके लिए गाना नहीं गाया करता हूं। अगर मैंने उमर का गाना सुना होता, तो इसे कभी नहीं गाता।

***उमर ने दिया जवाब***

सोनू निगम को जवाब देते हुए उमर नदीम ने कहा, मैं आपसे सहमत हूं, मैंने अपने बयान में कहीं भी ये नहीं कहा कि आपने ऐसा किया है। खबर ने हमेशा की तरह एक अलग मोड़ ले लिया। मैं आपके गाने सुनकर बड़ा हुआ हूं और आपसे बहुत कुछ सीखा है। मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। लव यू! जहां तक इस ड्रामा में शामिल असली किरदारों का सवाल है, वे मेरे रडार पर भी नहीं हैं। उनकी बात करना एक गोल्डन फिश को क्वांटम फिजिक्स पढ़ाने जैसा है बेकार है और वे इसे समझेंगी भी नहीं। मैं केवल उन चीजों पर ध्यान दूंगा जो वास्तव में मायने रखती हैं।

***सोनू ने दिया आशीर्वाद***

सोनू निगम ने जवाब देते हुए उमर नदीम से कहा, आपने इसे मुझसे बेहतर गाया है। मुझे अफसोस है कि मैंने आपका गाना नहीं सुना। मैंने इसे अभी सुना। क्या शानदार गाना है और आपने इसे निश्चित रूप से मुझसे बेहतर गाया है। आपको ढेर सारा आशीर्वाद। इंशाअल्लाह, आपको इसके कारण और अधिक सम्मान मिले। ढेर सारा प्यार और दुआएं।

***सोनू और उमर में हुआ भाईचारा***

जवाब में उमर ने कहा, आपकी तरफ से ये मैसेज मेरे लिए बहुत मायने रखता है! इस समय दुनिया में आपसे अधिक मीठा या मल्टी टैलेंटेड सिंगर कोई नहीं है। आपकी मैं बहुत रिस्पेक्ट करता हूं!

# संसद की सुरक्षा चूक के मामले पर गृह मंत्री दें बयान सरकार पर निशाना साध विपक्ष ने रखी मांगें

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर गुरुवार को एक बैठक की। यहां उन्होंने सरकार से आग्रह किया इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्री अमित शाह विस्तृत बयान दें । साथ ही दोनों सदनों में इस विषय पर चर्चा कराई जाए।

विपक्षी दलों की यह भी मांग है कि लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदने वाले व्यक्ति को पास दिलाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बता दें, नेताओं की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई।

बैठक में कांग्रेस के खरगे और जयराम रमेश, द्रमुक से टी आर बालू और तिरूची शिवा, समाजवादी पार्टी

**चर्चा**

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि दोनों सदनों में गृह मंत्री एक विस्तृत बयान दें, जिसके बाद चर्चा हो।**

के रामगोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा तथा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल थे।

इस बैठक के बाद खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'संसद और सांसदों की सुरक्षा को देखते हुए विपक्ष और इंडिया गठबंधन की ओर से हम मांग करते हैं कि इस गंभीर मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री एक बयान दें और उसके बाद इस संबंध में चर्चा की जाए।' उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए जाएं।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि दोनों सदनों में गृह मंत्री एक विस्तृत बयान दें, जिसके बाद चर्चा हो। साथ ही उन्होंने सिम्हा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इन मांगों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसकी वजह से आज सुबह लोकसभा और राज्यसभा की बैठक में कामकाज नहीं हो पाया।

खरगे सहित कई कांग्रेस सांसदों ने सदन के अन्य सभी कार्यों को अलग रखते हुए इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कार्य स्थगन का नोटिस दिया था।

**इन लोगों ने दिया नोटिस**

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में कार्य स्थगन नोटिस दिया, वहीं पार्टी सांसद और राज्यसभा में सचेतक सैयद नासिर हुसैन ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत उच्च सदन में समान कार्य स्थगन नोटिस दिया था। वहीं, पार्टी की एक अन्य सांसद जेबी माथेर हीशम ने भी इस मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्यसभा में नियम 267 के तहत नोटिस दिया था।

कुछ विपक्षी दल सुरक्षा चूक के मुद्दे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने और उनसे हस्तक्षेप की मांग करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि यह सभी सांसदों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है।

गौरतलब है, बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक से जुड़े मामले को दिल्ली पुलिस ने यूएपीए की धारा के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण में दिल्ली पुलिस की खासी किरकिरी हुई है और संसद की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। सुरक्षा के पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बावजूद लखनऊ निवासी सागर शर्मा और मैसूर निवासी डी. मनोरंजन संसद में जूते में छिपाकर स्मोक केन (धुआं बम) लेकर घुस गए थे।

# इस साल 10 महीनों में 2,366 किसानों ने दी अपनी जान, विधानसभा में मंत्री का दावा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल भाईदास पाटिल ने गुरुवार को विधानसभा को बताया कि सरकार को एक रिपोर्ट मिली है उसके अनुसार राज्य में इस साल 10 महीनों में 2,366 किसानों ने आत्महत्या की है। संसद भवन में बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। हर कोई सख्ते में आ गया है। नागपुर में राज्य विधानमंडल का सत्र चल रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विजिटर पास जारी नहीं करने का फैसला लिया है। इस बीच, यहां के एक मंत्री का कहना है कि सदन के सदस्यों और सदन के बाहर के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा, %सदन के सदस्यों और यहां के बाहर के लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। हमारा गृह विभाग छगन भुजबल से बात करने के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगा क्योंकि यह सरकार सभी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे




कहा कि मराठा आरक्षण पर सीएम जल्द से जल्द जवाब देंगे।

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने गुरुवार को विधानसभा को बताया कि राज्य में 96,811 किसानों को नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना के तहत सहायता नहीं मिल सकी क्योंकि उनके बैंक खाते और आधार नंबर लिंक नहीं थे। बता दें, महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को भुगतान की गई राशि के अलावा, उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना शुरू की है।

मुंडे ने यहां सदन में एक लिखित जवाब में कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत धन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की कुल सूची में से 96,811 लोग थे, जिन्हें राज्य योजना का लाभ मिलना था। हालांकि, इन लोगों को पैसा नहीं मिल सका क्योंकि उनके बैंक खाते और आधार नंबर लिंक नहीं थे। बता दें, 26 अक्तूबर तक दोनों को लिंक करवाने के आदेश दिए गए थे।

# शीर्ष अदालत से सत्येंद्र जैन को झटका



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने धनशोधन मामले में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टालने से गुरुवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संबंधित न्यायाधीश इस पर निर्णय लेंगे।

जैन की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि न्यायमूर्ति त्रिवेदी की अगुवाई वाली पीठ द्वारा दिन में उनकी याचिका पर प्रस्तावित सुनवाई को टाल दिया जाए।

सिंघवी ने कहा कि न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति त्रिवेदी की पीठ ने इस मामले में पर्याप्त दलीलें सुनी थीं और अब यह मामला उस पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है, जिसमें न्यायमूर्ति बोपन्ना शामिल नहीं हैं। इसलिए मामले पर सुनवाई टालना चाहते हैं। उन्होंने सीजेआई से एक बार कागजात देखने का भी अनुरोध किया।

इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि संबंधित न्यायाधीश उनके समक्ष सूचीबद्ध मामले में क्या कर रहे हैं। जिस न्यायाधीश के पास जो मामला है वही फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि वह कोई फैसला नहीं कर सकते।

बता दें, सत्येंद्र कुमार जैन फिलहाल चिकित्सकीय आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को छह सप्ताह के लिए उन्हें जमानत दी थी।

# संसद भवन में सुरक्षा चूक के एक दिन बाद कड़ा पहरा मेघालय के मुख्यमंत्री को भी रोका गया, फिर मिली एंट्री

**नई दिल्ली।** संसद सुरक्षा उल्लंघन के एक दिन बाद गुरुवार को संसद भवन के भीतर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई। पुलिस और संसद के सुरक्षाकर्मी बिना जांच किए किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। संसद परिसर से कुछ ही मीटर दूर परिवहन भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी किसी को भी बैरिकेड से आगे जाने की इजाजत नहीं दी। वे लोगों के पहचान पत्र देखने के बाद ही उन्हें अंदर जाने की इजाजत दे रहे हैं।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को इमारत के मकर द्वार से अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके बाद वह अपनी कार से बाहर निकले और शार्दुल द्वार से इमारत के अंदर गए। संसद भवन के सदस्यों के वाहन चालकों को बिना पहचान पत्र के अंदर जाने की




इजाजत नहीं दी गई है। संसद भवन के बाहर मीडियाकर्मियों से भी पहचान पत्र मांगे गए।

संसद भवन की सुरक्षा में चूक के बाद नए भवन के मकर द्वार को सभी के लिए फिलहाल प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं मीडिया को पुराने संसद भवन के गेट 12 के लॉन में स्थानांतरित किया गया है।

यह घटना बुधवार दोपहर एक बजकर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए।

नीले रंग की जैकेट पहना एक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी, 453, 153, 186, 353 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की की धारा 16 और 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल में लगी आग, घाटकोपर में 30 लाख के ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में रहने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल के दूसरी मंजिला में आग लग गई। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस आयुक्त रवि शंकर अय्यनर ने बताया कि आग दोपहर के 12 बजे लगी।

जिस मंजिल में आग लगी, वहां 50 से 70 मरीज थे। सभी को सावधानीपुर्वक बाहर निकाला गया। ऑपरेशन थिएटर से आग लगने की जानकारी मिली है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

तेलंगाना के कामरेड्डी में एक शॉपिंग मॉल में बुधवार की रात 11 बजे आग लग गई। आग की खबर पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। इस घटना में संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल किसी के भी घायल होने की जानकारी नहीं मिली है।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने घाटकोपर इलाके से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 30 लाख का ड्रग भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में रहने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर अमेरिका का जोर

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में चल रहे तनाव के बीच



बुधवार को यूएस-ताइवान वार्ता हुई है। इस वार्ता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों में ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस वार्ता को लेकर एक बयान भी जारी किया है। इसमें यह भी बताया गया है कि अमेरिका और ताइवान साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य, विमानन सुरक्षा और जलवायु सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के तरीके तलाश रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में दुबई में आयोजित COP28 के दौरान में चीनी प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में ताइवान को शामिल करने के आह्वान का विरोध करने के कुछ दिनों बाद बुधवार को यूएस-ताइवान नियमित परामर्श हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया।

इस बीच, अमेरिका ने चीन की वन चाइना पॉलिसी पर भी सवाल खड़ किए हैं। शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि वाशिंगटन की वन चाइना पॉलिसी बीजिंग के वन चाइना सिद्धांत से अलग है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीति ताइवान संबंध अधिनियम और तीन संयुक्त विज्ञप्तियों और छह आश्वासनों के आधार पर है। वहीं, दूसरी ओर चीन ने ताइवान संबंध अधिनियम पर आपत्ति जताई है और इसे अमान्य करार दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका और ताइवान के बीच ये वार्ता तब हुई है जब हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हनोई की यात्रा की थी। उन्होंने ताइवान के नेताओं संग वार्ता के बाद दक्षिण चीन सागर विवाद का संयुक्त समाधान निकालने का आह्वान किया था।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसा



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। इसका उद्देश्य वैश्विक उत्तर देशों की प्रधानता को पूरा करना है।

उन्होंने परिषद में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही इस पर भी जोर डाला कि सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। फ्रांसिस ने कहा, महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में मेरा मानना है कि हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो।

सुरक्षा परिषद रिफॉर्म पर ग्लोबल साउथ थिंक टैंक के एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मकसद को पूरा नहीं कर रही है। परिणामस्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा।

# अफगान शरणार्थियों पर पाकिस्तान मेहरबान, पश्चिमी देशों में जाने की समयसीमा बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रहने वाले अफगान शरणार्थियों को दूसरे देशों में भेजे जाने का क्रम लगातार बना हुआ है। हालांकि इन शरणार्थियों को पश्चिमी देशों में भेजने की समय सीमा आगे बढ़ा दी गई है। खबरों के अनुसार बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच पाकिस्तानी प्रशासन ने अफगान नागरिकों की स्वदेश वापसी की समय सीमा 29 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह फैसला अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि थॉमस वेस्ट के पाकिस्तान दौरे के बाद हुआ है।

थॉमस वेस्ट ने अमेरिका दौरे पर पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की। इसके एक सप्ताह के बाद कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी ने कहा, अफगान शरणार्थियों के लिए तय समयसीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 29 फरवरी, 2024 की गई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अफगान नागरिकों को किसी तीसरे देश में जाने का पर्याप्त समय देने के मकसद से लिया गया है। इस फैसले से शरणार्थियों को कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने की मोहलत के



साथ-साथ मदद भी मिलेगी। सरकार के मुताबिक शरणार्थियों की निकासी व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान शरणार्थियों को दूसरे देशों में भेजने के लिए पुनर्वास योजना बना रहा है। बुधवार को इस संबंध में पाकिस्तान की कार्यवाहक कैबिनेट की बैठक भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों (अमेरिका और पाकिस्तान) ने कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें बिना दस्तावेज वाले अफगानों के खिलाफ चल रहे अभियान भी शामिल है।

बता दें कि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों ने बिना समुचित दस्तावेज के अफगान शरणार्थियों को जबरन पाकिस्तान से निकाले जाने की व्यापक आलोचना की है। आलोचना के कारण पाकिस्तान से विवादास्पद नीति पर पुनर्विचार करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव बना और उसे समय सीमा बढ़ाने का फैसला लेना पड़ा।

# पाकिस्तान में मुशाल मलिक ने फिर रची साजिश, मुजफ्फराबाद से श्रीनगर तक रचा प्लान 370

**साजिश**

**पाकिस्तान ने न सिर्फ अपने देश, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से घाटी में माहौल खराब करने के लिए साजिशें रचनी शुरू कर दी हैं।**




**इस्लामाबाद।** कश्मीर में अनुच्छेद 370 मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर बड़ी साजिशों को अंजाम देने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने न सिर्फ अपने देश, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से घाटी में माहौल खराब करने के लिए साजिशें रचनी शुरू कर दी हैं। इसके लिए बकायदा सोशल मीडिया से लेकर कश्मीर घाटी के भीतर सक्रिय स्लीपर सेल के आतंकियों को भी पाकिस्तान आतंकवादियों ने संदेश भेजा है। जानकारी इस बात की भी मिली है कि दिल्ली की जेल में बंद आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल ने इस्लामाबाद से इस पूरे मामले में माहौल बनाने की नींव रखी है। मुशाल मलिक ने अपने संदेश में मुजफ्फराबाद से लेकर श्रीनगर के भीतर संगठन में नए लोगों को जोड़ने और उनको आगे बढ़ाने का नया मिशन शुरू करने की योजना बनाई है। वहीं इसके अलावा घाटी में मौजूद कुछ आतंकी संगठनों की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी भी खुफिया एजेंसियों को मिली है।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की मुहर के बाद पाकिस्तान बौखलाया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक इस फैसले के बाद पाकिस्तान के कई आतंकी संगठनों के साथ-साथ उनका समर्थन करने वाले तथाकथित सामाजिक संगठन साजिशों को बढ़ाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा माहौल खराब करने के लिए घाटी के आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल मलिक ने मोर्चा संभाला है। जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष सलाहकार और आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल मलिक ने कश्मीरियों को भड़काने के लिए साजिशों के तौर पर अलग-अलग माध्यम से संदेश आगे बढ़ाए हैं। पता यही चला है कि मुजफ्फराबाद से लेकर घाटी के अलग-अलग संगठनों में युवाओं की भर्तियां की जाएं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुशाल मलिक ने घाटी में पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह को खुला संदेश भी दिया है। जिसमें अलगाववादियों और आतंकवादियों को अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए कहा गया है। यही नहीं मुशाल मलिक के साथ-साथ कश्मीर घाटी के युवाओं को भड़काने के लिए यूथ फोरम कश्मीर नाम के संगठन ने भी स्लीपर सेल के आतंकियों को सक्रिय करने का पूरा माहौल बनाया है। कश्मीर घाटी में सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के आतंकी संगठन जम्मू एंड कश्मीर लिबरेशन सेल ने न सिर्फ मुजफ्फराबाद बल्कि कश्मीर में युवाओं को भड़काने के लिए अगले सात दिनों के %योजना 370% बनाई है। कभी आतंकी यासीन मलिक इसी संगठन का अगुवा हुआ करता था। फिलहाल अब उसकी पत्नी मुशाल मलिक के इशारे पर मुजफ्फराबाद से माहौल खराब की घटनाओं को बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर संगठन के माध्यम से साजिशें रची जा रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने अपने सभी सक्रिय आतंकी संगठनों को इस मामले में बढ़-चढ़कर प्रतिक्रिया देने और माहौल खराब करने के लिए उकसाया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक कश्मीर पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट आफ डायलॉग डेवलपमेंट एंड डिप्लोमेटिक स्टडी जैसे पीओके में मौजूद संगठनों ने भी कश्मीर घाटी में सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने का पूरा ड्रामा रचा है। जानकारी इस बात की भी मिली है कि पीओके के मुजफ्फराबाद से चल रहे इन दोनों संगठनों ने कश्मीर पर घाटी के युवाओं को एक बार फिर भड़काने के बड़े अभियान को शुरू करने की तैयारी की है। इस अभियान के तहत इन दोनों संगठनों से घाटी के युवाओं को जोड़ने की मुहिम शुरू करने की तैयारी हो रही है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों को पहले से मिली इस जानकारी के चलते पाकिस्तान की साजिशें सफल तो नहीं हो पा रही हैं।

कश्मीर में माहौल खराब करने के लिए कश्मीर ग्लोबल काउंसिल एंड साउथ एशिया डेमोक्रेसी के डायरेक्टर राजा मुजफ्फर ने भी बड़े स्तर पर साजिशें रचनी शुरू की हैं। जानकारी के मुताबिक राजा मुजफ्फर कश्मीर घाटी में अलग-अलग माध्यमों से युवाओं को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों और उनकी विचारधाराओं से जोड़कर न सिर्फ आतंकियों को खड़ा करता है, बल्कि आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजनाएं भी बनाता है।

## चीन की सबसे बड़ी गलती होगी ताइवान पर हमला

**नई दिल्ली।** चीन और ताइवान के बीच तनाव दिनों दिन बढ़ रहा है और माना जा रहा है कि जल्द ही चीन ताइवान पर हमले जैसा कोई बड़ा कदम उठा सकता है। हालांकि चीन अगर ऐसा करता है तो यह उसकी बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है। दरअसल चीन हिंद महासागर में फंस सकता है। सुरक्षा मामलों के जानकारों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में चीन की तेल की सप्लाई को हिंद महासागर में बाधित किया जा सकता है।

बता दें कि रोजाना चीन के करीब 60 बड़े तेलवाहक जहाज ईरान की खाड़ी से होकर हिंद महासागर में दाखिल होते हैं और फिर दक्षिणी चीन सागर होते हुए चीन तक पहुंचते हैं। दक्षिणी चीन सागर में चीनी नौसेना का दबदबा है लेकिन हिंद महासागर ऐसा इलाका है, जहां चीन के पास कोई खास हवाई सपोर्ट या बड़ा सैन्य अड्डा नहीं है। ऐसे में हिंद महासागर में चीन के तेलवाहक जहाजों आराम से रोका या तबाह किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की नेशनल यूनिवर्सिटी के सुरक्षा मामलों के जानकार डेविड ब्रूस्टर का ये कहना है। सुरक्षा समीक्षकों का कहना है कि अगर रूस और यूक्रेन की तरह चीन किसी लंबे युद्ध में फंसा तो हिंद महासागर में चीन की कमजोरी उसके लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

बता दें कि चीन ने नवंबर तक बीते 11 महीनों में करीब 51 करोड़ टन से ज्यादा कच्चा तेल आयात किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चीन के तेल आयात में 12 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार, चीन का करीब 62 प्रतिशत कच्चा तेल और 17 प्रतिशत प्राकृतिक गैस स्ट्रेट ऑफ मलक्का और दक्षिण चीन सागर के रास्ते होता है और यह रूट हिंद महासागर से होकर गुजरता है। इसके साथ ही चीन में पशुओं को खिलाने के लिए सोयाबीन का आयात भी इसी रूट से होता है।

चीन के पास सैन्य सैटेलाइट्स का बड़ा नेटवर्क है लेकिन हिंद महासागर में चीन का सिर्फ एक सैन्य अड्डा है लेकिन उस पर भी हवाई सपोर्ट नहीं है।

# कलम की धार है पत्रकारों की पहचान तामीर हसन शीबू

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कलमकार समाज का प्रहरी होता है। सचमुच वह समाज के पीड़ितों, दबे कुचले, निरीह व असहायों की आवाज शासन प्रशासन में पहुंचाने के लिए सेतु का काम करता है। वह ही अच्छे बुरे को बताने के साथ ही समाज को आईना दिखाता है। पत्रकारिता व्यापार नही पवित्र मिशन व कर्म बंधन है। समाज को कर्तव्य के प्रति जागरूक करना ही उसका प्रमुख उद्देश्य है। पत्रकारिता का महत्व उसके कलम पर निर्भर करता है। कलमकार भीड़ नहीं अगली पंक्ति का संवाहक है। यह गौरवमयी प्रतिस्ठा तभी अक्षुण्य रह सकता है जब मीडिया साथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करे। सबसे महत्वपूर्ण बातें यह है कि यधपि संविधान के पन्नों में हम कलम के सिपाहियों का जिक्र नही है। किन्तु आज भी कलम के बल पर समाज पटल पर चुतुर्थ स्तम्भ के रूप में स्थापित हूँ। यह मिडिया जगत में सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह चारों में वह खंभा है जिसके ढ़हने से लोकतंत्र के तीनों स्तम्भ न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका में भूचाल आ जाएगा।



आज वर्तमान हालात पर नजर डाला जाए तो पता चलेगा कि देश में अपराधियों की संख्या अधिक है। जैसे निर्माण कार्य मानक के विपरीत हुआ है। तो निश्चित ही कमीशन शीर्ष अधिकारी से लेकर राजनेता के जेब में पहुंचा होगा, तबादला से लेकर कर बंधी महीनवारी तक बड़े कार्यालयों में पैसे का खेल चल रहा है, एक खाकी वर्दी वाला किसी अपराधी को पकड़ता है और उससे कुछ चढ़ावा लेकर छोड़ देता है तो वह किस श्रेणी में आता है यह प्रश्न समाज के बीच में एक पहेली बना हुआ। इसे खाकी विभाग के सभी शीर्ष अधिकारी जानते हैं कि वह भी महाअपराधी की श्रेणी में आ जाता है। किन्तु कार्रवाई में पता नही क्यों हाथ खड़े हो जाते है।

यद्यपि पत्रकारिता अनेक चुनौतियों के साथ जोखिम भरा है। फिर भी समाज की खामियों को उजागर करना ही सच्ची पत्रकारिता है। यह सच भी है जब कोई कलमकार किसी राजनेता के गले की हड्डी बनता है। तो उसे उसके कोप का शिकार होना पड़ता है। इसमे उसे घबराने की जरूरत नही है। यह ध्रुव सच है कि वह उसके प्रोलोभन व भोजभात में अगर न जाए तो राजनेता उसका कुछ बिगाड़ नही सकता है। जनता भी उनकी तरफ सच व झूठ जानने के लिए निहारती रहती है।

# अभियोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में अभियोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अभियोजन कार्यों के स्पीडी ट्रायल, तथा राजस्व, पॉक्सो आदि से संबंधित वादों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गत माह में दायर मामलों, डिस्पोज्ड मामले सहित इसकी पेंडेंसी एवं कारण तथा न्यायालयों में निर्णित व विचाराधीन मुकदमों, पॉक्सो से सम्बन्धित मुकदमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जितने भी मामले राजस्व तथा पॉक्सो से जुड़े हुए हैं उन्हें प्राथमिकता पर रखकर उनको डिस्पोज कराये जाए। इस संबंध में विधि पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही सभी लंबित वादों के निष्पादन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, एसपी सिटी बृजेश कुमार, उपजिलाधिकारीगण सहित समस्त विधि पदाधिकारीगण

# जितेंद्र अध्यक्ष व विनोद मंत्री हुएं निर्वाचित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मड़ियाहूं)** जितेंद्र मिश्रा अध्यक्ष विनोद सिंह मंत्री यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश यादव अखिलेश यादव उपाध्यक्ष मड़ियाहूं एवं ब्लॉक इकाई शाहगंज के अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला चुनाव अधिकारी की मौजूदगी व देख रेख में ब्लॉक इकाई रामपुर का चुनाव कंपोजिट विद्यालय फजुल्हा में बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। जिसमें जितेंद्र मिश्रा को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया व विनोद सिंह मंत्री निर्वाचित हुए इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण दुबे मोहम्मद आरिफ कोषाध्यक्ष निहारिका सिंह महिला उपाध्यक्ष विजय कुमार रवि शंकर मौर्य मनोज सरोज को उपाध्यक्ष अर्चना मौर्या को संयुक्त मंत्री प्रद्युम दुबे अरुण कुमार राजेश राम को संगठन मंत्री कृपा शंकर अखिलेश यादव को प्रचार मंत्री अनिल गौतम को लेखाकार बबलू जैसल को आडिटर इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश यादव जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ आशीष सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, राय साहब सिंह, प्रवेश चंद्रपाल, प्रवक्ता सत्य प्रकाश मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष निशा मिश्रा, अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, अध्यक्ष आनंद सिंह, अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, अध्यक्ष संतलाल गौतम, लेखाकार विजय बहादुर यादव, अध्यक्ष अजय मिश्रा, अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह रमेश सिंह, अध्यक्ष श्री कृष्ण पांडे, डॉ विपिन मिश्रा, प्रदीप सिंह मंत्री, मड़ियाहूं संगठन मंत्री रामधारी तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधे मोहन तिवारी, प्रेम शंकर तिवारी, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिले के सबसे कम उम्र के प्रधान जानकी यादव बने सपा के जिला सचिव

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से सपा की गंगापार इकाई के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने जानकी यादव को जिला सचिव मनोनीत किया है। जानकी यादववर्ष 2021में सम्पन्न पंचायत चुनाव में सबसे कम उम्र के 23(वर्ष )में सोराव की मन सैता ग्राम सभा के ग्राम प्रधान चुने गए हैं। आज पार्टी कार्यालय में उनको मनोनयन पत्र सौंपा गया। जिला सचिव बनाये जाने परजिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद, अमर सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव, सन्देश यादव एडवोकेट, पार्षद रामकुमार, शिव केश, ज्वाला यादव, नाटे चौधरी, अंशू सरकार, रवि यादव, दीपक कुमार आदि ने बधाई दी है।

# कबड्डी: बालकों में ग्रीन व बालिकाओं में ब्लू हाउस रहा अव्वल

- चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन रेड हाउस का रहा दबदबा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)** सिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार हाउस में रेड हाउस का दबदबा रहा। कक्षा 6 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। कबड्डी सीनियर वर्ग बालकों में ब्लुएवा ग्रीन हाउस के बीच तथा बालिकाओं में ब्लू व रेड हाउस के बीच शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें बालिकाओं में 1 पॉइंट से ग्रीनहाउस ने ब्लू हाउस को हराया। बालकों में ब्लू हाउस ने चार पॉइंट से रेड हाउस को हराया।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने क्रिकेट, कबड्डी, खो खो,रस्साकसी व वॉलीबॉल में चार हाउस में हिस्सा लिया। क्रिकेट मैच कक्षा 7 से 10 के बीच ग्रीन व ब्लू हाउस तथा कक्षा 9 से 12 तक रेड व येलो के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। जिसमें ग्रीन व रेड हाउस प्रथम स्थान पर रहा। सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता कक्षा 7 से 10 रेड व ग्रीन हाउस के बीच तथा कक्षा 9 से 12 तक रेड व येलो बीच हुआ। जिसमें 6 पॉइंट से ग्रीन व 3 पॉइंट से रेड हाउस प्रथम रहा। खो खो प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्गों में ब्लू व ग्रीन हाउस की टीम अव्वल रही। रस्साकसी बालिका वर्ग में येलो व बालक में ग्रीन हाउस अव्वल रहा। उत्कृष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शुभम, दिव्यांश, रिया, कृति, अमिया, सत्यम, आयुषी, नील, साहिल, प्रिंस, मयंक, सृजन, स्नेहा, राम व मयंक को प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।रेफरी की भूमिका अभिषेक सिंह नीरज मिश्रा व कमलेश मिश्रा व कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, मधु, किरण मौर्य, नेहा सिंह, सुष्मिता पांडे, जगत यादव, डीबी, सतीश सोनी, अभिषेक गुप्ता, रंजीत गुप्ता व सुभाष मिश्रा आदि लोगों ने खेल को सम्पन्न कराने में सहयोग किया।

# प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने पदाधिकारियों में भरा जोश

- बोले-कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर में सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के प्रदेश संगठन महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा एवं क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि का जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कहा कि आजादी के बाद लम्बे अरसे तक कांग्रेस और अन्य दलों ने अनुसूचित वर्ग के लोगों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया लेकिन अनुसूचित वर्ग के लोगों के विकास और इनके कल्याण के लिए कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ अनुसूचित वर्ग के लोगों को मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ अनुसूचित वर्ग के कल्याण और उनके विकास के लिए भाजपा सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल संतोष पटेल अभिषेक रावत अजय सरोज निखिल सोनकर अवधेश सोनकर एवं मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## प्रयागराज हाफ मैराथन 2024 का आयोजन 10 मार्च को

**प्रयागराज।** थ्रिल जोन द्वारा आयोजित 10 मार्च क होने वाली फर्स्ट टाइम्ड हाफ मैराथन (प्रयागराज हाफ मैराथन 2024) का आयोजन होगा। जिसमें देश भर से 3 हजार से ज्यादा धावक इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस बारे में थ्रिल जोन के संस्थापक पीसी कुशवाहा ने बताया थ्रिल जोन, 2014 से एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। देश भर में 100 से अधिक सफल कार्यक्रमों के साथ, हमने मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, गुड़गांव, लखनऊ, देहरादून, पुणे जैसे शहरों में फिटनेस को बढ़ावा देकर एक अमिट छाप छोड़ी है। और सरकारी निकायों के साथ सहयोग करते हुए, हमारे प्रदर्शनों की सूची में मैराथन, साइक्लोथॉन और फिटनेस कार्यक्रम शामिल हैं।

# मनबढ़ युवकों ने पत्रकार की दुकान को पहुंचाया क्षति, तोड़फोड़ कर उठा ले गए सामान

- जल्द हो सकता है खुलासा क्योंकि सीसी कैमरा में कैद'

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिले के फूलपुर थाना से सटे माहूंल मोड पर आए दिन मन बढ़ युवकों का चल रहा है बोलबाला आए दिन किसी ना किसी का दुकान को बना रहे हैं निशाना सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि माहुल मोड पर अगल-बगल के रहने वाले कुछ मन बढ़ युवक रात बजे के बाद दुकानों को देते हैं अंजाम और तोड़फोड़ कर सामान को उठा ले जाते हैं ऐसा कई दिनों से नुकसान पहुंचाने का सिलसिला चल रहा है। बाहर रखे काउंटर को मन बढ़ युवकों ने तोड़फोड़ कर उठा ले गए सामान को इन मनबढ़ युवकों के ऊपर अगर जल्द से जल्द लगाम नहीं लगाया गया तो दे सकते हैं बड़ा अंजाम इनके कारनामे सीसी कैमरा में कैद है जल्द हो सकता है बड़ा खुलासा। खुलासा होने पर इन दोषियों के ऊपर होगा मुकदमा दर्ज क्योंकि घटना को खुले आम अंजाम देते हैं काउंटर को तोड़ने में लगभग इनका समय आधा घंटा लगा होगा। फिर दुकान के अंदर घुसे और पीछे जाकर आड़ किए हुए प्लास्टिक को तोड़फोड़ मचाएं।

# मुक्त कराये गये 16 मजदूर



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** अपर पुलिस महानिदेशक, महिला बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ एवं नोडल अधिकारी एएचटीयू अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्ग दर्शन में बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । उक्त अभियान के क्रम में दिनांक 13.12.2023 को श्रमप्रवर्तन अधिकारी द्वारा सूचना दी गयी कि थाना क्षेत्र अतरौलिया में जितेन्द्र ईटध्भट्ठा पर 16 मजदूरो को बंधक बनाया गया है । जिसमें श्रमप्रवर्तन अधिकारी व थाना एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर उपरोक्त बंधक बनाये गये मजदूरो को मुक्त कराया गया तथा मुक्त कराये गये मजदूर कुल 16 महिला पुरूष को श्रमप्रवर्तन अधिकारी द्वारा भट्ठा मालिक जितेन्द्र यादव ग्राम दारुपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ से कुल मजदूरों को उनकी मजदूरी व यात्रा भत्ता दिलवाकर रेलवे स्टेशन जौनपुर से बिलासपुर छत्तीसगढ़ उनके गन्तव्य स्थान हेतु रवाना किया गया। टीम के सदस्यों में देवेन्द्र सिंह श्रमप्रवर्तन अधिकारी, आजमगढ़ मय टीम उ0नि0 विजय कुमार शुक्ल थाना एएचटीयू जनपद आजमगढ़, का0 आशीष प्रताप सिंह थाना एएचटीयू जनपद आजमगढ़ व म0का0 सुप्रिया पाल थाना एएचटीयू जनपद आजमगढ़ ।

## राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय (एन कोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थो के सेवन को प्रतिबंधित करने हेतु दुकानों पर पोस्टर व होर्डिंग लगाए गए है, औषधि की दुकानों पर मादक पदार्थो की बिक्री की जांच की जा रही है एवं इन दुकानों पर इसके सेवन के प्रतिकूल प्रभावों सम्बन्धी पैफलेट भी लगाए गए है। साथ ही फैक्ट्री, रेलवे स्टेशन परिसर आदि जगहों पर भांग, दोहरा जैसे मादक पदार्थ मिश्रित वस्तुओ का विक्रय करने वाले दुकानों की जांच की गई। सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रतिबंधित वस्तु की बिक्री होते नही पाया गया। इसके संबंध में कैंप लगाकर लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि एवं रा राम अक्षयबर चौहान, जिला आबकारी अधिकारी उमेश चंद्र पांडेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# हाफिज-ए-मिल्लत की मजार पर चादर पोशी को उमड़ा जन सैलाभ

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** अरबी यूनिवर्सिटी अल जामिअतुल अशरफिया मुबारकपुर के संस्थापक हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत अल्लामा शाह अब्दुल अजीज मोहद्दिस मुरादाबादी का दो दिवसीय उर्स पाक का पहला दिन बृहस्पतिवार को अल सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरान ख्वानी से आगाज किया गया। इसके बाद जोहर की नमाज के बाद चादर का जुलूस हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत की कयामगाह पुरानी बस्ती से निकाला गया। चदर व गुलपोशी का का कार्यक्रम सायं देर रात तक चला। बतादें की उर्स हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत के पहले दिन मुबारकपुर नगर के मोहल्ला पुरानी बस्ती उनके आवास पर कुरान ख्वानी के साथ शुरू साथ हुआ। वहीं दोपहर को लगभग तीन बजे उनकी कयामगाह से सरबराहे आला अल्लामा शाह अब्दुल हफीज के केयादत में चादर जुलूस निकाला गया। यह चादर जुलूस अपने कदीमी रास्ते बड़ी अजन्टी, रोडवेज होते हुए अल जामिअतुल अशरफिया के परिसर रौजे हाफिज-ए-मिल्लत पर पहुंचा।चादर जुलूस में विभिन्न अन्जमनों ने शिरकत कर मनकबत का नजराना पेश किया। इस प्रकार मुख्य चादर जुलूस के अलावा व अन्य चादर जुलूस भी हाफिज-ए-मिल्लत पर पहुंच कर चादर पोशी की। वहीं बसपा नेता पूर्व विधायक गुड्डू जमाली व पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम करैली भी पहुँचकर चादर पोशी व फतेहा पढ़ा और देश में अमन शान्ति की दुआ की इस दौरान उन्होंने ने कहा की हम जब भी अल्लाह से दुआ करते हैं तो की पूरी दुनियां में अमन शांति हो इंसान इंसान से प्यार करे यही दुआ की है। वहीं चंद्रेवद राम करैली ने कहा कि हाफिज ए मिल्लत साहब ने पैगाम दिया था आपीसी भाईचारा वह आज भी यहाँ कायम है इसके लिए हम सभी लोग उनका स्वागत करते हैं।

## विकसित भारत यात्रा में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं कराया जागरूक




**आजमगढ़।** विकसित भारत यात्रा पखवारा के दौरान ठेकमा ब्लाक के उदीयावां और सहनू डीह ग्रामो में यात्रा के बाद कैम्प लगा कर केंद्र एवम प्रदेश की सरकार द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक खंड अधिकारी जे पी सिंह ने बताया कि हर योजना के लिए पात्र व्यक्ति को चयनित कर लाभान्वित किया जाएगा, साथ ही सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में भी बताया, इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी सूरज कुमार कृषि और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, ग्राम प्रधान राकेश मौर्य, के अलावा रमेश कुमार, ओबिन्द राय, जय गोविंद, जनार्दन आदि समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**प्रयागराज।** कुंभ नगरी प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर लगने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां तेज होने लगी है। योगी सरकार इसे भव्य, दिव्य और नव्य स्वरूप देने का प्रयास कर रही है। इसके लिए इस बार डीलक्स सुविधा वाली टेंट सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है। पर्यटन विभाग इसके लिए तैयारियों में लगा हुआ है। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में इस बार 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुंभ नगरी में पहुंचने का अनुमान है। पर्यटकों की इस संख्या को देखते हुए योगी सरकार इन्हे कुंभ क्षेत्र में ठहरने के लिए डीलक्स क्लास की टेंट सिटी बनवा रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि महाकुंभ में देश और देश के बाहर के देशों से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को ठहराने के लिए कुंभ के अरैल क्षेत्र में 100 हेक्टेयर में टेंट सिटी बनाने की तैयारी चल रही है।

### टेंट सिटी के लिए डाली गई ई -निविदा

कुंभ क्षेत्र में तैयार हो रही इस टेंट सिटी को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस टेंट सिटी में विला, सुपर डिलक्स और डिलक्स श्रेणी में अलग-अलग सुविधाएं मिलेंगी। इसके अंदर ही इसमें फूड कोर्ट, वेलनेस सेंटर और यज्ञ शाला की भी व्यवस्था रहेगी। पर्यटन विभाग की तरफ से इसके के लिए निविदा की प्रक्रिया तेज करने की तैयारी शुरू कर दी गई। पर्यटन विभाग की तरफ से महाकुंभ 2025 में बसाए जाने वाले टेंट सिटी के लिए ई निविदा जारी कर दी गई हैं। विभाग की तरफ से नौ प्रकार की निविदा मांगी गई है। निविदा आवेदन में चयनित एजेंसियों पर ही टेंट सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी होगी।

## रिपु सूदन यादव एडवोकेट बने सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने झूंसी निवासी रिपु सूदन यादव एडवोकेट को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। रिपु सूदन यादव उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं और विश्व विद्यालय में छात्र राजनीति से ही समाजवादी पार्टी में सक्रिय हैं। पूर्व में प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके रिपु सूदन यादव काफ़ी संघर्ष शील एवं समाजवादी विचारधारा के प्रबल पक्षधर माने जाते हैं। इनके मनोनयन पर सपा एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव,पप्पू लाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,भोला नाथ यादव एडवोकेट, आर. एन. यादव एडवोकेट, डॉ निर्भय सिंह पटेल, राजू पासी, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, सचिन श्रीवास्तव, अम्बिका प्रसाद यादव, अरविन्द सरोज, अर्जुन यादव, अरविन्द पाल, संजय प्रजापति, राजेश निर्मल, राजवंत, ओम प्रकाश विश्वकर्मा आदि ने बधाई दी है।

# न्याय के लिए भटक रही इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट फाइटर

- जमीन भूमाफियाओं ने किया घर पर हमला अब पिता को फंसाया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट फाइटर, कई गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक किशोरी को अब न्याय की गुहार के लिए मीडिया के पास पहुंचना पड़ा है। पहले उसके मकान पर कब्जे की कोशिश की गई और पिता के न मानने पर घर में पहुंचकर तोड़फोड़ करते हुए उसके पिता को ही फर्जी मुकदमे फंसाने का प्रयास किया गया। यहां तक की उसके पिता को माफिया अतीक अहमद से जोड़ने की कोशिश भी की गई। आज खुशबू निषाद जो की एक इंटरनेशनल फाइटर है और कई बार गोल्ड मेडल और सिल्वर मंडल भी प्राप्त किया है, ने प्रेस



वार्ता में आरोप लगाया कि आज स्थिति यह है कि आज मेरे ऊपर भू माफियाओं द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। मैंने अपने पिता को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाई तो मेरे ही साथ बदसलू की जा रही है। पिछले दिनों उनके ही घर के अंदर घुसकर दबंगों ने मेरे और मेरी बहन और माँ के साथ अभद्रता की है। इस मामले में मंगे करेली थाने अपनी शिकायत दर्ज कराई है? पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से पांच लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया है जबकि तीन लोग अज्ञात है। खुशबू ने कहा कि 4 सीजन गेस्ट हाउस संचालक महावीर चौराहा नुरुल्लाह रोड निवासी अरुष्ण कुशवाहा, रामदास कुशवाह, संजय कुशवाहा, अवनीश कुशवाहा, मोहित यह लोग अक्सर उसका वीडियो बनाते हैं विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। हद तो तब हो गई जब घर में घुसकर तोड़फोड़ के साथ हत्या की धमकी भी दी। कैमरा तोड़ दिया मारपीट की। किराएदार को भी धमकाया गया कि कमरे छोड़कर चले जाओ वरना हत्या कर दी जाएगी फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी। उसने कहा कि मेरे पिता नंदलाल निषाद नंदा जो की लगातार दो बार करेला बाग से पार्षद रहे हैं और हमेशा क्षेत्र वासियों का प्यार उनको मिलता रहा है लेकिन इन लोगों ने मेरे पिताजी को झूठे मुकदमों में फंसा दिया रंगदारी का आरोप लगाया और रसूक के चल पर मुकदमा भी दर्ज कराया।

## महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सख्त

**प्रयागराज।** माघ मेले को लेकर संगम की रेती पर काम जोरो से चालू हो गया है। वहीं इस साल महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। महिला स्नानार्थियों के सुरक्षा घेरा के लिए एक महिला थाना, 50 महिला सब इंस्पेक्टर और 400 महिला सिपाहियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों पर सादे कपड़ों में महिला सिपाही मनचलों पर नजर रखेंगी। माघ मेला एसपी डॉ राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि माघ मेले में तैनात की जाने वाली सभी महिला सिपाहियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। उसके बाद उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। माघ मेले में आने वाली स्नानार्थी महिलाओं के सुविधा के लिए हर थानों में एक महिला हेल्प डेस्क बनाया जाएगा, जिससे महिलाएं सीधे हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी शिकायतें महिला हेल्पर के साथ साझा कर सकेंगी। डॉ. राजीव ने बताया कि महिला पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है जो सादे कपड़ों में घाटों पर कड़ी नजर रखेंगी।

# पाकिस्तानी कारतूस और पिस्टल के बारे में अतीक के बेटों से होगी पूछताछ

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों के हत्यारों की तलाश के साथ ही पुलिस की तफ्तीश दूसरे बिंदु पर भी तेज हो गई है। अब पाकिस्तानी कारतूस और विदेशी पिस्टल के बारे में अतीक के बेटों से पूछताछ की जाएगी। लखनऊ जेल में बंद उमर और सेंट्रल जेल नैनी में निरुद्ध अली अहमद से कारतूस, असलहों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके बाद जांच में कड़ी से कड़ी जोड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छानबीन में पुलिस कुछ सुरक्षा एजेंसियों से भी इनपुट साझा करेगी। पुलिस का कहना है कि 15 अप्रैल की शाम धूमनगंज पुलिस ने माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की निशानदेही पर पांच पाकिस्तानी कारतूस, पिस्टल बरामद




की थी। कारतूस पर पाकिस्तान आर्डिनेंस फैक्ट्री लिखा था। इससे पहले अतीक के ढहाए गए कार्यालय से विदेशी कोल्ट पिस्टल सहित कई अन्य असलहे बरामद हुए थे, जो उमेश पाल हत्याकांड में इस्तेमाल हुए थे। झांसी में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारे गए असद के पास भी विदेशी पिस्टली मिली थी। सूत्रों का कहना है कि उमर और अली के जेल जाने से पहले तक उसका भाई असद व कई गुर्गे साथ रहते थे, जिनके बीच हथियार सहित सभी मामलों पर चर्चा होती थी। शुरुआती छानबीन में यह तथ्य प्रकाश में आया था कि पंजाब के जरिए माफिया तक विदेशी असलहे पहुंचते थे, जिसको लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अपने-अपने स्तर पर इनपुट जुटाए थे।अब कहा गया है कि पुलिस भी इस महत्वपूर्ण बिंदु पर एक बार फिर से जांच को तेज कर रही है। जानकारी जुटाने के लिए सबसे जेल में बंद उमर और उसके भाई अली से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उनके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनएसडीसी इंटरनेशनल और एडेको ग्रुप ने रणनीतिक साझेदारी की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडरी और ग्लोबल वर्कफोर्स सॉल्यूशन कंपनी एनएसडीसी इन्टरनेशनल और एडेको ग्रुप ने आज कुशल, प्रमाणित भारतीय उम्मीदवारों के लिए अंतरराष्ट्रीय मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी साझेदारी की घोषणा की। इस रणनीतिक साझेदारी के फ्रेमवर्क से पारस्परिक रूप से लाभप्रद अवसरों के लिए भारत के युवाओं की विशाल क्षमता को अनलॉक किया जा सकेगा और दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाया जा सकेगा। कुशल प्रोफेशनल्स की ग्लोबल मांग को पहचानते हुए, साझेदारी का लक्ष्य जर्मनी, स्पेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में योग्य भारतीय उम्मीदवारों के रोजगार को बढ़ावा देना है। इसके फोकस सेक्टर हेल्थकेयर, आईटी और इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स और सहयोगात्मक रूप से पहचाने गए अन्य सेक्टर होंगे। यह साझेदारी कुशल भारतीय उम्मीदवारों के लिए बहुआयामी अप्रोच के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसरों तक पहुंचने का रास्ता तैयार करेगी।

इस साझेदारी पर बोलते हुए, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, यह साझेदारी कुशल भारतीय उम्मीदवारों को ग्लोबल स्टेज पर अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। भारतीय प्रतिभा और ग्लोबल इम्प्लॉयर के बीच गैप को पाटने के लिए, हम अपनी कौशल पहल के माध्यम से एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित कर रहे हैं और भारतीय उम्मीदवारों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा रहे हैं। इस विज़न के साथ, अपने ग्लोबल वर्कफोर्स सॉल्यूशन के लिए प्रसिद्ध एडेको ग्रुप के साथ हमारी साझेदारी, भारत के वर्कफोर्स के लिए मजबूत ग्लोबल संभावनाओं की शुरुआत का प्रतीक है। हमारे विज़न के केंद्र में एक व्यापक स्किल डेवलपमेन्ट फ्रेमवर्क है, जो व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से मांग और आपूर्ति के बीच तालमेल को बढ़ाता है।

एडेको ग्रुप के जियोग्राफिक रीजन के प्रसिडेन्ट इयान ली ने कहा, एनएसडीसी इंटरनेशनल के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, एडेको ग्रुप एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जहां भारतीय प्रतिभाएं ग्लोबल उद्योगों के साथ सहजता से जुड़ सकें। यह अलायन्स गैप को पाटने और हेल्थकेयर, आईटी और इंजीनियरिंग जैसे सेक्टरों और विशिष्ट भूमिकाओं में एक डायनामिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े कार्यबल को विकसित करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया 2024 में कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 1 जनवरी, 2024 से अपने उत्पादों की कीमतें लगभग 2प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी स्कोडा ऑटो इंडिया के वाहनों की संपूर्ण श्रृंखला पर लागू होगी, जैसे कि कुशाक एसयूवी, स्लाविया सेडान और कोडियाक लक्जरी 4म4। कीमतों में यह बढ़ोतरी आपूर्ति, इनपुट और परिचालन के लगातार बढ़ रहे खर्च के कारण की गई है । स्कोडा ऑटो इंडिया ने जुलाई 2021 में भारत के लिये विशेष रूप से विकसित नये प्लेटफॉर्म एमक्यूबी-ए0-आईएन पर आधारित नई कुशाक की पेशकश की थी। और अप्रैल 2022 में उसी प्लेटफॉर्म पर आधारित स्लाविया सेडान पेश हुई थी। दोनों कारों का निर्यात अब जीसीसी और राइट हैण्ड ड्राइव वाले दूसरे देशों में होता है। 2024 में वियतनाम में कंपनी का प्रवेश होने जा रहा है। कुशाक और स्लाविया, दोनों को ग्लोबल एनसीएपी के नये और ज्यादा कठोर क्रैश टेस्ट प्रोटोकॉल्स के तहत वयस्क एवं बच्चों के लिये पूरे 5-स्टार मिले हैं। कोडियाक को यूरो एनसीएपी के तहत वयस्कों और बच्चों के लिये 5-स्टार मिलने के साथ ही स्कोडा ऑटो इंडिया के पास 5-स्टार रेटेड, क्रैश-टेस्टेड कारों का 100प्रतिशत फ्लीट हो गया है। कंपनी ने अपने नेटवर्क को 2021 के 120 टचपॉइंट्स से बढ़ाकर 2023 के अंत तक 250 से ज्यादा टचपॉइंट्स का भी किया है। ग्राहक पर केन्द्रित अपनी सोच के अनुसार स्कोडा ग्राहकों के करीब पहुँचना और श्रेणी में अग्रणी अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करना जारी रखेगी।

# इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे भारत में शुरू करेगा 'इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प'

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की खुशी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, इसुजु मोटर्स इंडिया ने गर्व से अपने वार्षिक इसुजु आई-केयर विंटर सर्विस कैंप के लॉन्च की घोषणा की है, यह ग्राहकों को इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी की रेंज के लिये बेहतरीन लाभ और प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स की पेशकश करेगा। इसुजु सर्विस में, %केयरिंग नेवर स्टॉप्स% और विंटर के सीजन के दौरान इसुजु ग्राहकों को सक्रिय सर्विस और स्वामित्व अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसुजु केयर की एक पहल, विंटर कैम्प 18 से 23 दिसंबर 2023 (दोनों दिन शामिल) के बीच सभी इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जाएगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिए विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं।

कैम्प में आने वाले ग्राहकों को निम्नलिखित सुविधाएं मिलेगी-

निःशुल्क 37- बिंदु व्यापक जांच, मुफ्त गाडी टॉप वॉश, लेबर पर10% की छूट, पार्ट्स पर 5%



की छूट, इंजनऑयल और फ्ल्यूड्स पर 5% की छूट

नोट- नियम व शर्तें लागू। केवल BSVI वाहनों के लिए। यह इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरू, बिमावरम, भुज, कालीकट, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, मदुरै, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नागपुर, नेल्लोर, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, तिरुपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाड़ा- नासिक, कोल्हापुर, त्रिची, भुवनेश्वर, दुर्गापुर, नवीमुंबई और विशाखापत्तनम में स्थित इसुजु की सभी अधिकृत सर्विस फैसिलिटी पर आयोजित किया जायेगा।

सर्विस बुकिंग के लिये ग्राहक नजदीकी इसुजु डीलर आउटलेट पर कॉल कर सकते हैं या https://www.Isuzu.in/service-booking/ पर जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये ग्राहक 1800 4199 188 (टोल-फ्री) पर संपर्क कर सकते हैं।

## भारत ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विस मार्केट का हब बन सकता है: धर्मेन्द्र प्रधान



**नई दिल्ली।** एनएसडीसी और बजाज फिनसर्व और एआईसीटीई और बजाज फिनसर्व ने केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी, एआईसीटीई के मेम्बर सेक्रेटरी प्रो. राजीव कुमार, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी और बजाज फिनसर्व के अध्यक्ष और एमडी संजीव बजाज की गरिमामय उपस्थिति में दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। इस समारोह में सीएसआर के प्रेजिडेंट ग्रुप कुरुश ईरानी और बजाज फिनसर्व - सीएसआर के नेशनल हेड पल्लवी गांधीकर भी उपस्थित थे। एआईसीटीई, (मिनिस्ट्री ऑफ हायर एजुकेशन के तत्वावधान में) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), (कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में), देश में स्किल इकोसिस्टम के प्रमुख आर्किटेक्ट ने फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसरों के लिए युवा स्नातकों को तैयार करने हेतु भारत के अग्रणी और सबसे विविध वित्तीय सेवा समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व लिमिटेड के साथ आज साझेदारी की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री धर्मेंद्र प्रधान ने फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसरों के लिए युवा स्नातकों को तैयार करने और बैंकिंग, वित्त और बीमा में एक सर्टिफिकेट प्रोग्राम के शुभारंभ के लिए बजाज फिनसर्व के साथ एनएसडीसी और एआईसीटीई के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर खुशी व्यक्त की।

# भारत में नई किआ सॉनेट का वर्ल्ड प्रीमियर

## सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी दमदार नए डिज़ाइन, एडैस और मानक के रूप में 6 एयरबैग के साथ लॉन्च हुई

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी मास प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपने दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन, द न्यू सॉनेट के नए अवतार को सबसे पहले भारत में पेश किया है। अधिक मजबूत और स्पोर्टी सॉनेट को तकनीक-प्रेमी और वन-स्टॉप मीबिलिटी समाधान चाहने वाले आधुनिक जोड़ों और पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला एडैस दिया गया है, जिनमें फ्रंट कोलिज़न अवॉइडेंस असिस्ट, लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट, और लेन फॉलोइंग असिस्ट जैसे कुछ नाम शामिल हैं। मजबूत 15 हाई-सेफ्टी सुविधाओं के साथ, सॉनेट अब 25 से अधिक सेफ्टी फीचर्स का दावा करती है। भारत में नई सॉनेट के दूसरे वर्ल्ड प्रीमियर पर, किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ ताए-जिन




पार्क ने कहा, सेल्टॉस के बाद भारत में हमारी सफलता के सफर में सॉनेट की खास जगह है। अभूतपूर्व सुविधाओं और डिज़ाइन के साथ भारत में प्रीमियर होने के बाद, यह सरहदों को पार कर गया है और अब इसे 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाता है, जहां हमें 3.68 लाख ग्राहकों का विश्वास पाने पर गर्व है जो वास्तव में सॉनेट के ड्राइविंग अनुभव का आनंद लेते हैं। नई सॉनेट के साथ, हमारा उद्देश्य इसे खरीदने के किफायती अनुभव के साथ इसकी प्रीमियम सुविधाओं को सहजता से एकीकृत करना है, जिसमें रखरखाव का न्यूनतम खर्च और उल्लेखनीय रूप से उच्च रीसेल वैल्यू की खूबी भी सहजता से मिली है। यह अनूठा संयोजन आधुनिक उपभोक्ताओं के व्यापक ग्राहकवर्ग के साथ जुड़ने के लिए तैयार है। हमारी महत्वाकांक्षा नई सॉनेट को पेश करके कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अग्रणी स्थिति सुरक्षित करना है।

## सोने में 1,130 रुपये का उछाल, चांदी 2350 रुपये मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 1,130 रुपये की तेजी के साथ 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस दौरान चांदी भी 2,350 रुपये की तेजी के साथ 77,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 1,130 रुपये की तेजी के साथ 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

## नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने अपने 2024 एडिशन की घोषणा की, मिलेंगे 50 करोड़ रुपये के भारी-भरकम ईनाम



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े और काफी लोकप्रिय पोकर टूर्नामेंट, नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने रिकॉर्डतोड़ 50 करोड़ रूपये की इनामी राशि के साथ अपने चौथे एडिशन की घोषणा कर दी है। 22 दिन की यह सीरीज 3 मार्च से 24 मार्च 2024 तक चलेगी। इसमें देश के सबसे होनहार और उत्साही पोकर प्लेयर्स मेडल और पोकर की भारतीय कम्युनिटी में पहचान बनाने के लिये मुकाबला करेंगे। इस सीरीज में भाग लेने वाले प्लेयर्स किसी भी पोकर टूर्नामेंट में मिलने वाली सबसे बड़ी इनामी राशि के लिये भिड़ेंगे। वे भारतीय पोकर के इतिहास में अपने नाम को सुनहरे अक्षरों में अंकित करवाने के लिए दूसरे खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया का पिछला एडिशन 2023 में आयोजित हुआ था। उसमे पुरे देश से 1.25 लाख से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया लिया था। महाराष्ट्र के प्लेयर्स ने कुल 49 मेडलों के साथ पोल पोजिशन पाई, जबकि 48 मेडलों के साथ दिल्ली दूसरे स्थान पर रही। 45 मेडलों के साथ उत्तर प्रदेश और 33 मेडलों के साथ हरियाणा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। यह ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता दिखाता है। उल्लेखनीय तरीके से, नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2023 में रोस्टर पर महिला प्लेयर्स की संख्या भी 33न्न बढ़ी है। उम्मीद है कि इस बार एंट्रीज और मेडल जीने वालों की संख्या अपेक्षाओं से बढ़कर रहेगी और भारत में कौशल पर आधारित गेमिंग की दुनिया में नई उपलब्धियाँ तय होंगी।

पोकरबाज़ी पर होस्ट होने वाली नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने विगत वर्षों में पोकर को दिमाग के एक खेल के तौर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## वीवो ने वीवो इग्नाइट अवार्ड्स के दूसरे एडिशन का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले इनोवेशन के कल्चर को बढ़ावा देने के बड़े विजन के साथ, ट्रस्टेड ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारत में आज 'वीवो इग्नाइट टेक्नोलॉजी और



इनोवेशन अवॉर्ड्स' के दूसरे एडिशन के लॉन्च की घोषणा की। प्रॉब्लम सॉल्वर और इनोवेटर्स की अगली जनरेशन को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया, वीवो इग्नाइट युवा इंडियन माइंड्स को सकारात्मक सोशल इम्पैक्ट पैदा करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशन की कल्पना करने और प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करता है।

कक्षा 8-12 के छात्र लिए ओपन, इस कॉन्टेस्ट में स्टूडेंट्स टेक फॉर गुड थीम के लिए प्रोटोटाइप श्रेणी के तहत व्यक्तिगत या ग्रुप एंट्रियां जमा कर सकते हैं। कॉम्पिटिशन में दो फेस और एक ग्रैंड फिनाले शामिल है। प्रथम पुरस्कार के विजेता को 7 लाख रुपए का कैश प्राइज दिया जाएगा और 4 रनर-अप को 14 लाख का कैश प्राइज दिया जाएगा। अवार्ड सीजन 25 नवंबर 2023 को शुरू हुआ और फरवरी 2024 में समाप्त होगा।

वीवो इस आइडिया के लिए कमिटेड है कि बचपन के शुरुआत का विकास आजीवन सीखने का आधार है, और वीवो इग्नाइट- टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवार्ड्स यंग माइंड्स को एक आकर्षक अवसर प्रदान करने के वीवो के संकेत के प्रमाण के रूप में खड़ा है।

वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी हेड गीतज चन्ना ने कहा कि ÷वीवो इग्नाइट के साथ, हमारा टारगेट यंग टैलेंट को विकसित करने के साथ उन्हें सस्टेनेबल और ग्लोबल लेवल पर कॉम्पिटेटिव और क्रिएटिव आइडिया को पेश करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करना है। पिछले साल लगभग 3000 से अधिक स्टूडेंट्स ने पूरे उत्साह के साथ पार्टिसिपेट किया था।

हम दूसरे एडिशन के साथ इस विजन को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा मानना है कि एप्लीकेशन-बेस्ट एक्सपैरिटमेंटेशन बच्चों के आईडिया को प्रभावित करता है और साइंस यंगस्टर्स को उनकी जिज्ञासा और विजन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। वीवो इग्नाइट की बदौलत, युवा इनोवेटर्स के पास अपने लाइफ की शुरुआत में ही इनोवेशन की यात्रा शुरू करने के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म होगा। हम दुनिया की कुछ सबसे पेजिदा समस्याओं के सॉल्यूशन के लिए यंग माइंड्स को क्रिएटिव, विज्ञान पर आधारित सॉल्यूशन का उपयोग करते हुए देखकर उत्साहित हैं।

पिछले साल, अरहान गर्ग ने अपने प्रोजेक्ट अर्ली डिटेक्शन ऑफ वोकल डिस्ऑर्डर यूजिंग वॉइस एनालिसिस एंड मशीन लर्निंग' के लिए कॉन्सेप्ट श्रेणी में टॉप पोजिशन हासिल किया था।

## ओईएम को उपभोक्ताओं में उत्साह बनाए रखने के लिए मूल्य एवं अनुभव सृजन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

**गुरुग्राम।** भारत में उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट डिवाइस में कमी आई है। यह तथ्य टेकआर्क द्वारा जारी इंडिया कनेक्टेड कंज्यूमर रिपोर्ट 2024 के चौथे संस्करण में सामने आया है। हर वर्ष, टेकआर्क भारत में जुड़े हुए उपभोक्ताओं के बारे में अंतर्दृष्टि और रुख जारी करती है जो विभिन्न स्मार्ट डिवाइस को अपनाने और उनकी तरजीह से जुड़ा होता है। इन डिवाइस को इस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है:

स्मार्ट पर्सलन- लैपटॉप जिसमें क्रोमबुक्स, टैबलेट पीसी, वियरेबल्स शामिल हैं

स्मार्ट एंटरटेनमेंट- स्मार्ट टीवी, स्ट्रीमिंग डिवाइस, स्मार्ट स्पीकर्स

स्मार्ट कंफर्ट एवं कनविनिएंस- स्मार्ट लाइट्स, स्मार्ट स्विच, स्मार्ट एयर प्यूरीफायर, स्मार्ट एसी, स्मार्ट वाटर प्यूरीफायर, स्मार्ट हीटर

स्मार्ट होम इंफ्रा- राउडर, थर्मोस्टैट, आईआर ब्लास्टर

स्मार्ट सिक्युरिटी- स्मार्ट सर्विलांस कैमरा, स्मार्ट डोर लॉक, स्मार्ट वीडियो डोरबेल

स्मार्ट होम एप्लायंसेज- स्मार्ट वाशिंग मशीन, स्मार्ट वैक्यूम क्लीनर, स्मार्ट एयर फ्रायर, स्मार्ट ओवन।

इस अंतर्दृष्टि एवं रुख का आधार भारत में 2500 जुड़े हुए उपभोक्ताओं के बीच सर्वेक्षण, सेकेंडरी डेटा और ई-कॉमर्स मार्केट में बेचे गए ऐसे स्मार्ट डिवाइस के 400 से अधिक एसकेयू के रिव्यू एवं रेटिंग का विश्लेषण है।

इस रिपोर्ट की मुख्य बातों को साझा करते हुए टेकआर्क के संस्थापक और मुख्य विश्लेषक फैसल कावुसा ने कहा, यहां सबसे चिंताजनक बात यह सामने आई है कि इन स्मार्ट डिवाइस में उपभोक्ताओं की रुचि घट रही है क्योंकि ये डिवाइस उन्हें एक सीमा से परे वास्तविक मूल्य देने में विफल हैं। इस पूरे बाजार की वृद्धि को गति देने के लिए उपभोक्ताओं में उत्साह बनाए रखना जरूरी है जिसके लिए इन डिवाइस में उल्लेखनीय मूल्य जोड़ने की जरूरत है।

# नायका कॉस्मेटिक्स ने नई ग्लैमरआईज़ रंगीन आईलाइनर आई पेंसिल पेश की

**लखनऊ।** अब बुनियादी काले रंग से आगे बढ़ने का समय है, क्योंकि सुंदरता में सर्वोच्च ट्रेंडसेटर नायका कॉस्मेटिक्स, नए ग्लैमरआइज़ रंगीन आईलाइनर आई पेंसिल के साथ आपके मेकअप रूटीन को बदलने के लिए तैयार है। रंगों के बहुरूपदर्शक के लिए अपने साधारण लाइनर को बदलें और बोल्ड, सुंदर और पूरी तरह से चंचल आंखों की दुनिया में गोता लगाने के लिए तैयार हो जाएं। यह आश्चर्यजनक संग्रह समृद्ध और जीवंत रंगों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो हर आंखों के रंग को उभारने और निखारने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन पेंसिलों को काजल, आईलाइनर या आईशैडो के रूप में भी पहनें। बोल्ड आई लुक से लेकर सूक्ष्म हाइलाइट तक, इन मल्टीयूज़ , मल्टी लुक पेंसिल के साथ आपके विकल्प अनंत हैं जो एक सपने की तरह चमकते हैं।




चिकनी और मलाईदार बनावट दिन-रात तक 8 घंटे तक लंबे समय तक चलने वाली शक्ति के साथ आसान अनुप्रयोग और धब्बा-प्रूफ और जलरोधी सुनिश्चित करती है। ग्लेमर आईज रंगीन आईलाइनर आई पेंसिल में तीव्र रंगद्रव्य होते हैं और एक झटके में बोल्ड और आकर्षक रंग प्रदान करते हैं। एक समय में एक आँख से, नियमों को फिर से परिभाषित करने में हमारे साथ जुड़ें। चाहे आप रंग के सूक्ष्म पॉप या नाटकीय लुक का लक्ष्य रख रहे हों, पेंसिलें बहुमुखी और अनुकूलन योग्य अनुप्रयोग की अनुमति देती हैं, जो आईज डेट हिप्नो टाईज की पेशकश करती हैं।

**रंगों की खोज करें**

नीलमणि- इस तीव्र नीले रंग के साथ नीले स्पेक्ट्रम के गहरे अंत में गोता लगाएँ

जेड- अपना दृष्टिकोण बदलें और सभी को ईर्ष्या से हरा-भरा करें

ब्रोंज़ाइट- एक क्लासिक, कालातीत आकर्षण के लिए समृद्ध, गहरे भूरे रंग के शुद्ध आनंद का अनुभव करें

रूबी- एक उमस भरे लाल रंग के साथ अपने भीतर के विद्रोही को उजागर करें जो कहता है, मैं यहाँ मारने आया हूँ

चैती- चैती के साथ धूम मचाएँ, शो-चोरी जो किसी भी लुक में जीवंतता का एक पॉप जोड़ता है।

## विद्याकुल ने किया संकल्प यात्रा 2024 का आयोजन



**नई दिल्ली।** विद्याकुल, भारत का इकलौता एडटैक प्लेटफार्म जिसने लाभ, उद्देश्य और सामाजिक प्रभावों को एकसूत्र में पिरोया, ने संकल्प यात्रा 2024 का आयोजन किया है। इस अभियान के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात के दूरदराज के इलाकों में स्थित 500 गांवों में डिजिटल स्टडी रूम्स (घरों में ई-क्लासरूम) का निर्माण किया जाएगा जो वास्तव में, ऑफलाइन क्लासरूम सैटअप की तर्ज पर बनाए जाएंगे। इनमें मेज, कुर्सी, व्हाइट बोर्ड के अलावा 6 माह के मुफ्त इंटरनेट रीचार्ज के साथ स्मार्टफोन और विद्याकुल का ई-लर्निंग प्रोग्राम मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। संकल्प यात्रा 2024 के आयोजन पर टिप्पणी करते हुए तरुण सैनी, सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विद्याकुल ने कहा, ग्रामीण पृष्ठभूमि से नाता रखने और खुद भी शैक्षिक स्तर पर चुनौतियों का सामना करने के बाद, हम चाहते हैं कि हम इन छात्रों के लिए समान अवसर मुहैया कराएं। संकल्प यात्रा अभियान के तहत, हमें शानदार नतीजे मिले हैं और हमारे छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में टॉप किया है तथा देशभर के उच्च स्तरीय विश्वविद्यालयों में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। संकल्प यात्रा 2024 भारत भर के हर छात्र के लिए संभावनाओं के क्षितिज खोलने और उनके लिए बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के हमारे भरोसे का सूचक है। संकल्प यात्रा मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम है जिसके चलते कम आयवर्ग वाले परिवारों के छात्रों का पात्रता के आधार पर चयन किया जाएगा। यह चयन छात्रों के शैक्षिक रुझान और उनकी परफॉर्मेंस तथा इंटरव्यू और साथ ही पारिवारिक परिस्थितयों और वित्तीय क्षमताओं को ध्यान में रखकर किया जाएगा। संकल्प यात्रा 2024 में, 500 गांवों से 500 ऐसे मेधावी छात्रों का चयन करने की योजना है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आते हैं।

# मुट्ठी भर बादाम के साथ अपने त्योहार को बनाएं सेहतमंद

**मुंबई।** केक, कैरल और जश्न मनाने का मौका फिर लौट आया है! क्रिसमस का त्योहार पास आने के साथ काफी सारे लोग मीठे व्यंजन बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं। ये पकवान भले ही हमारा उत्साह बढ़ाते हों और एक त्योहारी माहौल तैयार करते हों, लेकिन यह समझना जरूरी है कि इनका जरूरत से ज्यादा सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। भारत में डायबिटीज तथा प्रीडायबिटीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह चिंता स्वाभाविक है। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और मद्रास डायबिटीज रिसर्च द्वारा कराए गए एक अध्ययन में ऐसा अनुमान लगाया गया है कि भारत में करीबन 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं और 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की अवस्था में हैं।

त्योहार के इस मौसम में हमारे आस-पास केवल स्वादिष्ट केक और चॉकलेट ही होंगे, ऐसे में अपनी सेहत और तंदुरुस्ती के लिए सतर्क रहना जरूरी है। साथ ही यह अपने लिए खानपान की चीजें समझदारी के साथ चुनने का समय है। ऐसे में बादाम बहुत ही अहम भूमिका निभाते हैं, खासकर यदि हम एक



सेहतमंद लाइफस्टाइल शामिल करना चाहते हैं और शक्कर से भरपूर चीजों से दूर रहना चाहते हैं। बादाम अच्छाइयों का भंडार है और विटामिन ई, मैग्नीशियम, राइबोफ्लेविन, जिंक, प्रोटीन जैसे 15 पोषक तत्वों का स्रोत है। यदि हम नियमित रूप से इस पौष्टिक नट को अपने संतुलित आहार में लेते हैं तो उससे ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है और दिल की सेहत अच्छी बनी रहती है। बादाम के स्वास्थ्य लाभों के अलावा यह हमारे व्यंजनों का स्वाद बढ़ाता है और उसमें थोड़ा और क्रंच व नटी स्वाद लेकर आता है। बादाम एक सुविधाजनक स्नैक है, जिसे कभी भी और कहीं भी खाया जा सकता है। इसे हम अपने फूड व मीठे पकवानों को सजाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही बादाम खाने से प्रभावी रूप से भूख कम हो जाती है, जिससे कैलोरी की खपत कम होती है और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है। तो आइए इस बार क्रिसमस के मौके पर अपने पकवानों को बादाम की अच्छाइयों के साथ सजाएं और अपने त्योहार को स्वादिष्ट तथा सेहतमंद बनाएं!

सेहत का ख्याल रखते हुए कैसे क्रिसमिस मनाया जा सकता है, इस बारे में जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलेब्रिटी सोहा अली खान कहती हैं, मैं पूरे साल अपनी फिटनेस का ध्यान रखती हूं, लेकिन औरों की तरह मुझे भी साल के इस मौके पर मीठा, केक और अपना पसंदीदा खाना पसंद है। लेकिन इसके लिए मैं अपनी या अपने परिवार की सेहत से किसी प्रकार का समझौता नहीं करती। जब मैं केक बेक कर रही होती हूं तो मैं शक्कर की जगह गुड़ का इस्तेमाल करती हूं। इसमें थोड़ा और हेल्दी ट्विस्ट देने के लिए बादाम मेरी पहली पसंद होती है। बादाम को अपने खाने में शामिल करने की सबसे अच्छी बात है कि यह कार्बोहाइड्रेट फूड्स का ब्लड शुगर पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है।

## सिडनी यूनिवर्सिटी देती है भारत में द्विपक्षीय जलवायु समाधानों को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** सिडनी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं और एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर ने पिछले हफ़्ते भारत और ऑस्ट्रेलिया में क्लाइमेट एक्शन के अवसरों का पता लगाने के लिए एक गोलमेज सम्मेलन किया।

जिसमें चर्चा का नेतृत्व एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की निष्ठा सिंह, कुबेरनेइन इनिशिएटिव की अंबिका विश्वनाथ और सिडनी यूनिवर्सिटी के नेट ज़ीरो इनिशिएटिव के डायरेक्टर प्रो डीना डी एलेसेंड्रो सहित कई अन्य प्रतिष्ठित लोगों ने किया। इस कार्यक्रम में कई शोधकर्ताओं के संघ, उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों के साथ - साथ एनजीओ ने भाग लिया, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच रणनीतिक द्विपक्षीय सहयोग के अवसरों का पता लगाया।

भारत और ऑस्ट्रेलिया कई समान समस्याओं जैसे कि फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता, बढ़ती ऊर्जा की मांग और कृषि क्षेत्र से उत्सर्जन आदि से जूझ रहे हैं। इस गोलमेज बैठक में द्विपक्षीय साझेदारी के लिए सबसे अहम क्षेत्रों को रेखांकित किया गया, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी, महत्वपूर्ण खनिजों, हाइड्रोजन पहलों पर रोशनी डालना और उन सेक्टरों को बदलने पर जोर देना आदि शामिल थे, जिन्हें कम करना कठिन है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को मज़बूती दी जा सके।

एक उचित परिवर्तन के विचार को संबोधित करने में राज्यों में होने वाले अलग - अलग तरह के प्रभावों से निपटना, स्वदेशी ज्ञान को एकीकृत करना और रिन्यूएबल क्षेत्रों में नौकरी परिवर्तन की सुविधा देना आदि शामिल हैं।

सिडनी यूनिवर्सिटी के लॉ स्कूल के प्रोफेसर पेनेलोप क्रॉसली ने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया अपनी ऊर्जा प्रणालियों की संरचनाओं के मामले में लगभग समान हैं जिनमें शायद विश्वस्तर पर सबसे ज़्यादा समानता है।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने एवं स्वच्छ भारत की दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता



**विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज बैतालपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत औरा चौरी में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज बैतालपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत औरा चौरी में विशेष कैंप का आयोजन कर ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन की सरकार से चहुमुंखी विकास हो रहा है। गरीब वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है।

डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के गरीबों के खाते में सीधे धन भेज रही है। पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अभी तक 4.2 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने, इससे प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। विगत 5 वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के नागरिकों का 3900 करोड रुपए से अधिक आयुष्मान कार्ड ने बचाया है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत की किफायती दामों पर जेनरिक दवा मिल रही है। उज्वला योजना अंतर्गत 1.75 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर एवं श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ अब तक वंचित रहे लोगों को उपलब्ध कराना है। एलईडी वैन के माध्यम से जन सामान्य को जागरुक करते हुए विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध कराते हुए पीएम किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की ई-केवाईसी की जा रही है। साथ ही उज्ज्वला योजना से वंचित लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। कैंप के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न बैंकिंग सेवाओं से लोगों को जोड़ने तथा लोगों को पोषणयुक्त भोजन के विषय में जानकारी देने के लिए स्टॉल भी लगाया गया। कार्यक्रम का औपचारिक प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पीएम आवास योजना की लाभार्थी सीमा देवी ने अपने अनुभवों को साझा किया और अपना पक्का घर देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर फूलमती ने रोजगार मिलने तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला संगीता यादव ने अपनी दुकान चलाने में मिल रही सरकारी सहायता का उल्लेख किया।

## आईटीएम गीडा में एनर्जी कंजर्वेशन्स डे पर सेमिनार का किया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स गोरखपुर लोकल चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान मे एनर्जी कंज़र्वेशन्स डे 2023 पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार मे किया गया।

कार्यक्रम के शुरुआत मे संस्थान के डीन ऐकडेमिक डॉ आर पी सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि इं आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गैर नवीकरणीय ऊर्जा श्रोतो के सिमित सीमित भंडार के उस पर हमारी निर्भरता काफ़ी ज्यादा हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हुए मुख्य वक्ता पूर्व मुख्य अभियंता सिचाई विभाग एम पी कंदोई ने कहा कि संरक्षण का मतलब ऊर्जा की बर्बादी को रोकना हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी लोग को ऊर्जा का संरक्षण करके समाज हित मे एक अहम भूमिका निभाना होगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, इं ए के सिंह, इं एच आर जायसवाल, इं के के पाण्डेय डीन फार्मेसी निधि गुप्ता, विनीत राय, आशुतोष राव, डॉ आशुतोष गुप्ता, प्रदीप कुमार चौधरी सहित सभी शिक्षकगण और छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## मोटे शिव मंदिर पर प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपराइच थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोटे शिव मंदिर पर गुरुवार को एक प्रेमी जोड़े ने शादी रचाई और एक दूजे के हो गए। मालूम हो कि पिपराइच ब्लाक अंतर्गत महुअवा उर्फ कटैया निवासी गणेश कुमार पुत्र मार्कण्डेय ने हिंदू युवा वाहिनी के ब्लॉक अध्यक्ष अंजनी सिंह के सौजन्य से कुशीनगर जिले के हटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहरौली गांव की रहने वाली सुभाष चौधरी की पुत्री नगिता से गुरुवार को मोटे शिव मंदिर पर शादी रचाकर एक दूजे के हो गए। इस दौरान केवल लड़के के परिवार वाले ही मौजूद रहे। इस संबंध में प्रेमी जोड़े ने बताया कि हम दोनों का संबंध 5 वर्ष पहले कोहरौली गांव के मंदिर पर मेले के दौरान हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि लड़की के परिवार वाले इस शादी से राजी नहीं थे जिसके कारण यह कदम उठाना पड़ा। इस प्रेमी जोड़े की शादी की मुख्य भूमिका निभा रहे हिंदू युवा वाहिनी के पिपराइच ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि लड़के की उम्र 6 दिसंबर 2023 को 21 वर्ष हुआ और लड़की की उम्र 2 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष हो चुका है अब वह दोनों बालिक हैं। इसके बाद हम लोगों ने यह फैसला लिया। शादी के दौरान पिपराइच नगर पंचायत अध्यक्ष संजय मद्धेशिया, लव सिंह, अंजनी सिंह मनमोहन सिंह, राणा सिंह, दिनेश कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह सहित आदि लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

## सरकारी नीतियों से सभी को हो रहा फायदा: चेयरमैन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** घघसरा नगर पंचायत के जेठू नगर में स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन निर्माण का पूजन गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे द्वारा कराया गया। जिसमें शिक्षा परिषद के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रभाकर दुबे ने कहा कि-सरकारी नीतियों का फायदा सभी को बिना भेदभाव के मिल रहा है। चाहे वह किसान सम्मान निधि हो ,जननी सुरक्षा योजना या फिर मुफ्त राशन प्रणाली। यहां तक कि संस्थागत विकास के लिए भी सरकार पीछे नहीं है। विद्यालय जर्जर भवन के प्रति नजरिया साफ है। भवन निर्माण के लिए अविलंब धन मुहैया कराना इसका ताजा उदाहरण है। सभा में आए सभी लोगों का प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी दुबे और खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश द्विवेदी द्वारा धन्यवाद किया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे के अलावा, अधिशासी अधिकारी आषुतोष सिंह, विपिन बिहारी दुबे, रजनीश द्विवेदी, जनार्दन दुबे,कमला सिंह,पवन सिंह, आसमां खातुन, गीता दुबे, रामप्रसाद दुबे, हेमलता, सभासद-अवधेश यादव, प्रशांत कुमार, अखिलेश गुप्ता, मोहन गुप्ता, अविनाश,पवन यादव,संतोष दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

## लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जाई जा रही 1.5 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की खेप खड्डा पुलिस ने बरामद की है। 240 बोतल ट्रिपल वन



रम मेड इन चण्डीगढ़ अंग्रेजी शराब के साथ लग्जरी ब्लेनो कार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब व वाहन सहित कुल कीमत नौ लाख रुपए बताई जा रही है। बता दें कि अवैध शराब की निष्कर्षण/परिवहन/बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना खड्डा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर सालिकपुर चौकी के पास से एक सुजुकी बलेनो कार से तस्करी कर ले जायी जा रही कुल 240 ट्रिपल वन रम मेड इन चण्डीगढ़ प्रत्येक 750 एमएल(वाहन सहित कुल कीमत लगभग 09 लाख रुपये) बरामद कर मौके से अभियुक्त लखवेन्द्र सिंह पुत्र गुरुचण सिंह निवासी गुरुसर सैनेवाला थाना सत्संग मण्डी जनपद भटिण्डा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, उ.नि. अरविन्द कुमार, शशिकेश गोस्वामी, चन्दन यादव, सोनू यादव व अरविन्द गौड़ शामिल रहे।

## करंट की चपेट में आने से किशोर गंभीर

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत खुदरा अहिरौली में गुरुवार की सुबह पिड़िया विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर ट्राली पर सवार ग्राम पंचायत पगरा प्रसाद गिरी निवासी एक 15 वर्षीय बालक हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे अचेतावस्था में तमकुहीराज सीएचसी ले जाया गया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम पंचायत पगरा प्रसाद गिरी की युवतियां ग्राम पंचायत खुदरा अहिरौली में कर्बला के पोखरा में पिड़िया विसर्जित करने जा रही थीं। उनके आगे चल रही ट्राली पर डीजे के माध्यम से गीत बज रहा था। ग्राम पंचायत पगरा प्रसाद गिरी गांव का लड़का संजीत पुत्र रामबेलास गुप्ता डीजे के साउंड बाक्स पर चढ़कर नृत्य कर रहा था। उसका मुंह पीछे की ओर था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली जब तार ग्यारह हजार वोल्ट के तार के नीचे से गुजर रहा था तो संजीत तार की चपेट में आ गया। उसे तेज करंट लगा और वह ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा व बेहोश हो गया आनन फानन में तमकुहीराज सीएचसी ले गए जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बनाये मॉडलों से दिखी बच्चों की सामाजिक चिंता

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** छोटी सी उम्र और बड़ी सोच, ऐसी सोच जिसमें स्वयं का घर परिवार ही नही बल्कि सम्पूर्ण मानवजाति का उत्थान शामिल हो। नन्हे हाथों ने जब दूरगामी सोच के साथ समाज के विकास को रेखांकित किया तो छोटी सी मेज़ पर पूरी दुनिया के अस्तित्व को बचाने वाला ऐसा मॉडल सामने आया कि देखने वालों के मुहं से निकला वाह भाई वाह।

मौका था एंजेलिक प्लेवे जूनियर हाई स्कूल में पैरेंट्स टीचर मीट का जहां जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने अपने हाथों से बनाये साइंस मॉडल की प्रदर्शनी लगाई थी। कक्षा सात में पढ़ने वाली रक्षंदा खान ने ग्लोबल वर्मिंग विषय पर, कक्षा आठ की अफ़ीफ़ा खातुम ने सोलर सिस्टम पर तो कक्षा सात में पढ़ने वाली उम्मे सलमा ने एयर पल्यूशन विषय पर एकनसे बढ़कर एक मॉडल बनाये जो न सिर्फ देखने में खूबसूरत लग रहे थे बल्कि बच्चों ने जिस तरह से अपने बनाये मॉडल के बारे में बताया उससे वहां मौजूद हर अभिभावक ने न सिर्फ उनके प्रयासों को सराहा बल्कि उन बच्चों के पीछे टीचरों की मेहनत और लगन की भी तारीफ किया।

इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या रूमाना अहमद और उप प्रधानाचार्या समीना ने बच्चो का मनोबल बढ़ते हुए बताया कि हमारा और हमारी टीचरों का काम तो सिर्फ रास्ता दिखाना है लेकिन उस रास्ते पर चलना बच्चों का काम होता है। ये प्रदर्शनी जो आप देख रहे हैं ये हमारे बच्चों की समाज के प्रति सोच और उनकी ज़िम्मेदारियों को दर्शाता है।

प्रदर्शनी में मोहम्मद आतिफ अफ़ज़ल, अमीना खातून, इकरा अफ़ज़ाल, कुलसुम फातिमा, नशरा परवीन, अक्सा परवीन, अल्फिया, आयशा, ज़ोया आदि तमाम बच्चों ने अपने अपने बनाये मॉडलों के साथ भाग लिया।

## भाजपा प्रचारक का नगर पंचायत कार्यालय पर स्वागत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा प्रदेश प्रचारक के नगर पंचायत



कार्यालय सहजनवा पर पहुंचने पर नगर चेयरमैन प्रतिनिधि कौशल सिंह ने उन्हें फूलमालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। वृहस्पतिवार को भाजपा प्रदेश प्रचारक रणविजय सिंह व अरविंद सिंह निवासी बेलहर विधान सभा। मेहदावल जिला संतकबीरनगर भारतीय जनता पार्टी के जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार के निकले हुए है। इन्होंने अभी तक 57 जिले में करीब 18 हजार किमी की दूरी साइकिल द्वारा तय करते हुए वृहस्पतिवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। जिनका फुलमालाओ से लाद कर जोरदार स्वागत किया गया है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिले संकल्प यात्रा का यही उद्देश्य: विनय प्रकाश



नरायनपुर में योजनाओं की जानकारी देते विधायक विनय व अन्य



मठिया उर्फ अकटहां में लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देते विधायक

अवधनामा संवाददाता

**मठिया उर्फ अकटहां व नरयानपुर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गुरुवार को विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत मठिया उर्फ अकटहां व नारायनपुर में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हर नागरिक तक हमारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोगों को बताए कि जो सरकार ने वादा किया है वो गारंटी के साथ पूरा किया और करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले लाभार्थियों और जनता तक पहुंचने का ये आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं। कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मंत्री जयप्रकाश उपाध्याय ने समस्त योजनाओं का जिक्र किया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन कि सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेय जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन सहित अटल पेंशन आदि योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन संचालन सचिव समरजीत सिंह ने किया जबकि अध्यक्षता ग्राम सभा मठिया उर्फ अकटहां में प्रधान चंद्रिका प्रसाद व नारायनपुर में प्रधान चंद्रावती देवी ने किया। कार्यक्रम में एलईडी वैन से योजनाओं को दिखाया गया। अंत में विधायक ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का शपथ दिलाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, आकाश जायसवाल, ज्ञानचंद कुंवर, एडीओ पंचायत अनवारूल सिद्दीकी, ग्राम प्रधान चंद्रिका साहनी, चंद्रावती देवी, प्रतिनिधि विनय कुमार, वीरेंद्र निषाद, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, रिजवाना रूही, श्वेता यादव, कुलदीप नारायण, सूर्य प्रताप सिंह, शिवेंद्र गुप्ता, शबाना खातून, बृज कुमार वर्मा, मेराज अहमद, हीरालाल अम्बे, सुनील कुमार मौर्य, धर्मराज प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अलाउद्दीन, उमेश प्रसाद, शंभू प्रसाद, असफाक, वारुन खान, सुनील कुमार कुशवाहा, मुन्ना उर्फ इंसाद अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में नही पहुंचे थे ये विभाग, होगी कार्रवाई

विकास खंड मोतीचक के गांव नारायनपुर में आयोजित कार्यक्रम में कई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नही पहुंचे थे जिनपर विधायक विनय प्रकाश व कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश उपाध्याय ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाई करने की बात कहे। कार्यक्रम में जिन विभाग के अधिकारी नही पहुंचे थे उसमें महिला बाल विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, जिला अग्रणी बैंक विभाग, राजस्व, जलनिगम, समाज कल्याण व विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नही पहुंचे थे जिनपर कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश उपाध्याय ने कारवाई करने की बात कहे।

## एको झोपडी छूटी कि विकसित भारत के सपना टूटी: जयनाथ कुशवाहा गुड्डन

**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के डुमवलिया में विकसित



भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा भोजपुरी में सम्बोधन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री आवास में गांव के एको झोपडी छूटी कि विकसित भारत के सपना टूटी। इसलिए मोदी जी की यह गारण्टी यात्रा प्रत्येक गांवो में जा रही है। भाजपा सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं उसके मुताबिक हम लाभार्थियों को ढूंढ़ते हैं और सामने से जाकर उनको योजनाएं देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री मोदी का सपना है। भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो, दुनिया में दुनिया का नेतृत्व करता भारत दिखाई दे, इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी मोदी सरकार की गारंटी के साथ आपके बीच आए हैं। गरीबों के लिए, गरीबी हटाने के लिए और अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए और उनको विकास की मुख्य धारा में स्थापित करने के लिए लंबे समय से सरकारे काम कर रही है। उक्त अवसर पर बलबीर सिंह बबलू, अजय दूबे वत्स, पुनीत यादव, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आभूषण की दुकान में लगभग तीन लाख की चोरी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अन्तर्गत टीकरमाफी बाजार में बीती रात एक आभूषण की दुकान में पीछे से दरवाजा खोलकर घुसे चोर लगभग तीन लाख रुपए के आभूषण उठा ले गए हैं। दुकान दार की ओर से प्रार्थना पत्र लेकर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोनारी कला निवासी रवी कुमार सोनी पुत्र फूलचंद की बालाजी आभूषण केन्द्र के नाम से ग्रामीण बैंक के पास दुकान है। गुरूवार की सुबह जब दुकानदार ने दुकान का शटर खोला तो सारा सामान इधर उधर पड़ा मिला। दुकान के पीछे स्थित खेत से होते हुए पिछले दरवाजे तक पहुंचे चोरों ने दरवाजे को खोल लिया और अंदर घुस गये। लगभग एक लाख रुपए कीमत के आभूषण और पैंतीस ग्राम सोना दुकान से गायब मिला। दुकान दार रविशंकर ने दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना की जानकारी टीकरमाफी चौकी इंचार्ज को दी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## वैवाहिक बंधन में बंधे 83 जोड़े



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गुरुवार को तीन विकासखंडों क्रमशः बाजारशुकुल जगदीशपुर व मुसाफिरखाना के 83 जोड़ों का सामूहिक विवाह एएच इंटर कॉलेज जगदीशपुर के परिसर में शुभ मुहूर्त पर पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें विकासखंड बाजारशुकुल के 08 जोड़े जगदीशपुर के 33 व मुसाफिरखाना के 42 जोड़े शामिल हैं। विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी ब्लाक प्रमुख जगदीशपुर प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नलिन राज श्रीवास्तव व संबंधित खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की प्रशंसा की एवं वर-वधू के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह योजना गरीब असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लाभार्थियों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## नगरपालिका ने सफाईकर्मियों में वितरण किये गर्म कपड़े



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** बढते हुए ठंड देखते हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी गुरुवार को पडरौना नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल के अगुवाई में ठंड से बचाव के लिए सफाईकर्मियों को गर्म कपडे जैकेट, स्वेटर, चीटर आदि वितरण किया गया। नगर पालिका के जलकल भवन परिसर में वितरण किये गये गर्म कपडे के दौरान सर्वप्रथम नगर मे सफाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई सेवकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ के हैं जिनका ख्याल रखना नगरपालिका का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा पीएम मोदी और सीएम योगी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हमारे सफाईकर्मी मित्रों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने पूर्व में पद संभालने के साथ ही हर वर्ष ठण्ड के मौसम में सफाईकर्मी मित्रों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित करने की परम्परा शुरू की थी जो नए कार्यकाल में भी अनवरत चलता रहेगा। मौके पर ईओ सन्तराम सरोज, सफाई निरीक्षक रियाजुद्दीन, सफाई नायक अरुण सिंह, अनिल कुमार, घनश्याम के अलावा महेंद्र चौधरी, अशोक गुप्ता, मनोज सिंह, अभय मारोदिया, शुभम सिंह मंथन, गौरव चौबे संदीप निगम, आकाश वर्मा के अलावा नपा के सभी सफाईमित्र व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर हुई संगोष्ठी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज में गुरुवार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम सिंह ने किया। जिन्होंने वैदिक ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए शून्य की खोज एवं बोधायन के प्रमेय के योगदान की चर्चा की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ज्वलंत कुमार शास्त्री ने वेद वेदांग उपवेद उपनिषद एवं योग दर्शन पर विस्तृत चर्चा की।विशिष्ट अतिथि डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि मैकाले की शिक्षा नीति एवं कॉन्वेंट स्कूलों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को सर्वाधिक क्षति पहुंचाई। भारतीय ज्ञान परम्परा पर्यावरण के अनुरूप विकास माडल अपनाने पर जोर देता है। आज भारतीय ज्ञान परम्परा के पुनरुत्थान की आवश्यकता है। डॉ कंचना पांडेय ने सांख्य वैशेषिक एवं न्याय दर्शन की विस्तृत चर्चा की। शशांक त्रिपाठी ने बौद्ध एवं जैन दर्शन की चर्चा करते हुए तक्षशिला नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना एवं विकास पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संयोजन महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष दिलीप सिंह ने किया। संगोष्ठी में डॉ कामना सिंह किरन सिंह हौसला प्रसाद यादव वसीम सहित अन्य प्राध्यापक प्राध्यापिका एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# आयुषी को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर मे प्रधानाचार्य वी के शुक्ल द्वारा विद्यालय की छात्रा रही आयूषी तिवारी को उसकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। प्राप्त समाचार के आधार पर बताया गया है कि सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा प्राप्त कर काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय वाराणसी से जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन मे स्नातक प्रथम श्रेणी और परास्नातक मे विश्वविद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गत 11 दिसम्बर 23 दो आयोजित दीक्षांत समारोह मे आयूषी तिवारी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों प्रथम अतुल माहेश्वरी पत्रिकारिता पुरस्कार व स्वर्णपदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि पत्रकारिता के क्षेत्र मे दिया जाने वाला प्रथम अतुल माहेश्वरी पुरस्कार एवं स्वर्णपदक भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान आयूषी तिवारी को प्रदान किया गया। परास्नातक मे अध्ययनरत रहते आयूषी का चयन अमर उजाला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ न्यूज मीडिया चैनल मे हो गया और वर्तमान मे वह न्यूज 18 मे प्रशिक्षु उदघोषिका के रूप मे कार्यरत है। आयूषी तिवारी की इस उपलब्धि पर सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर के प्रधानाचार्य वी के शुक्ल ने विद्यालय की प्रार्थना सभा मे अंग वस्त्र और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया और अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए आयूषी के उज्जवल भविष्य की कामना की और छात्रों को सम्बोधित करते हुए अपनी प्रतिभा को विभिन्न क्षेत्रों मे विकसित करने की बात कही साथ ही आयूषी जैसी मेधावी छात्रा से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। प्रार्थना सभा मंच पर आयूषी के पिता श्री अजय कुमार तिवारी जो नोनापार के निवासी हैं और भटनी बाजार मे व्यवसायी हैं को अंग वस्त्र और स्मृतिचिन्ह प्रदान करे सम्मानित किया। समारोह का सफल संचालन हिंदी प्रवक्ता गोपाल जी त्रिपाठी ने किया। उक्त समारोह के दौरान जगदीश तिवारी, सोमनाथ तिवारी, अजय चतुर्वेदी, गुफरान खान,आरिफ अली रूपल वर्मा, सुभद्रा शर्मा भृग्वेंद्र कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# ‘जल ज्ञान यात्रा’ का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

- ग्रामीण पेयजल योजना का स्कूली बच्चों ने किया अवलोकन
- 02 पेयजल परियोजनाओं का बच्चों के किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** राज्य सरकार की अभिनव पहल पर देश की भावी पीढ़ी को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने, आमजन को जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा पीने के लिए सुरक्षित जल स्त्रोतों का प्रयोग करने हेतु आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, जल निगम (ग्रामीण), नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जल ज्ञान यात्रा वाहनों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम ने स्कूली बच्चों को आहवान किया कि आमजन को स्वच्छता के साथ-साथ जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल तथा पानी के लिए सुरक्षित जल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

उल्लेखनीय है कि जल ज्ञान यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों को सुसरौली च श्यामपुर नदौना पेयजल योजना ले जाया गया। यहां ग्रामीणों को पेयजल सप्लाई पहुंचाने की प्रक्रिया दिखाने के साथ ही सोलर संचालित पानी टंकी, पम्प हाउस का अवलोकन कराते हुए उपकरणों की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी दी गई। श्यामपुर नदौना पेयजल योजना के निरीक्षण के दौरान फील्ड टेस्ट किट से प्रशिक्षित महिलाओं ने फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से स्कूली बच्चों को जल जांच की उपयोगिता समझाई। यहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों को जल संरक्षण के महत्व तथा हर घर जल योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल पर आयोजित जल ज्ञान यात्रा का आयोजन बहराइच जिले के स्कूली बच्चों के लिए यादगार क्षण बन गया। भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों को शुद्ध पेयजल का महत्व जानने के साथ जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। स्कूली बच्चों ने ग्रामवासियों से भेंट कर की जानकारी भी मिली।

# फर्जी विद्यालय संचालक संतोष सिंह के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- प्रबंधक संतोष कुमार सिंह से विधायक/सांसद निधि की 32,70 लाख की आरसी जारी

**सुल्तानपुर।** लंभुआ तहसील अंतर्गत कोथरा कला निवासी संतोष कुमार सिंह द्वारा कागज में तीन-तीन विद्यालय चला कर करोड़ों रुपए की विधायक/सांसद निधि व छात्रवृत्ति गबन की शिकायत शत्रुघ्न सिंह ने किया था। शत्रुघ्न की शिकायत पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच कराई गई। कमेटी द्वारा जब स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया गया जिस विद्यालय के नाम 32,70 लाख रुपए की विधायक/सांसद निधि व छात्रवृत्ति लिया गया है, वह विद्यालय धरातल पर बना ही नहीं है। सिर्फ कागज में दिखाकर करोड रुपए की विधायक/सांसद निधि व छात्रवृत्ति का गबन किया है। पांच सदस्यीय कमेटी के रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को विधायक/सांसद निधि व छात्रवृत्ति का पैसा वसूलने का आदेश दिया।उसके साथ-साथ बीएसए को प्राथमिकी भी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। बीएसए ने कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज करा दी और न्यायालय में एसटीएफ द्वारा चार्ज सीट भी दाखिल कर दिया गया। लेकिन विधायक निधि की वसूली नहीं हो पाई थी।विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने 10 अगस्त 2023 को विधानसभा की प्रक्रिया नियमावली के नियम-115 में उठाए थे। जिसको माननीय सभापति विधानसभा ने नियम-115(2) के अंतर्गत स्वीकार कर शासन को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।शासन के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा 29 नवंबर 2023 को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को 32 लाख 70 हजार रुपए की आरसी जारी करने का निर्देश दिए। जिसके क्रम में प्रबंधक संतोष कुमार सिंह से 32 लाख 70 रुपए एक मुस्त वसूली बकाया भू राजस्व की भांति वसूल कर कर कोषागार/उ पकोषागार व संबंधित बैंक में जमा की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**सुल्तानपुर।** भाजपा नेता इंजीनियर रूपेश कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रामजन्म यादव धनपतगंज ग्राम चमरूपुर अतरसुमा कलां के बिटिया की शादी में तथा केपी गौड़ लोक निर्माण विभाग के सुपुत्री की शादी में संस्कार मैरिज लॉन शिरकत की इसी क्रम में राम शिरोमणि सिंह खसड़े लंभुआ निवासी के सुपुत्र की शादी में परमहंस मैरिज लान सुल्तानपुर और सुनील कुमार अग्रहरी क्लान क्लार्क होटल अमहट के यहां प्रीत भोज में शामिल हो शुभकामनाएं दी और पिताजी के साथ रहे वरिष्ठ जनों से लिया आशीर्वाद और वर वधु को आशीर्वाद व सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी।

### श्री रामचरितमानस और श्रीमद्भगवद्गीता पर चिन्मय मिशन का ज्ञानयज्ञ सत्संग 20 दिसंबर से आरंभ



**सुलतानपुर।** चिन्मय मिशन आश्रम गाजियाबाद की आचार्या परम पूज्य ब्रह्मचारिणी प्रणति चैतन्य के श्री मुख से श्री रामचरितमानस और श्रीमद्भगवत् गीता पर भावपूर्ण सत्संग ज्ञानयोग का आयोजन किया गया है। इस ज्ञान यज्ञ का उद्घाटन समारोह दिनांक 20 दिसंबर को शाम 6 बजे से पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित किया गया है। इसके दूसरे दिन से सायं 6:15 बजे से रात्रि 7:45 बजे तक पंचम वेद श्री रामचरित मानस बालकाण्ड पर सारगर्भित और तर्क संगत सत्संग की क्लास दिनांक 26 दिसंबर तक चलेगी। इसी के साथ दिनांक 21 दिसंबर से दिनांक 26 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 9:00 बजे तक श्रीमद् भगवत गीता के द्वितीय अध्याय सांख्य योग पर प्रवचन होगा।

### आखिर कब चालू होगा वेडिंग जोन



**सुल्तानपुर।** वेडिंग जोन बनाने में लाखो रुपए खर्च हुए, फिर सांसद ने उद्घाटन किया।सारा कुछ युवा हवाई साबित हो रहा है। मामला नगर के कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित गंदा नाला पर लाखो रु खर्च कर दुकानें संचालित करने के लिए बनाए गए टिन शेड का है।करीब दो माह पहले सांसद मेनका गांधी ने नगर विधायक विनोद सिंह, एमएलसी शैलेंद्र सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, डीएम, सीडीओ, डीडीओ, पीडी, ईओ समेत अफसरों की मौजूदगी में उद्घाटन किया था।यही नहीं दो दिन पहले सांसद ने पत्र लिख कर बेडिंग जोन में दुकानों के संचालन की बात कही।फिर भी वही हाल है।जबकि सच तो यह है कि यदि फुटपाथ, ठेले, खुमचे वाले दुकानदार यहां दुकानदारी शुरू कर दे और शहर के दुकानदार दुकान के बाहर सामान न निकाले, तो कुछ हद तक जाम से समस्या मिल सकती है।ऐसे में जब तक इस पर अमल न लिया गया तो अतिक्रमण हटाओ अभियान सफल नहीं हो सकता।खैर बेंडिग जोन में दुकानों के बजाय वाहन खड़े हो रहे है।

# युवा, राष्ट्र निर्माण और तकनीकी क्रांति का आधार है: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ.प्र. के निर्देशानुसार जिला विज्ञान क्लब द्वारा एस.डी.एस. कान्वेंट इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के संयोजकत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीडीओ कमलाकांत पांडे ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यालय के 106 छात्र-छात्राओं द्वारा 82 माडल के साथ प्रतिभाग किया। जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक अर्पिता जैन ने प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद स्तर पर 15 मॉडलों को चयनित किया जाएगा। जो मंडल स्तर पर प्रतिभा करेंगे। प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपये, द्वितीय 3 हजार रुपये, तृतीय 2 हजार रुपये एवं दो सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपये की नकद राशि के साथ स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों से भविष्य में क्या बनना है, कैसे बनोगे विषय पर बच्चों के बीच जाकर चर्चा की। मुख्य अतिथि सीशडीशओश ने एक-एक मॉडलों का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से इन मॉडल का सार्वजनिक जीवन में उपयोग के बारे में पूछा। निर्णायक मंडल ने सूक्ष्मता से मॉडलों का मूल्यांकन किया। पुरस्कार वितरण मुन्नालाल जैन, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं पार्षद आलोक मयूर ने किया। प्रतियोगिता में प्रणव सिंह केन्द्रीय विद्यालय को प्रथम, कृष्णा सोनी जी.आई.सी.द्वितीय, अभिषेक राजपूत पी.एन.इन्टर कालेज को तृतीय एवं अन्य दो सांत्वना पुरस्कार अर्चित पटेल केन्द्रीय विद्यालय एवं कुश कुमार राजकीय स्कूल दावनी को नकद धनराशि स्मृति चिन्ह् एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अभिनव केंद्रीय विद्यालय, भानु केंद्रीय विद्यालय, खुशबू एस.डी.एस. अंशिका साहू पी.जी.पी.एस., विशाल जी.आई.सी. माताटीला, सुचेंद्र जी.आई.सी., आशीष तिवारी जी.जी.आई.सी., अर्श दुबे जी.आई.सी., अंशु जी.आई.सी. बार, आरोह जैन केंद्रीय विद्यालय भी चयनित किए गए। इस अवसर पर एस.डी.एस. की प्रधानाचार्या सिस्टर गेब्रियला, निर्णायक मंडल में डा.बारीश द्विवेदी, डा.रीतेश खरे, प्रमोद तिवारी, अभिषेक मिलिंद, शिक्षक पृथ्वी निरंजन, सुनील मित्तल, धीरेन्द्र जैन, शैलेंद्र जैन, पुनीत शर्मा, शमीउल्ला खान, आनंद, शिक्षिका वंदना, रीना, शिल्पी, अंकिता जैन, प्रियंका शिवहरे, मयंका कुमारी आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रतियोगिता की समन्वयक अर्पिता जैन ने सबका आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का संचालन राहुल जैन ने किया।

# यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन ने बीएसए ज्ञापन देकर बतायी समस्यायें

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन (यूटा) कार्यकारिणी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव को ज्ञापन दिया, जिसमें विभिन्न मुद्दो पर विचार विमर्श हुआ। इसमें 80+ विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन रोकने के आदेश के विरोध मे यूटा जिलाध्यक्ष ने जिला यूटा टीम के साथ एक ज्ञापन दिया, जिसमें सभी स्कूल के शिक्षकों का वेतन बहाल किए जाने की मांग की। अन्तर जनपदीय शिक्षकों के शेष भुगतान शीघ्र किया जाए, विभागीय गलती से मडावरा में तैनात हमारी शिक्षिका( शिक्षामित्र) बहिन का वेतन शीघ्र एरियर के रूप में दिया जाये, मडावरा मे तैनात शिक्षक साथी सुनील कुमार का विगत माह का एरियर शीघ्र दिया जाये, मडावरा में तैनात शिक्षक स्वर्गीय राजीव द्विवेदी जी की पत्नी को पूर्ण आहर्ता के बाद भी उनकी पत्नी को शिक्षक पद बहाली के लिए आदेशित किया जाए, चयन वेतन मान की पत्रावली का पोर्टल के आधार पर निरीक्षण कर बकाया शिक्षकों का चयन वेतनमान प्राथमिकता के आधार पर लगाया जाये, शिक्षा मित्र अनुदेशको का वेतन समय पर दिया जाये के अलावा अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिनको बीएसए ने तुरंत संबंधित पटल को बुलाकर 48 घंटे मे सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को आदेशित किया और भविष्य में शिक्षकों के साथ ऐसी समस्याओं के ना होने का भरोसा दिलाया और कहा कि शिक्षक हमारे समाज का दर्पण है और उनकी प्रत्येक समस्या के निस्तारण के लिए हम प्रतिबद्ध है।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष की ताईजी के निधन पर शोक जताया



अवधनामा संवाददाता

- पत्रकारों ने आवास पर पहुंच कर सौंपा शोक पत्र

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के पूर्व पार्षद पं.सत्यनारायण बबेले की धर्मपत्नी, समाजसेवी पं.आदित्यनारायण बबेले जी की भाभीजी एवं पं.रितेश बबेले रिंकू की पूज्यनीय माताजी एवं प्रेस क्लब (रजि.) के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू जी की पूज्यनीय ताईजी के आकस्मिक निधन पर सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक शोकसभा का आयोजन संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा व संतोष शर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुयी। सभा में सभी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से कामनायें की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि निश्चित रूप से वह कर्तव्यनिष्ठ, सरल स्वभावी, दयालु, धार्मिक महिला थीं, उनके आकस्मिक निधन से जो अपूर्णीय क्षति हुयी है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। सभी पत्रकारों ने प्रेस क्लब अध्यक्ष के महावीरपुरा स्थित आवास पर पहुंच कर शोक सांत्वना प्रेषित की। इस दौरान संरक्षक सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा, महामंत्री अंतिम जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, कार्यालय प्रभारी अजित भारती, अभय श्रीमाली, पवन संज्ञा, दिनेश संज्ञा, बृजेश पंथ, संजय ताम्रकार, मनोज जैन, शैलेन्द्र जैन, अर्जुन, अमित सोनी, विकास त्रिपाठी, मनीष सोनी, अशोक तिवारी, अनूप सेन, कृष्णकांत सोनी, भगवत नारायण श्रोती, अमित लखेरा, श्याम बिहारी, पूजा कश्यप, आलोक खरे, कुन्दन पाल के अलावा अनेकों पत्रकार मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अमेठी

E-mail Id-eepdpwdcsmnagar@gmail.com

पत्रांक : 3180/14ए0/2023 दिनांक 02.12.2023

### ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग कार्य हेतु ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | लागत रू. लाख में | धरोहर धनराशि रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रा0ख0 अमेठी | सैंठा विशेषरगंज मार्ग के किमी0 1 में स्थित आर0सी0सी0 एवं किमी0 2 में हयूम पाइप पुलिया के मरम्मत का कार्य | 3.80 | 0.38 | 767 | 1 माह |

बिड डाक्यूमेंट बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 19.12.2023 से 28.12.2023 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.12.2023 समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.12.2023 को अपरान्ह 12:30 बजे के उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,अमेठी

UPID-198929 Dated-13-12-2023
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# 22 परियोजनाओं का लोक निर्माण मंत्री ने किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

- रू. 2135.95 लाख लागत की 14 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण
- विधानसभा पयागपुर क्षेत्र के विकास को लगेंगे पंख



**बहराइच।** विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूरे जैता पयागपुर में आयोजित कार्यक्रम में मा. मंत्री लोक निर्माण विभाग श्री जितिन प्रसाद ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज बृज भूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, कैसरगंज के संदीप सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व अन्य के साथ विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत रू. 2135.95 लाख लागत से 34.350 कि.मी. लम्बाई के 14 निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण तथा रू. 3518.45 लाख लागत से 22 निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

मा. मंत्री लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश श्री जितिन प्रसाद ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तदोपरान्त शिलालेखों का अनावरण कर रू. 2135.95 लाख लागत से 34.350 कि.मी. लम्बाई के 14 निर्माण व मरम्मत कार्यों का लोकार्पण तथा रू. 2485.61 लाख लागत से अन्तर जिला मार्ग योजना के तहत चैनेज़ 0.00 कि.मी. से 10.000 कि.मी. के चौड़ीकरण एंव सुदृढ़ीकरण तथा रू. 1032.84 लाख लागत की 31.905 कि.मी. लम्बाई की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा. मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश के चतुर्मुखी विकास हो रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सड़कों एवं पुलों के निर्माण से उस क्षेत्र का तेज़ी के साथ विकास होता है। उन्होंने कहा कि रू. 80 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास से विधानसभा क्षेत्र पयागपुर का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति है कि सभी क्षेत्रों का समानुपातिक आधार पर विकास किया जाय ताकि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र अविकसित की श्रेणी में रहने पाये। श्री प्रसाद ने कहा कि उेश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि आपके जनपद में आने से पूर्व ही मैं पयागपुर-शिवदहा मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति के साथ बजट भी आवंटित करके आया हूॅ। श्री प्रसाद ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि यह कार्य 15 जनवरी 2024 तक पूर्ण हो जाय।


## महत्वपूर्ण सूचना

लखनऊ मंडल के बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य तथा बाराबंकी रेलवे स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य हेतु प्री नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 10.12.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

### रेलगाड़ियों का संशोधित मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | संशोधित परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉं) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13237 पटना जं. – कोटा एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–वाराणसी–जफराबाद–सुल्तानपुर–लखनऊ | 16, 17, 19, 23, 24, 26, 30, 31.12.23 & 02, 06, 07.01.24 |
| | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 09, 13 & 14.01.24 |
| 13238 कोटा – पटना जं.एक्सप्रेस | लखनऊ–सुल्तानपुर–जफराबाद–वाराणसी–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31.12.23 & 04, 05, 07.01.24 |
| | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 11, 12 & 14.01.24 |
| 13483 मालदा टाउन – दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–वाराणसी–जफराबाद–सुल्तानपुर–लखनऊ | 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27, 29, 31.12.23 & 02, 03, 05, 07.01.24 |
| | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल | 09, 10, 12 & 14.01.24 |
| 13484 दिल्ली जं. – मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ–सुल्तानपुर–जफराबाद–वाराणसी–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28, 29, 31.12.23 & 02, 04, 05, 07.01.24 |
| | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 09, 11, 12 & 14.01.24 |

यात्रियों से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें ।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# संजय गांधी थे युवाओं के हृदय सम्राट: रणजीत

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** युवाओं के हृदय सम्राट रहे संजय गांधी की 77 वीं जन्म जयंती सांसद संवाद केंद्र पर समारोहपूर्वक मनाई गई।इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोंगो ने संजय गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने कहा संजय गांधी असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने पूरा जीवन लोकहित के लिए न्यौछावर कर दिया।वह युवाओं के हृदय सम्राट व प्रेरणास्त्रोत थे।संजय गांधी ने देश के युवाओं को नई दिशा दी। इस मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह- संयोजक रामचन्द्र मिश्रा, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, शशीकांत पाण्डे, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, ब्लॉक प्रमुख चन्दर प्रताप सिंह, रमेश शर्मा, श्याम बहादुर पाण्डे, प्रदीप शुक्ला, सदस्य जफर खान, महेश सिंह, काली सहाय पाठक, इन्द्रदेव मिश्र, महेन्द्र सिंह, शिवमूर्ति पाण्डे, बृजेश वर्मा, सुभाष वर्मा, संदीप पाण्डे, राम अभिलाष सिंह, संतोष दूबे, राजधर शुक्ला, फतेह बहादुर सिंह, रतीपाल तिवारी, नैयर खान, मुफलिसिस प्रधान मीरापुर, पंकज दूबे, रामचन्द्र दूबे, अरूण द्विवेदी, रमेश तिवारी, कोकिला तिवारी, मंजू तिवारी, राजेश राज मिश्र, बाली तिवारी, सतीश सिंह, विजयसेन यादव, इरफान खान प्रधान, मो अकबर खान, प्रदीप शर्मा, सुदामा पाण्डे, अनिल यादव, दिलीप सिंह, प्रदीप यादव, अनिल सिंह, रीता निषाद आदि लोग मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### अल्प कालीन खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **26.12.2023** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 15602023 दिनांक 09.12.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | 38/Sr.DEN-V/LKO/2023-24, 39/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 40/Sr.DEN-V/LKO/2023-24, 41/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. जनवरी – 2024 में अयोध्या (AY) में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में 15 जनवरी – 2024 से 14 फरवरी – 2024 तक अयोध्या में टेंट, फर्नीचर आदि की व्यवस्था। 2. जनवरी – 2024 में अयोध्या कैंट (AYC) में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में 15 जनवरी – 2024 से 14 फरवरी – 2024 तक अयोध्या में टेंट, फर्नीचर आदि की व्यवस्था। 3. जनवरी – 2024 में दर्शननगर (DRG) में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में 15 जनवरी – 2024 से 14 फरवरी – 2024 तक अयोध्या में टेंट, फर्नीचर आदि की व्यवस्था। 4. जनवरी – 2024 में सलारपुर (SLPR) में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में 15 जनवरी – 2024 से 14 फरवरी – 2024 तक अयोध्या में टेंट, फर्नीचर आदि की व्यवस्था। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 31,50,000.00, 2. Rs. 15,80,000.00, 3. Rs. 11,80,000.00, 4. Rs. 11,80,000.00 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 63,000.00, 2. Rs. 31,600.00, 3. Rs. 23,600.00, 4. Rs. 23,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 1 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 12.12.2023 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.12.2023, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3927/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बोर्ड परीक्षा के सभी मानक पूर्ण हो: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा 2024 के केन्द्र निर्धारण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। डीआईओएस ने बोर्ड द्वारा निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रो, प्राप्त आपत्तियों तथा प्रत्यावेदनों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित किये गये परीक्षा केंद्र पर बोर्ड परीक्षा के सभी मानक पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होने डीआईओएस को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा केंद्र बनने के लिए जो भी प्रत्यावेदन प्राप्त हुये हैं उनका भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा नवीन प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का संबंधित उप जिला अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक मौके पर जाकर गंभीरता पूर्वक निरीक्षण करें। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल आदि परीक्षा केंद्र मानक के अनुरूप हो यह सुनिर्श्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि संसाधनों से परिपूर्ण व अच्छी छवि वाले विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। छात्राओं के लिये 7 कि0मी0 से अधिक दूरी पर परीक्षा केन्द्र न हो यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसी संवेदनशील गांव में परीक्षा केन्द्र न हो। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो यह सुनिर्श्चित किया जाये।

जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार ने अवगत कराया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 44130 एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 35177 कुल 79307 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। जनपद में वर्ष 2024 की परीक्षा हेतु बोर्ड द्वारा 118 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये है।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय कुमार सीओ सिटी, डीआईओएस हरिवंश कुमार सहित संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

## करंट लगने से लाइनमैन समेत दो आहत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी रामविलास (25) संविदा लाइनमैन है। वह महोखर गांव में बिजली पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था, तभी करंट लगने से आहत हो गया। इसी तरह छतरपुर जिले के गोयरा गांव निवासी मुकेश (40) पुत्र कबूतरलाल भी करंट लगने से आहत हो गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## किशोरी से गाली-गलौज, मारपीट पर युवक गिरफ्तार

**बांदा।** थाना मटौंध पुलिस ने एक लड़की से गाली गलौज तथा मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाने में एक लड़की ने गांव के ही एक युवक मनोज प्रजापति पुत्र कुंवर बहादुर प्रजापति निवासी मोहन पुरवा के खिलाफ गाली गलौज तथा मारपीट किए जाने की तहरीर दी गई थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक सम्पन्न

अवधानामा ब्यूरो



**हमीरपुर।** जिला आयुष समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष समिति की नियमित रूप से बैठक की जाय।

उन्होंने विभाग को मिले विभिन्न मदो के बजट व उनके सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि की विस्तार से समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि जो बजट जिस मद के लिए आवंटित किया गया है उसे नियमानुसार व्यय कर लिया जाय। उन्होंने विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। जिला आयुष समिति के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जनपद में जो आयुष मिशन के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जनपद के अधिक से अधिक लोग आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित योग वैलनेस सेंटर का मानकों अनुरूप संचालन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला, पीडी साधना दीक्षित,डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ,बीएसए आलोक सिंह एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न

अवधानामा ब्यूरो



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव 2023 के संबंध में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीती रात सम्पन्न हुयी थी जिस में जिलाधिकारी ने कहा कि संस्कृति परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किए जाने वाले उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव हेतु शासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार जनपद में सभी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएं। इसके अंतर्गत गांव पंचायत ,ब्लॉक एवं तहसील स्तर के गायन वादन एवं नृत्य विधा के कलाकारों का आवेदन संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर दिनाँक 20 दिसम्बर तक करवा दें। उन्होंने कहा कि यह शासन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से जनपद के टैलेंटेड लोगों का चिन्हांकन कर उनका आवेदन ले लिया जाए। यह अनेक ऐसे कलाकारों के लिए एक शानदार मौका है जिन्हें अभी तक मंच उपलब्ध नहीं हो सका है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव के अंतर्गत सभी कार्य समय सारिणी के अनुसार पूर्ण कर लिया जाए। ज्ञात होगी उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव 2023 के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विधाओं यथा गायन वादन एवं नृत्य के ग्राम ब्लाक तहसील एवं जनपद स्तर पर दक्ष कलाकारों की खोज कर उनका ब्लॉक तहसील व जनपद स्तर पर प्रस्तुतीकरण कराया जाएगा तथा जनपद स्तर पर विजेता कलाकारों को मंडल स्तर पर भेजा जाएगा। मंडल स्तर से यह प्रदेश स्तर पर कलाकार भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर अंतिम रूप से सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण दी जाएगी। पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा इसके लिए इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक ,डीडीओ तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की मनमानी से ग्रामीण परेशान

अवधानामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम पंचायतो में कार्यरत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की मनमानी के चलते ग्रामीण परेशान घूम रहे हैं। खंड विकास अधिकारी भी इस पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। कमरे में ताला लगा रहने से लोग पता लगाते रहते हैं। तथा मायूस होकर अपने घर को लौट जाते हैं।

विकास खंड कार्यालय में कार्यरत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह के पास क्षेत्र के सरसई, खरौंज, कुतुबपुर, बिलौटा, शंकरपुर, बचरौली गांवों का कार्य प्रभार है।इसकी कार्य शैली व लापरवाही के चलते पूर्व में खंड विकास अधिकारी रही ट्रेनी पी सी एस गरिमा सोनकिया ने एक माह के वेतन रोके जाने की संस्तुति की थी। लेकिन इसकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ है। खरोंज गांव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि बाबा की मृत्यु होने पर उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आए थे। लेकिन उसके कमरे में ताला बंद था। परसी डेरा निवासी महिला रजनी ने बताया कि तीन बार उसके कमरे मेंगए लेकिन परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिली। कमरे में ताला बंद मिला। बचरौली गांव निवासी रामकिशन ने बताया की जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को आए थे लेकिन कमरे में ताला बंद मिला। इस लापरवाह सचिव की कार्यशैली से ग्रामीण खासे परेशान हैं। खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता इसकी कार्यशैली पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं।ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तथा ग्रामीण परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने इसकी जांच कराए जाने की मांग की है।

# 11 सूत्रीय मांगो को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

अवधानामा ब्यूरो



**हमीरपुर।** जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत जिले के अनुदेशकों ने अपनी मौलिक समस्याओं एवं महिला अनुदेशकों की मानवीय एवं मूलभूत समस्याओं को लेकर आधा सैकड़ा अनुदेशकों ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को सौपा।ज्ञापन में उल्लेख करते हुए बताया कि शिक्षा अधिकार अधिनियम से नियुक्त अनुदेशक पिछले दस वर्षों से पूर्ण कालिक कार्य करते हुए नौनिहालों का भविष्य संवार रहे हैं। ज्यादातर अनुदेशक 40 वर्ष पार कर चुके है। जिससे नवीन शिक्षा नीति के अनुसार हम अनुदेशकों को नियमित कराए जाने की मांग की साथ ही 12 माह के लिए समान कार्य, समान वेतन व्यवस्था लागू करने, नवीनीकरण के नाम पर अनुदेशकों का अमानवीय शोषण होने, सरकार द्वारा अनुदेशकों के विरुद्ध अदालतों में चलाई जा रही समस्त कार्यवाही अविलंब वापस लेने तथा ज्ञापन में अन्य महिला अनुदेशकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राथमिकता के आधार पर करने अनुदेशकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिए जाने, भविष्य में दी जाने वाली अनुदेशकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की गारंटी अनुदेशको को 10 संयोगी अवकाश से ज्यादा छुट्टी न देना मानव अधिकार की विरुद्ध बताया जिसमें अनुदेशकों को भी शिक्षकों की तरह ही आकस्मिक अवकाश, चिकित्सकीय अवकाश बाल्य देखभाल अवकाश, मातृत्व अवकाश की मांग की।

जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो शोषण और अत्याचार के विरुद्ध आने आने वाले 27 दिसंबर को प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# ठंड से वृद्ध की मौत

- नरैनी कोतवाली के कटरा कालिंजर का मामला
- मृतक के छोटे बेटे ने जहर खिलाने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** दिसम्बर माह के पहले पखवारे में ठंड पूरे सवाब पर आ गयी है। हैंडपम्प में नहाने के बाद घर पहुंचे वृद्ध को ठंड ने अपनी चपेट में ले लिया। वृद्ध ने नाक और मुंह से खून फेंक दिया। उसकी कुछ ही देर में मौत हो गई। मृतक के छोटे बेटे ने पिता को जहर खिलाकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के कटरा कालिंजर निवासी बच्चू कुशवाहा (85) पुत्र भूरा बुधवार को दोपहर पड़ोस में लगे हैंडपंप मे नहाने के लिए गया था। वहां से नहांकर वापस घर के दरवाजे आया तो अचानक ठंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसने मुंह और नाक से खून फेंक दिया और गिर गया। कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के छोटे बेटे दिव्यांग सुमन ने बताया कि बड़े भाई रज्जू कुशवाहा उर्फ कृष्णकुमार की एक वर्ष पहले मौत हो चुकी है। बताया कि उसके पिता के पास 10 बीघा जमीन थी। छह माह पूर्व पिता ने 9 लाख रुपए में पांच बीघा जमीन बेच दी थी। बाकी की पांच बीघा जमीन 10 लाख रुपए में फिर बेच दी। पिता के पास 19 लाख रुपया था, जिसका कहीं पता नहीं है। छोटे बेटे सुमन ने पिता को जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतार देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कालिंजर थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हकीकत सामने आएगी।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार परीक्षार्थी की मौत

**बांदा।** बुधवार को अतर्रा में परीक्षा देने के बाद घर जा रहे युवक की बाइक पर पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, इससे परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया, वहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद हमीरपुर के बिंवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चमरखन्ना गांव निवासी रोहित (25) पुत्र गयाप्रसाद यादव केसीएनआईटी से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से आईटीआई कर रहा था। बुधवार को परीक्षा देने के बाद वह अतर्रा से बाइक में सवार होकर अपने घर वापस जा रहा था। तभी खड्डी तिगैला के पास सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा, टॉक शो कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- टॉक शो में सक्रिय प्रतिभाग करने वाली टीम को किया गया सम्मानित

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** महिला बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश में मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत वन स्टॉप सेंटर लोढ़ी सोनभद्र में टॉक शो कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, टॉक शो में इंद्रावती कुमारी केसवर्कर सुश्री सरोजमा सिंह प्रभारी, महिला थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ,सदस्य अखिल नारायण देव पांडे, रंजना चैबे किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा, केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। टॉक शो में प्रभारी, महिला थाना द्वारा गोष्ठी में महिला एवं बाल हिंसा से सम्बन्धित विषय पर चर्चा की गई तथा उत्तर प्रदेश पुलिस आपात सेवाएं 112 पर चर्चा की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090 पर चर्चा की गई। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा नई स्वावलंबन नारी सम्मान को लेकर की विशेष चर्चा की गई, टॉक शो कार्यक्रम का संचालन करते हुए जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं बाल विवाह विषय पर चर्चा किया गया। दीपिका सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर के विषय में जानकारी दी गई।

# एनटीपीसी विंध्याचल में मना राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्याचल।** एन.टी.पी.सी. विंध्याचल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसम्बर को मनाया गया।इस अवसरपर परियोजना के महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण श्री राजेश भारद्वाज़ द्वारा कर्मचारियो को ऊर्जा संरक्षण की सपथ दिलाई गयी। ऊर्जा संरक्षण की जागरूकता के लिए ई ई एम जी विभाग द्वाराप्लान्टमें कर्मचारियो, कॉलोनी निवासियों एवं कॉलोनी परिसर के विद्यालयों में विध्यार्थिओ के लिये नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्र प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमे अधिक संख्या कर्मचारियो, कॉलोनी निवासियों एवं विध्यार्थिओ ने भाग लिया। विंध्याचल स्टेशन ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 द्वारा प्रमाणित स्टेशन है।

वर्तमान वर्ष में एन.टी.पी.सी. विंध्याचल ने ऊर्जा संरक्षण में नए कीर्तिमान बनाए हैं तथा स्टेशन को कई पुरस्कारभी प्राप्त हुए हैं।

# चार करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी, गांवों का होगा विकास

- गौशाला, अंत्येष्टि स्थल, नाला और सीसी निर्माण समेत विभिन्न प्रस्ताव पास

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** महुआ विकास खंड की बोर्ड बैठक में करीब चार करोड़ रुपए की धनराशि के विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी दी गई और जिन विकास कार्यों को कराने में ग्राम पंचायतें अक्षम हों उन्हें क्षेत्र पंचायत के स्तर पर प्राथमिकता से कराए जाने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख उर्मिला कबीर ने गौशालाओं के संचालन और अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। ब्लाक प्रमुख ने बैठक से अनुपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारयों पर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजने के निर्देश दिए। गुरुवार को विकास खंड महुआ के सभागार में बोर्ड की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन करोड़ 80 लाख की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख कबीर ने बताया कि गांवों में होने वाले विकास कार्यों में मदद के लिए क्षेत्र पंचायत स्तर पर धनराशि आवंटित की जाएगी और गांवों को चमकाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में मुख्य फोकस गौशालाओं के सही संचालन और गांवों में अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराने पर रहा। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि गांवों में अंत्येष्टि स्थल बनाने के लिए क्षेत्र पंचायत स्तर पर काम किया जाएगा। गांवों की साफ सफाई को दुरुस्त रखने के साथ ही आवश्यकता अनुसार नाला निर्माण कराये जाने और गांवों के अंदर सीसी सड़कों का निर्माण कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मनरेगा, गरीबी उन्मूलन संबंधी योजनाओं, प्रधानमंत्री अवास योजना की प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेयजल, सिंचाई, प्राथमिक शिक्षा सुधार, मिड-डे-मील, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी बिंदुओं पर सार्थक कार्य करने का आह्वान किया गया। खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी मनरेगा संजीव बघेल, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी, प्रेमनारायण द्विवेदी, ग्राम पंचायत अधिकारी महुआ प्रमोद द्विवेदी समेत सभी गांवों के प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

# एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें रिहंद खेल महोत्सव में लहराया परचम

- एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें रिहंद खेल महोत्सव मे लहराया परचम

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं नें रिहंद खेल महोत्सव में भाग लेकर परचम लहराया। इस खेल महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन रिहंद द्वारा किया गया। जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल, शक्तिनगर एवं रिहंद स्कूल के बच्चों नें बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। पहला ङ्कसीनियर वर्ग एवं दूसरा जूनियर वर्ग। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी विंध्याचल परिसर में स्थित तीनों विद्यालय- डी-पॉल, डीपीएस एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर के बच्चों नें भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल से खो-खो मे जूनियर वर्ग में डी-पॉल स्कूल, विंध्यनगर के बच्चों को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया वही सीनियर वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बच्चों को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों को इस जीत के लिए बधाई दिया गया एवं सभी बच्चो को अपने दैनिक जीवन मे खेल को अपनाने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित भी किया।

# आदर्श महाविद्यालय सलखन में 65 छात्र/ छात्राओं को स्मार्टफोन किया गया वितरण

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** आदर्श महाविद्यालय सलखन मे बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण योजना उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत युवाओं को तकनीकी सहायता हेतु टैबलेट / स्मार्टफोन के निःशुल्क वितरण के तहत द्वितीय चरण में 65 छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया । स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य उत्तरा त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह, महाविद्यालय के संस्थापक वकील अहमद, प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा दीप प्रज्जवलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गान गाया गया वहीं महाविद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा मुख्य अतिथि उत्तरा त्रिपाठी को बुके अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह को महाविद्यालय के संस्थापक वकील अहमद द्वारा अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में पात्र छात्र छात्राओं को क्रमानुसार मुख्य अतिथि उत्तरा त्रिपाठी द्वारा अपने हाथों से 65 छात्र/छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया वहीं अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद देते हुए बच्चों को स्मार्टफोन की सही दिशा में प्रयोग करने की अपील की तथा मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का भी आवाहन किया।

# सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को किया जागरूक

- मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत सभी थाना क्षेत्रों में महिला आरक्षियों द्वारा स्कूल, कालेज, कस्बों व गांवों में जाकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारें में जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत जनपद में विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला आरक्षियों द्वारा स्कूल, कालेज, कस्बों व गांवों में जाकर बालिकाओं, महिलाओं को एकत्रित कर शासन की विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं, महिलाओं को उनकी सुरक्षा के विभिन्न संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों मुख्यमंत्री हेल्पलाइ 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं, बालिकाओं को उनके सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री ने किया मोदी गारण्टी वैन का शुभारम्भ

## मुख्यमंत्री योगी ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, गोल्डेन कार्ड प्रदान किए

- जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉल का किया निरीक्षण
- मुख्यमंत्री ने महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन किया
- मोदी जी की गारण्टी शत-प्रतिशत कार्यान्वित होने वाली गारण्टी: मुख्यमंत्री






गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ 'सबका साथ, सबका विकास' के भाव के साथ बिना भेदभाव के प्रत्येक तबके तक पहुंच रहा: योगी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद आजमगढ़ के ग्राम अकबेलपुर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अन्तर्गत मोदी गारण्टी वैन का फीता काटकर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, गोल्डेन कार्ड प्रदान किए। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री से अपना अनुभव साझा किया। उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री के समक्ष आत्मनिर्भर भारत निर्माण की शपथ दिलाई गई तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश प्रदर्शित किये गये। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉलों का निरीक्षण किया। सांसद श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में श्रीराम दरबार भेंट किया। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में विगत साढ़े 09 वर्षों में जो परिवर्तन हुए हैं, उनका अनुभव प्रत्येक व्यक्ति करता है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं प्रारम्भ हुई हैं। गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ 'सबका साथ, सबका विकास' के भाव के साथ बिना भेदभाव गांव, गरीब, किसान, युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रत्येक तबके तक पहुंच रहा है। योजनाओं का लाभार्थियों को शत-प्रतिशत सैचुरेशन के साथ लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस दृष्टि से विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव तक जा रही है। इसके लिए प्रदेश के जनपदों में 536 वीडियो वैन चल रही हैं। सरकारी योजनाओं के स्टॉल्स तथा स्वास्थ्य मेले लगाये जा रहे हैं। लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए फॉर्म भी भराये जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार जरूरतमंदों के हितों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। परिवर्तन का परिणाम है कि प्रदेश में निवेशक लाखों करोड़ों रुपए के प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में चार करोड़ गरीब परिवारों को आवास दिये गये हैं। इनमें से 55 लाख आवास केवल उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराए गए हैं। पहले यह कल्पना थी, लेकिन आज यह वास्तविक धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 50 करोड़ लोगों को 05 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। देश में 80 करोड़ लोगों को पिछले साढ़े तीन वर्षों से निःशुल्क राशन की सुविधा प्राप्त हो रही है। यह निःशुल्क राशन की सुविधा अगले 05 वर्षों तक प्रत्येक गरीब परिवार को प्राप्त होगी। इसकी गारण्टी प्रधानमंत्री की गारण्टी के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है। यहां आजमगढ़ की पॉटरी और निजामपुर की साड़ियों के स्टॉल लगे हुए हैं। अलग-अलग विभागों द्वारा आजमगढ़ में अनेक कार्यक्रम लागू किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद आजमगढ़ का भाग्योदय हो चुका है। यहां विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अब आजमगढ़ भय और आतंक का अड्डा नहीं है, बल्कि यहां विकास के सुन्दर संगीत की ध्वनियां गूंज रही हैं। यहां हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। हरिहरपुर घराना फिर से देश और दुनिया में गूंजता हुआ दिखाई देगा। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य आगामी जनवरी माह में पूर्ण होने की सम्भावना है, इसके उद्घाटन की तैयारी की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आजमगढ़ में एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ से गुजरता है, यह आजमगढ़ को 04-लेन कनेक्टिविटी के साथ जोड़ता है।

# मनरेगा कन्वर्जेंस से प्रदेश में लगातार विकसित हो रहे ग्रामीण हाट बाजार

## हाट बाजारों के निर्माण से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब किसान

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और निर्धन किसानों के आर्थिक उत्थान व उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार की ग्रामीण हाट बाजारों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। छोटे और गरीब किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मनरेगा के कन्वर्जेंस से हाट बाजारों को संवारने का कार्य कर रहा है,ताकि छोटे और निर्धन किसानों को लाभ मिले तथा उनको उनकी उपज की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है।

गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके बुनियादी ढांचे को मजबूत कर गांवों में हाट बाजार विकसित किए जा रहे हैं। यह हाट बाजार किसानों द्वारा उपभोक्ताओं और थोक खरीदारों को सीधे बिक्री करने की सुविधा प्रदान करने में बहुत ही सहायक सिद्ध हो रहे हैं। निरंतर विकसित हो रहे ग्रामीण हाट बाजार मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर चालू वित्तीय वर्ष तक सैकड़ों की संख्या में हाट बाजार विकसित किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष मे 112 कार्य प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें से कई कार्य पूर्ण कर हाट बाजार के रूप में विकसित भी किए जा चुके हैं। हाल ही में मुरादाबाद की ग्राम पंचायत भीकनपुर ,असदलपुर में नवनिर्मित हाट बाजार का शुभारंभ किया गया, जो लगभग 3400 स्क्वायर मीटर में क्षेत्र में विकसित किया गया है। इसमें 4 टिन शेड, पार्किंग, पक्का चबूतरा, बिजली, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा चौपालों तक पहुंची

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के माध्यम से गांव, मोहल्ले, चौपालों तक पहुंचा रहा है। यात्रा के दौरान हर गांव में लाभार्थियों का सम्मान और विभिन्न योजनाओं से अब तक छूटे हुए पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार करते हुए यात्रा समर्थ-सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का मंत्र लेकर आगे बढ़ रही है। गरीब को आवास, पेयजल, रोजगार, चिकित्सा, सुरक्षा, शिक्षा के लिए मोदी की गारन्टी के साथ यात्रा देश के विकास में सबकी भागीदारी के लिए सबको जोड़ रही है।

# सक्रिय की गई स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियां

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने स्वच्छता में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए नगरीय निकाय में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को फिर से पुर्नजीवित कर दिया है। नगरीय निकायों में स्वच्छता, साफ-सफाई व विकास कार्यों की देखरेख के लिए स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया गया है। अब नगरों के विकास कार्यों, नाली, खड़ंजा, सड़क निर्माण में इन समितियों की संस्तुतियों पर भी विचार किया जायेगा। प्रदेश की जीडीपी में नगरीय निकयों का 65 से 70 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित स्वच्छता जन जागृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति को फिर से पुर्नजीवित कर नगरों की साफ सफाई, स्वच्छता व विकास कार्यों की निगरानी के लिए सक्रिय किया।

# दुख्तरे रसूल का मातम व ताबूत की जियारत 17 को

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के गम में रविवार का बारगाहे सकीना रूस्तम नगर में दुख्तरे रसूल का मातम शीर्षक से एक मजलिस को आयोजन रात 8 बजे किया जायेगा। जिसमें शाहनवाज खान सोजख्वानी व फैज बाकर मर्सियाख्वानी करेंगे। इस मौके पर अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। अजाखाना मरहूम सईद साहब हसन पुरिया में रविवार को रात 8 बजे महिलाओं की मजलिस के बाद शहजादी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) के ताबूत की जियारत करायी जायेगी। ताबूत शाम 4 बजे सजा दिया जायेगा।

### इमामबाड़ा सिबतैनाबाद में दो रोज़ा मजलिसे आज से

इमामबाड़ा सिब्तैनाबाद हजरतगंज में शुक्रवार व शनिवार को मजलिसों का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को मौलाना हमीदुल हसन व शनिवार कों मौलाना कल्बे जवाद शाम 7.30 बजे खिताब करेंगे। यह मजलिसें कार्यालय मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद द्वारा आयोजित की जाएंगी। मजलिस के बाद मोमनीन के लिए नज़रे हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) का भी एहतेमाम किया गया हैं। मस्जिद इमामे मेहदी इस्मत कालोनी दुबग्गा में शुक्रवार से तीन मजलिसें होंगी। इन मजलिसों को मौलाना मोहम्मद अली जैदी, मौलाना कसीम हैदर और मौलाना सैयद आबिद शाम 7 बजे खिताब करेंगे। मजलिसों का आयोजन मस्जिद कमेटी ने किया है। इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में भी शुक्रवार से होने वाली पहली व दूसरी मजलिस को मौलाना जावेद हैदर जैदी शाम 7 बजे और अंतिम मजलिस को शाम 4 बजे खिताब करेंगे। इसके अलावा रविवार को मौलाना अख्तर हुसैन सुबह 9 बजे , मौलाना कैसर मिर्जा सुबह 11 बजे , मौलाना राहिब हुसैन दोपहर 1 बजे और मौलाना वसीउल हसन जायसी शाम 7 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। इमामबाड़ा कायमा खातून सज्जाद बाग में 15 से 19 दिसंबर तक पांच मजलिसों का आयोजन किया जाएगा।

### हजरत फातिमा जहरा की शहादत के गम में मजलिसें शुरू

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के गम में मजलिस का सिलसिला शुरू हो गया कल से तीन दिवसीय मजलिस अब्बास नगर मुफ्ती गंज स्थित अजाखना सुगरा में सुबह 10 बजे मजलिस होगी कल शुक्रवार को मजलिस को मौलाना गुलरेज नकवी खिताब करेंगे शनिवार को मौलाना सिबतेन अब्बास रविवार को मौलाना मोहम्मद मियां अब्दी खिताब करेंगे इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मजलिस को मौलाना एजाज अतहर ने खिताब किया। रौजा-ए-बैतुल हुज्न रूस्तम नगर बानिये शबीहे बैतुल हुज्न मीर अकबर अली मरहूम की मजलिस को मौलाना अब्बास नासिर ने खिताब किया। इसी रौजे में शुक्रवार से तीन मजलिसों का आयोजन होगा। पहली मजलिस को मौलाना एजाज अब्बास दूसरी मौलाना यासूब अब्बास रात 9 बजे और तीसरी मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी सुबह 10 बजे खिताब करेंगे।

# पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प: ऐ.के. शर्मा

## मोदी जी की नीतियों से देश प्रदेश में परिवर्तन की बयार के साथ गरीबों, वंचितों के जीवन में आ रहा बदलाव

**अवधनामा ब्यूरो**



- ए0के0 शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को किया लाभान्वित
- केन्द्र व प्रदेश की वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव, जातिवाद के कर रही सबका विकास
- देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शुरूआत गरीबों को सुविधा संपन्न बनाने से होगा: ऐ.के. शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि हमारा देश माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत बन जायेगा। मोदी जी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शुरूआत कर दी है और इसके लिए गरीबों, वंचितों, समाज के सबसे पिछड़े व हासिये पर रहने वाले लोगों को सुविधा सम्पन्न बनाने की शुरूआत की गयी है। इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया जा रहा है। मोदी जी के संकल्पों को साकार करने के लिए ही उनकी प्रेरणा से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत 15 नवम्बर, 2023 से की गयी और यह 26 जनवरी, 2024 तक देश के कोने-कोने में करोड़ों लोगों तक पहुंचेगी तथा देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, संस्कृति एवं शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव के साथ आपसी भाईचारा का संचार करेगी। साथ ही गरीबों, वंचितों एवं पीड़ितों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। मोदी जी की नीतियों से देश व प्रदेश में परिवर्तन की बयार चल रही है। साथ ही गरीबों, वंचितों के जीवन में बदलाव भी आ रहा है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा वृहस्पतिवार को लखनऊ के रामलीला मैदान मड़ियांव, जानकीपुरम प्रथम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी जी अखण्ड भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे और उनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है।

# संसद की सुरक्षा में सेंध केन्द्रीय गृहमंत्रालय की विफलता: तिवारी

- जो सरकार संसद की सुरक्षा नहीं कर सकती वह देश की सुरक्षा कैसे करेगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद की सुरक्षा में सेंध पर केन्द्र की मोदी सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र के पवित्र मंदिर संसद में जिस तरह सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हुई, यह सीधे तौर पर केन्द्रीय गृहमंत्रालय की अभूतपूर्व और शर्मनाक विफलता को दर्शाती है। श्री तिवारी ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का सबसे गंभीर और चिंतनीय मुद्दा बताते हुए मोदी सरकार की तरफ से गृहमंत्री के संसद में वक्तव्य दिये जाने की मांग की। श्री तिवारी ने कहा कि जिस तरह संसद हमले की बरसी पर भाजपा सांसद की संस्तुति से जारी पास लेकर दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोग लोकसभा के अंदर पहुंचे और लोकसभा में स्मोक बम या कलर बम से सनसनी फैलाई वह गंभीर चिंता का विषय है। संसद हमले की बरसी पर एक आतंकी ने हमले की चुनौती दी थी। इसके बाद संसद के अंदर जो डरावना और भयावह दृश्य उत्पन्न हुआ उसने मौजूदा सरकार की सुरक्षा की नीति को तार-तार कर दिया। जो सरकार संसद की सुरक्षा नहीं कर सकती वह देश की सुरक्षा कैसे करेगी। इस घटना से हर देशवासी के मन में सवाल खड़ा हो गया है। श्री तिवारी ने संसद सुरक्षा मामले में भारी चूक पर संसदीय समिति का गठन करने ओर संयुक्त संसदीय समिति संसद की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा करने और जो सुझाव सामने आए सरकार उसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की।

# भव्य सैन्य परेड के लिए लखनऊ तैयार

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** 15 जनवरी को लखनऊ, पहली बार, भव्य आर्मी डे परेड की मेजबानी करेगा। भारतीय सेना की मध्य कमान, जिसे सूर्या कमान के नाम से भी जाना जाता है, 15 जनवरी, 2024 को लखनऊ छावनी स्थित 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में 76वीं सेना दिवस परेड का आयोजन करेगी। आजादी के बाद यह दूसरी बार है जब सेना दिवस दिल्ली के बाहर आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सेना की रेजिमेंटों से हमारे वीर सैनिकों की मार्चिंग टुकड़ियां परेड में भाग लेंगे, जिनमें गढ़वाल राइफल्स, जाट रेजिमेंट, बंगाल इंजीनियर्स, सिख लाइट इन्फैंट्री, आर्मी एयर डिफेंस और पैराट्रूपर्स के साथ अन्य सैनिक भी शामिल हैं। परेड के दौरान भारतीय सेना के वीरता पुरस्कार विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में एक सैन्य प्रदर्शन ÷शौर्य संध्या÷ भी आयोजित किया जाएगा। लखनऊ के लोगों को भारतीय सेना के उपकरणों और युद्ध अभ्यास का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा जो हमारे सैनिकों के कौशल और वीरता को प्रदर्शित करेगा। भारतीय वायु सेना की हवाई एसेट भी इस कार्यक्रम में फ्लाईपास्ट में शामिल होंगी, साथ ही भारतीय सेना की मोटरसाइकिल टीम द्वारा डेयरडेविल प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने की अपेक्षा है। इस भव्य आयोजन के लिए सूर्या कमान में तैयारियां जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए लखनऊ में ÷नो योर आर्मी÷ फेस्टिवल, मिलिट्री बैंड कॉन्सर्ट, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण अभियान और अन्य गतिविधियां भी सूर्या कमान में आयोजित की जा रही हैं।

# जमादिस्सानी का दिखा चांद

**लखनऊ।** इस्लामी महीने जमादिल अव्वल की 29 तारीख गुरुवार को इस्लामी महीने जमादिस्सानी का चांद दिखाई दिया। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष व इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि 14 दिसम्बर को जमादिस्सानी का चांद हो गया। पहली जमादिस्सानी शुक्रवार 15 दिसम्बर को होगी। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि दुख्तरे रसूल हजरत फातिमा की शहादत 3 जमादिस्सानी 17 दिसम्बर को और हजरत फातिमा की विलादत 20 जमादिस्सानी 3 जनवरी 2024 को मनाई जाएगी। वहीं इदारए शरैय्या फिरंगी महली के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली और आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी ने भी जमादिस्सानी के चांद का ऐलान करते हुए कहा कि शुक्रवार को पहली जमादिस्सानी होगी।

# डॉ. अब्दुल जलील फरीदी की जयंती पर हुई गोष्ठी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस के संस्थापक डॉ. अब्दुल जलील फरीदी की जयंती पर पार्टी के कैसरबाग तकिया पीर जलील स्थित कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. फरीदी को असाधारण व्यक्तित्व का स्वामी बताते हुए उनकी चिकित्सीय, सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक सेवाओं का जिक्र किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. फरीदी एक महाने व्यक्ति थे, जो उत्पीड़ित वर्गों की शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार का प्रयास करते रहे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वसी अहमद एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. फरीदी के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली। वक्ताओं ने कहा कि टीबी के प्रसिद्ध चिकित्सक होने के साथ ही वे बेहतरीन राजनीतिज्ञ भी थे, जो विधान परिषद के सदस्य और सोशलिस्ट पार्टी के विपक्षी नेता थे। उन्होंने मुस्लिम, पिछड़े और दलित वर्ग को एक साथ लाने का काम नये सिरे से किया। आज देश को डॉ. फरीदी जैसे निस्वार्थ, गरीब व पीड़ित वर्ग की समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाले नेतृत्व की जरूरत है। गोष्ठी में वक्ताओं ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजों को ईवीएम का चमत्कार बताया। गोष्ठी में मुस्लिम मजलिस महाराष्ट्र के संयोजक मोहम्मद जुनैद, तौफीक अली जाफरी, इरफान खान कादरी, जमील अहमद, नवीद खान, मोहसिन खान एडवोकेट, हाफिज महमूदुल हक, गयास अहमद शेरवानी, कमर सीतापुरी, जमाल अशरफ, मोहम्मद मोहसिन खान, शोएब बिन हबीब सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# देश के निर्माण में संजय गांधी के अभूतपूर्व योगदान को किया याद

- संजय गांधी का जीवन अपने आप में देश के लिए एक युग था: दिनेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारत के प्रति असाधारण दूरदर्शी सोच रखने वाले युवा हृदय सम्राट स्वर्गीय संजय गांधी की जयंती पर गुरुवार को कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने देश के निर्माण में संजय गांधी के अभूतपूर्व योगदान को याद किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि संजय गांधी का जीवन अपने आप में देश के लिए एक युग था। उन्होंने जीवनपर्यंत देश को विश्व में सबसे अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने के लिए दूरदर्शी सोच से काम किया और इसके लिए काम करने की उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति असाधारण थीं। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि स्वर्गीय संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम से देश में नये भारत की नींव पड़ी। चाहे वह परिवार नियोजन को लेकर चलाया अभियान हो। हम दो-हमारे दो परिवार नियोजन के बारे में जो उनकी सोच थी आज उसी का परिणाम है कि देश का हर व्यक्ति छोटा परिवार-सुखी परिवार की परिकल्पना को समझ सका। संजय गांधी का सपना था कि भारत में हर आदमी के पास कार हो। इसके लिए मारूति 800 को देश में लाने का श्रेय उनको ही जाता है।

# शाही ईदगाह के सर्वे का आदेश पूजा स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन

- असंवैधानिक तरीके से संविधान के मौलिक ढांचे में बदलाव का रास्ता तैयार किया जा रहा है: शहनवाज़

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को पूजा स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में तो श्रीकृष्ण सेवा संस्थान ने 1968 में ही मुस्लिम पक्ष के साथ समझौता करके तय कर लिया था कि उक्त जमीन पर मंदिर और मस्जिद दोनों बने रहेंगे। दोनों पक्षों के इस निर्णय से वहाँ अब तक शांति बनी हुई है। अब अगर कोर्ट के सहयोग से इस शांति में विघ्न डाला जाता है तो इससे ज़्यादा दुखद कुछ नहीं हो सकता।

कांग्रेस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 स्पष्ट तौर पर कहता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक जो भी पूजा स्थल जिसके भी कस्टडी में है वो यथावत बरकरार रहेगा, उसके चरित्र में कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकता। इसे चुनौती देने वाली कोई भी याचिका किसी न्यायालय, किसी प्राधिकरण या किसी ट्रीब्यूनल में स्वीकार भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बावजूद इस निर्देश के देश देख रहा है कि निचली अदालतें लगातार उसका उल्लंघन कर रही हैं और सुप्रीम कोर्ट चुप्पी साधे हुए है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में भी कहा है कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 हमारे संविधान के मौलिक ढांचे को मजबूत करता है। गौरतलब है कि खुद सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी संविधान बेंच का फैसला है कि संविधान के मौलिक ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। ऐसे में अगर पहले बनारस के ज्ञानवापी, बदायूं की जामा मस्जिद के बाद अगर मथुरा के शाही ईदगाह के चरित्र को बदलने की कोशिश निचली अदालतों के जरिये की जा रही है और उस पर सुप्रीम कोर्ट चुप है तो यह इस बात का संकेत है कि असंवैधानिक तरीके से संविधान के मौलिक ढांचे में बदलाव का रास्ता तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ को इस तथ्य से काटकर नहीं देखा जा सकता कि भाजपा के दो सांसद संविधान की प्रस्तावना को बदलने की मांग वाले प्राइवेट मेंबर बिल राज्य सभा में ला चुके हैं और उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड भी संविधान के मौलिक ढांचे को बदलने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा चीफ जस्टिस के कार्यकाल में पूजा स्थल अधिनियम 1991 को लगातार कमज़ोर करने की कोशिशें, संविधान की प्रस्तावना में सेकुलर शब्द के होने को कलंक बताने वाले जम्मू कश्मीर के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल का सुप्रीम कोर्ट का जज बन जाना या मुसलमानों और ईसाइयों के खिलाफ़ नफ़रती भाषण देने वाली चेन्नई की भाजपा महिला मोर्चा की नेता विक्टोरिया गौरी का हाईकोर्ट में जज बन जाना, अनुछेद 3 को नज़र अंदाज़ करते हुए राष्ट्रपति को किसी भी राज्य को केंद्र शासित राज्य में बदल देने का अधिकार देने वाले फैसलों का आना मात्र संयोग नहीं है। यह सब न्यायपालिका पर बढ़ते राजनीतिक दबाव के उदाहरण हैं जो देश को तानाशाही की तरफ ले जा रहा है।